नई दिल्ली
गुरुवार, 14 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 121
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 32
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आईसीसी रैंकिंगः रोहित ने बाबर आजम को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने बुधवार को पुरुष खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है। भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा को बैठे-बिठाए फायदा मिला है। वह वनडे बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान चढ़कर दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम बाबर 751 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

### राज्यपाल के हाथों डिग्री लेने से छात्रा का इनकार



**चेन्नई।** तमिलनाडु की मनोनमनियम सुंदरनार यूनिवर्सिटी के 32वें दीक्षांत समारोह में पीएचडी स्कॉलर छात्रा जीन जोसेफ ने राज्यपाल आरएन रवि से अपनी डिग्री लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने स्टेज पर राज्यपाल के बजाए वाइस चांसलर एन. चंद्रशेखर से डिग्री ली। इसका वीडियो भी सामने आया है।

### राहुल की बिना अनुमति याचिका, वापस लेंगे



**नई दिल्ली।** वीर सावरकर पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे आपराधिक मानहानि मामले में उनके वकील ने पुणे कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। जिसमें राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। इस मामले में राहुल के वकील ने कहा है कि उनहोंने अपने मुवक्किल के अनुमति के बिना याचिका दायर की थी,जिसे आज वापस लेंगे।

### आत्मसमर्पण का दिया आदेश, जमानत रद्द



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। सुशील जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या का मुख्य आरोपी है और उसे मई 2021 में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस संजीव नरूला के आदेश पर वह मार्च से जमानत पर बाहर है।

### टैरिफ पर जारी तनाव के बीच अमेरिका में होगी मोदी-ट्रंप की मुलाकात?

# यूएनजीए के सत्र में भाग लेने के लिए अगले सितंबर माह में पीएम करेंगे अमेरिका की यात्रा

- अगले सप्ताह रूस की यात्रा पर रहेंगे विदेश मंत्री डॉ .एस .जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस से कच्चे तेल की खरीद पर आगबबूला अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी पारस्परिक टैरिफ को लेकर जारी तनाव के बीच अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आगामी समय में भारत के शीर्ष राजनीतिक-प्रशासनिक नेतृत्व की कुछ बेहद महत्वपूर्ण विदेश यात्राएं देखने को मिलेंगी। जिसमें सबसे पहले अगले महीने 23 से 27 सितंबर के बीच न्यूयॉर्क में आयोजित की जाने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की एक उच्च-स्तरीय बैठक का जिक्र करना बेहद जरूरी हो जाता है। क्योंकि उसमें भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा कर सकते हैं। जहां भारत-अमेरिका संबंधों में जारी खींचतान के बीच उनकी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक होने की संभावना है। इसके अलावा पीएम 26 सितंबर को महासभा के सत्र को संबोधित कर सकते हैं। यूएनजीए के सत्र की अंतिम दिन की कार्रवाई 29 सितंबर को होगी। वहीं, इस मामले को लेकर अभी तक केंद्र सरकार की तरफ से आधिकारिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अगस्त में तैयार होती अस्थायी सूची



फाइल फोटो

संयुक्त राष्ट्र द्वारा महासभा के सत्र में भाग लेने वाले वक्ताओं की सूची आयोजन से करीब एक महीना पहले अगस्त में तैयार कर ली जाती है। जिसमें शामिल होने वाले देशों के तमाम वक्ताओं जैसे राष्ट्राध्यक्षों और विदेश मंत्रियों का समय तय किया जाता है। लेकिन यहां पर ये भी अचरज करने वाली बात नहीं है कि सूची में एक बार नाम शामिल किए जाने के बाद किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष द्वारा उसे वापस ले लिया जाए।

### जेलेंस्की ने किया पीएम से मुलाकात का ऐलान

अगर प्रधानमंत्री की यह अमेरिका यात्रा हुई तो वहां उनकी कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें हो सकती हैं। जिसमें यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की शामिल हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में यूक्रेन के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के साथ फोन पर हुई बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर की गई अपनी पोस्ट में इसकी घोषणा करते हुए कहा था कि भारत-यूक्रेन के राष्ट्राध्यक्ष अगले महीने यूएनजीए के सत्र के दौरान मुलाकात की योजना बना रहे हैं। जेलेंस्की के इसी कथन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित अमेरिका यात्रा को सबसे पहले बल मिला था। यहां बता दें कि भारत को इस साल क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी भी करनी है। बहुत संभव है कि पीएम की अमेरिका यात्रा के परवान चढ़ने पर उनके द्वारा क्वाड सम्मेलन के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को द्विपक्षीय बैठक के दौरान व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाए।

### व्यापार समझौते पर टिकी सबकी निगाहें

अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसकी शुरुआत 25 फीसदी के साथ हुई थी और उसके बाद रूस से तेल खरीद को लेकर एक तरह से जुर्माने के रूप में इसमें 25 फीसदी की और बढ़ोतरी की गई। शुरुआती 25 फीसदी टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है। जबकि बाकी 25 फीसदी 27 अगस्त से लागू हो जाएगा। अब सबकी नजरें दोनों देशों के बीच होने वाले व्यापार समझौते पर लगी हुई हैं। जिसे लेकर बातचीत के लिए अमेरिका का एक दल इस माह के अंत में भारत की यात्रा कर सकता है। भारत ने अमेरिकी टैरिफ की आलोचना करते हुए उसे पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण करार दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बीते दिनों एक बयान में कहा था कि ऐसे समय में जब अमेरिका खुद रूस के साथ व्यापार कर रहा है। तब भारत पर सवालिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुतिन के दौरे से पहले जयशंकर की रूस यात्रा

*उधर, विदेश मंत्री एस.जयशंकर 20 से 21 अगस्त तक रूस की यात्रा करेंगे। जिसमें वह अपने समकक्ष यानी रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे। जयशंकर से पहले भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी रूस की यात्रा कर चुके हैं। जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, रूस के पहले उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से मुलाकात की थी। भारत की तरफ से यह उच्च-स्तरीय यात्राएं एक ऐसे समय में की जा रही हैं। जब इस वर्ष के अंत में रूस के राष्ट्रपति का भारत दौरा होने वाला है। जिसके लिए तारीखें लगभग तय हो चुकी हैं। यूक्रेन से युद्ध की शुरुआत के बाद पुतिन की ये पहली भारत यात्रा होगी।*

### भारत-पाकिस्तान संग अच्छे रिश्तेः अमेरिका

*अमेरिका के विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हमारे भारत और पाकिस्तान के साथ रिश्ते अच्छे हैं। राजनयिक दोनों देशों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। अमेरिका का दोनों देशों के साथ काम करना क्षेत्र और दुनिया के लिए अच्छी खबर है। जिससे लाभकारी भविष्य को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, यही एक ऐसे राष्ट्रपति का फायदा है, जो सबको जानता है, सबसे बात करता है। ब्रूस ने भारत-पाक संघर्षविराम में अमेरिकी राष्ट्रपति की भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा कि वह उस संभावित तबाही को रोकने में शामिल थे।*

### अमेरिका में हिंदू मंदिर पर हमला

*अमेरिका में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में इंडियाना के ग्रीनवुड शहर में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को उपद्रवियों ने निशाना बनाया। 10 अगस्त को हुई इस घटना की शिकागो स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने संज्ञान लेते हुए कड़ी निंदा की है। साथ ही उपद्रवियों के खिलाफ सतर्क रहने का आह्वान किया है। साथ ही बताया कि मामले पर जल्द कार्रवाई करने के लिए कानून से जुड़ी एजेंसियों के समक्ष मामले को उठाया गया है। 16 अगस्त को जन्माष्टमी से ठीक पहले मंदिर पर हमले की यह घटना हुई है। जिसमें उपद्रवियों ने मंदिर की दीवारों पर भारत और हिंदू विरोधी नारे लिखे हैं।*

### इस वर्ष 1 से 14 सितंबर तक अलास्का में आयोजित किया जाएगा ये अभ्यास

## टैरिफ की चुनौती के बीच सितंबर में युद्धाभ्यास करेंगी भारत-अमेरिका की सेनाएं



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

50 फीसदी टैरिफ की वजह से भारत और अमेरिका संबंधों में जारी तनाव के बीच जल्द ही दोनों देशों की सेनाएं संयुक्त युद्धाभ्यास करती हुई नजर आएंगी। मौका होगा इस वर्ष 1 से 14 सितंबर तक होने वाली जॉइंट एक्सरसाइज 'युद्ध-अभ्यास-2025' का। जिसका आयोजन अमेरिका के अलास्का में किया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने बुधवार को बताया कि भारत की तरफ से इस सैन्य अभ्यास में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 2024 में राजस्थान में हुआ था ये अभ्यास

*मौजूदा साल में युद्ध-अभ्यास का 21 वां संस्करण होगा। जबकि इसका पिछला यानी 20 वां संस्करण भारत के राजस्थान में महाजन फील्ड फायरिंग में विदेशी प्रशिक्षण नोड में आयोजित किया गया था। वर्ष 2004 से युद्ध-अभ्यास को क्रमवार ढंग से भारत और अमेरिका में आयोजित किया जाता है। युद्ध-अभ्यास के केंद्र में संयुक्त राष्ट्र का चार्टर, आतंकवादी रोधी अभियान और विषम भौगोलिक परिस्थितियों में सेनाओं के बीच अंतर संचालनीयता को बढ़ावा देने जैसे विषय शामिल किए जा सकते हैं।*

### सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के भारत के निर्णय से बौखलाया पाकिस्तान

## मुनीर, भुट्टो के बाद पाक प्रधानमंत्री ने दी भारत को परमाणु युद्ध की धमकी

- बोले, एक बूंद पानी भी छीनने नहीं देंगे, अगर भारत ने ऐसा कुछ किया तो उसे ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो अपने कान पकड़ लेगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई भारत की कूटनीतिक स्ट्राइक से उड़े पाकिस्तान के होश अभी भी पूरी तरह से ठिकाने पर नहीं आए हैं। इसलिए उसकी तरफ से किए जाने वाले भारत विरोधी भड़काऊ बयानों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले पाक के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पाक दूतावास में रोकी पानी की सप्लाई

*वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच बीते दिनों ये जानकारी सामने आई थी कि पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में मौजूद भारतीय दूतावास के कर्मियों तक पानी, गैस और समाचार पत्रों की सप्लाई रोक दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने भी मामले में जवाबी कार्रवाई की है। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच वर्ष 1960 में सिंधु* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जज वर्मा के पास इस्तीफा देना ही एकमात्र विकल्प

## संसद ने हटाया तो नहीं मिलेंगे पेंशन भत्ते समेत 'अन्य लाभ'

### वे मौखिक रूप से भी दे सकते हैं इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक समिति गठित की है। ऐसे में संसद की ओर से हटाए जाने से पहले उनके पास एकमात्र विकल्प इस्तीफा देना ही बचा है। इस समिति में सुप्रीम कोर्ट के जज अरविंद



कुमार, मद्रास हाईकोर्ट चीफ जस्टिस मनींद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील बीवी आचार्य शामिल हैं। बिरला ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि यह समिति जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। तब तक वर्मा को हटाने का प्रस्ताव लंबित रहेगा। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को 146 लोकसभा सदस्यों ने जज वर्मा को हटाने की मांग की थी, जिसमें भाजपा के रवि शंकर प्रसाद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे। वर्मा अगर संसद के सामने अपना पक्ष रखने जाते हैं, तो वह मौखिक रूप से इस्तीफा दे सकते हैं, ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आज होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## अब तीन जजों की बेंच सुनेगी आवारा कुत्तों से जुड़ा मामला

### सीजेआई ने कहा था इस मुद्दे पर विचार करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यों की नई बेंच का गठन किया है। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की यह बेंच गुरुवार को सुनवाई करेगी। इसे पहले बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वह आवारा कुत्तों से संबंधित मुद्दे पर विचार करेंगे क्योंकि एक वकील ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट की



विभिन्न पीठों द्वारा जारी किए गए निर्देश परस्पर विरोधी हैं। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मामले को सुनने के लिए बड़ी पीठ का गठन किया है। मामले की सुनवाई अब 14 अगस्त को जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ द्वारा की जाएगी।

आवारा कुत्तों से जुड़े एक मामले को बुधवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए पेश किया गया। याचिका कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) नाम के एक संगठन की ओर से 2024 में दायर की गई थी। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियमों के अनुसार ▶▶ शेष पेज 5 पर

## बिहार में उतरेंगे राहुल,वोट अधिकार यात्रा 17 से, 1 सितंबर को पटना में महारैली के साथ विपक्षी एका का होगा प्रदर्शन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार वोट पुनरीक्षण में तमाम तरह की कथित खामियों के बहाने राहुल गांधी को बिहार में कांग्रेस पार्टी के 'पुनरीक्षण' करने का मौका मिल गया। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 'संजीवनी' देने राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' डिजाइन की गई है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आगामी 17 अगस्त से बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा' की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा रोहतास जिले के सासाराम से प्रारंभ होकर लगभग दो सप्ताह तक चलेगी और 23 जिलों में पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य बिहार के मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में जनसंपर्क स्थापित करना है। यात्रा हाईब्रिड मोड पर होगी। कुछ जिलों में यात्रा पैदल होगी तो कुछ डिस्टेंस को वाहनों के द्वारा तय किया जाएगा। यात्रा में राजद नेता तेजस्वी यादव और वामदल समेत इंडिया गठबंधन के तमाम दलों के नेता भी राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस यात्रा को विपक्षी सियासत के लिए आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महागठबंधन की साझा रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यात्रा के माध्यम से भाजपा और केंद्र सरकार की चुनावी नीतियों व निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए जाएंगे। मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया पर सियासी मुलम्मा चढा दिया गया है। राहुल गांधी की यह यात्रा 'भारत जोड़ो यात्रा' की तर्ज पर होगी, जिसमें वह कंटेनर में रुकते हुए ज़िलों और गांवों का भ्रमण करेंगे। यात्रा के दौरान जगह-जगह जनसभाएं, पदयात्राएं और नुक्कड़ संवाद आयोजित किए जाएंगे। एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि "यह यात्रा लोकतंत्र की रक्षा और मतदाता अधिकारों की बहाली के लिए है। केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य चुनाव आयोग की ओर से चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के जरिए लाखों वोटरों के नाम सूची से हटाने की साजिश की जा रही है।" यात्रा का समापन 1 सितंबर को पटना के ▶▶ शेष पेज 5 पर



# तिहाड़ जेल में जबरन वसूली के आरोप में जेल के नौ अधिकारी निलंबित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय को बुधवार को बताया गया कि तिहाड़ जेल के नौ अधिकारियों को जेल के अंदर कैदियों के साथ मिलकर जबरन वसूली गिरोह चलाने के आरोप में निलंबित और स्थानांतरित कर दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली सरकार और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को मामले में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया तथा मामले की अगली सुनवाई 28 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। दिल्ली सरकार ने आरोप सामने आने के बाद कहा कि उसने संबंधित नियमों के तहत जेल के नौ अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है और इन अधिकारियों को निलंबित और स्थानांतरित कर दिया गया है। पीठ ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय देते हुए सरकार से तिहाड़, मंडोली और रोहिणी सहित दिल्ली की सभी जेलों में उसके परामर्श को प्रसारित करने को कहा। अदालत एक पूर्व कैदी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें तिहाड़ के अंदर कैदियों से जबरन वसूली और सुरक्षा संबंधी मुद्दों को उठाया गया था। पीठ ने पहले सीबीआई को आरोपों की प्रारंभिक जांच करने का आदेश दिया था।

जांच रिपोर्ट में कैदियों और जेल अधिकारियों की अवैध और भ्रष्ट गतिविधियों में संलिप्तता का संकेत दिया गया था। अदालत के समक्ष दायर याचिका में न केवल जेल अधिकारियों की ओर से बल्कि कैदियों की ओर से भी अनियमितताओं, अवैधताओं, कदाचार और दुर्व्यवहार को उजागर किया गया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि जेल परिसर में कुछ सुविधाएं प्राप्त करने के लिए जेल के अंदर और बाहर कुछ लोगों ने जेल अधिकारियों के साथ मिलकर रुपये ऐंठने का काम शुरू किया हुआ है। अदालत ने सीबीआई के वकील से कहा कि वे अधिकारियों को सूचित करें कि न केवल जेल अधिकारियों के आचरण की बल्कि इस गिरोह में शामिल सभी लोगों की भी जांच करें, जिनमें कुछ कैदियों के रिश्तेदार और स्वयं याचिकाकर्ता भी शामिल हैं।

## हेरोइन तस्करी में सरगना और सहयोगी दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एएनटीएफ टीम ने हेरोइन तस्करी में लिप्त एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये सरगना व सहयोगी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 809 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 80 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा आरोपियों के पास से 3,300 रुपये और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किये गये हैं। गिरफ्त में आये आरोपियों के नाम नई सीमापुरी निवासी काशिम (36) और बिंदू देवी (48) है। बिंदू पर एनडीपीएस के तहत दो मामले पहले से दर्ज हैं और जुलाई 2024 से वह तड़ीपार थी। पुलिस के अनुसार सीमापुरी से काशिम को गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से 789 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि वह बिंदू देवी के लिए काम करता था। बिंदू अपने एक नजदीकी रिश्तेदार आरिफ उर्फ समीर के जरिए मादक पदार्थ तस्करी का नेटवर्क संचालित करती थी। आरिफ अब भी फरार है। पुलिस ने गुरुग्राम के सैनी खेड़ा गांव से किराये पर रह रही बिंदू देवी को गिरफ्तार किया। पुलिस हिरासत के दौरान बिंदू जांचकर्ताओं को सीमापुरी ले गई जहां से 20 ग्राम हेरोइन और बरामद हुई।


**KOTIA ENTERPRISES LIMITED**

CIN: L74110DL1980PLC010678

**Regd. Off:** 905, New Delhi House, 27, Barakhamba Road, New Delhi-110001,

**Tel:** - 91-11 -40045955 **E mail:** compliance@kotiaenterprises.com, **Website:** www.kotiaenterprises.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON JUNE 30, 2025**

(Rupees in Lacs)

| Sr. No. | Particulars | QUARTER ENDED 30.06.2025 Unaudited | QUARTER ENDED 31.03.2025 Audited | QUARTER ENDED 30.06.2024 Unaudited | YEAR ENDED 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations (net) | 7.83 | 10.42 | 22.18 | 88.72 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | (5.45) | (5.26) | (5.09) | (5.08) |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (5.45) | (5.26) | (5.09) | (5.08) |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (5.45) | (5.16) | (5.09) | (4.93) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 16.08 | 2912.93 | (5.09) | 2913.15 |
| 6 | Equity Share Capital | 702.05 | 702.05 | 702.05 | 702.05 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | 3165.57 |
| 8 | Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ` 10/- each) | | | | |
| | Basic : | (0.08) | (0.07) | (0.07) | (0.07) |
| | Diluted : | (0.08) | (0.07) | (0.07) | (0.07) |

Notes:
1. These results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standard (Referred to as "Ind AS") 34- Interim Financial Reporting prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules 2015 as amended from time to time.
2. The above unaudited financial results for the quarter ended on June 30, 2025 have been reviewed by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 13th August, 2025.
3. The Statutory Auditors have carried out limited review of the above results for the quarter ended 30th June 2025, However the management has exercised necessary due diligence to ensure that the financial results provided true and fair view of its affairs.
4. Figures for the previous period have been regrouped wherever considered necessary so as to confirm the classification of the current period. Disclosure in compliance with Regulation 52(4) of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 for the Quarter year.
5. The full format of the Financial Results for the quarter ended are available on the stock exchange website( www.bseindia.com and www.msei.in ) and on the Company's website www.kotiaenterprises.com

for Kotia Enterprises Limited
Sd/-
Ankit Bhatnagar
(Company Secretary)

Date: August 13,2025
Place: New Delhi


## तिरंगा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों का साक्षी है, इसकी शान कभी नहीं झुकेगी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री ने भारत मंडपम में आयोजित 'हर घर तिरंगा' संगीत समारोह में की शिरकत

तिरंगा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों का साक्षी है, इसकी शान कभी झुकेगी नहीं और भारत की संस्कृति, विरासत तथा विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुए हर भारतवासी के हृदय में केसरी का साहस, सफेद की शांति और हरे का समृद्ध भविष्य सदैव लहराता रहेगा। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को भारत मंडपम में आयोजित 'हर घर तिरंगा'संगीत समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 15 अगस्त 1947 के ऐतिहासिक क्षण को स्मरण करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों का साक्षी और भविष्य के भारत का वादा था। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों की अमर पंक्ति 'सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है' का उल्लेख कर उपस्थित जनों को प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि 'हर घर तिरंगा' अभियान और भारत मंडपम के इस तिरंगा कॉन्सर्ट में वही जज़्बा नए युग में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर उन्होंने लोकप्रिय गायक शान का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी देशभक्ति से ओत-प्रोत धुनें यहां मौजूद हर दिल को एक साथ धड़कने पर विवश कर देंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने देश के प्रति सम्मान, प्रेम और समर्पण की भावना प्रकट करते हुए कहा कि सैकड़ों की संख्या में राजधानी के नागरिक इस उत्सव में देशभक्ति की भावना के साथ सम्मिलित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि स्वतंत्रता के प्रति अपने भाव को कुछ शब्दों में व्यक्त करना हो तो यही कहना चाहूंगी कि तन समर्पित, मन समर्पित और यह जीवन समर्पित। मुख्यमंत्री ने देश के लिए और अधिक योगदान देने की अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि जीवन में हमें और अवसर प्राप्त हों ताकि हम राष्ट्र की सेवा कर सकें।

## दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस ने जगह-जगह लटकाए वोट चोर आयोग के बैनर

नई दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस की दिल्ली इकाई युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दिल्ली चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर कई जगह बैनर लटकाए जिन पर ,वोट चोर आयोग लिखा है। इस बारे में दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर और गोल डाक खाने के चौराहे पर बैनर लटकाए है। लाकड़ा ने कहा कि भाजपा नाम बदलने में हमेशा आगे रहती है, इसीलिए आज युवा कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र की हत्या होती देखकर चुनाव आयोग का नाम बदलकर वोट चोर आयोग करते हुए के बैनर लगाए है। उन्होंने कहा कि वोट का अधिकार लोकतंत्र में जनता की आवाज होती है। लेकिन भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर लोकतंत्र और लोकतंत्र की आवाज को दबाना चाहते है।

## दिल्ली कांग्रेस ने की द्वारका एक्सप्रेस हेतु अधिकृत जमीन वाले लोगों को टोल फ्री यात्रा की मांग

**नई दिल्ली।** जल्द शुरू होने जा रहे द्वारका एक्सप्रेस वे को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मांग की है दिल्ली के जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण हुई है उनको टोल फ्री यात्रा की सुविधा दी जानी चाहिए। यादव ने कहा दिल्ली एनसीआर के लोगों को आजादी का तोहफा देने के लिए 16 अगस्त को द्वारका एक्सप्रेसवे का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। परंतु दुर्भाग्य की बात है कि द्वारका एक्सप्रेसवे को बनाने के लिए दिल्ली के जिन गांवों की जमीन कौड़ियों के दामों में अधिगृहण की गई थी।


**एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 908, 9वां तल, मर्केंटाइल हाउस, 15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली-110001, भारत CIN-L65100DL1993PLC053936
Website: www.fmecinternational.com Email:fmecinternational@gmail.com, finance@fmecinternational.com Contact: 011-49954225

30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2025 अअंकेक्षित | समाप्त तिमाही 30.06.2024 अअंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से आय | 197.41 | 145.47 | 663.58 |
| कर से पूर्व लाभ | 43.88 | 44.81 | 216.72 |
| कर के बाद लाभ | 32.83 | 33.53 | 161.85 |
| कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ तथा कर के बाद अन्य व्यापक आय) | 32.83 | 33.53 | 161.85 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 889.18 | 889.18 | 889.18 |
| पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार अन्य इक्विटी | - | - | 499.86 |
| अर्जन प्रति शेयर (वार्षिकृत नहीं) (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/- प्रत्येक के) | | | |
| बेसिक | 0.3693 | 0.3771 | 1.8203 |
| डायल्यूटिड | 0.3693 | 0.3771 | 1.8203 |

**टिप्पणी** : उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 13 अगस्त 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015, संशोधित अनुसार के नियमन 33 के अनुसरण में वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन है। कम्पनी के वित्तीय परिणाम समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी सरकुलर्स, दिशा-निर्देशों और निर्देशों के साथ-साथ भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त अकाउंटिंग प्रैक्टिसेज तथा समय-समय पर संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एफ मेक इंटरनेशनल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
अपूर्व बंसल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 08052540

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 13 अगस्त, 2025
निवासी : ए-708, यूनेस्को अपार्टमेंट 55, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, ईस्ट, दिल्ली-110092


## प्रतिबंधित चीनी मांझे के 112 रोल जब्त, तीन लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले अलग-अलग जगहों पर छापेमारी के दौरान प्रतिबंधित चीनी मांझे के 112 रोल बरामद किए है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की छापेमारी जारी है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के नाम हरियाणा के रोहतक निवासी योगेश, दिल्ली निवासी हर्ष और राजीव हैं। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उत्तम नगर स्थित योगेश की दुकान जगदंबा स्टेशनरी से मांझे के 27 रोल बरामद किए। त्रिलोकपुरी के ब्लॉक 18 पार्क से हर्ष को गिरफ्तार किया। हर्ष के पास से कथित तौर पर एक बैग मिला, जिसमें चीनी मांझे के 25 रोल थे। हर्ष ने पुलिस को बताया कि उसने ये मांझे के रोल रमन नाम के एक स्थानीय युवक से खरीदे थे। तीसरे मामले में उत्तम नगर से राजीव को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से मांझे के 60 रोल बरामद हुये। पुलिस के मुताबिक भारतीय न्याय संहिता की धारा 223(बी) (लोक सेवक द्वारा विधिवत प्रख्यापित आदेश की अवज्ञा) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के संबंधित प्रावधानों के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार चीनी मांझों की तस्करी के तार का पता लगाने के लिए जांच जारी है। चीनी मांझा दिल्ली सरकार द्वारा 2017 और 2020 में जारी अधिसूचनाओं के तहत प्रतिबंधित है।

## पैसों के लेनदेन को लेकर शख्स पर चलाई गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- गीता कॉलोनी इलाके की घटना

गीता कॉलोनी इलाके में पैसों के लेनदेन को लेकर हुए झगड़े के बाद तीन लोगों ने 25 वर्षीय एक युवक पर गोलियां चला दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। वारदात के बाद आरोपी फरार है। पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। वारदात मंगलवार रात करीब 10:30 बजे ताज एन्क्लेव के पास सामने आई।
डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने बताया कि जगतपुरी निवासी शिकायतकर्ता शिवम शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसने कुंदन नगर में रहने वाले एक दंपति को पैसे उधार दिए थे। बार बार मांगने के बावजूद, शीतल और उसके पति सोनू ने पैसे वापस नहीं किए। मंगलवार तड़के जगतपुरी लाल बत्ती के पास शर्मा की दंपति के साथ तीखी बहस हुई और बाद में जब वह अपने दोस्त जतिन नागपाल के साथ इस मामले पर बातचीत करने के लिए ताज एन्क्लेव गए, तो तीन लोगों शादाब, हर्षु और रमन ने उन्हें रोका और उनके बीच हाथापाई शुरू हो गई। झगड़े के दौरान शादाब ने कथित तौर पर एक बन्दूक निकाली और शर्मा पर दो गोलियां चलाई। गोली चलने के दौरान शिकायतकर्ता किसी तरह सुरक्षित बच निकला। पुलिस के अनुसार, गीता कॉलोनी थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट से संबंधित बीएनएस धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि शर्मा के खिलाफ भी भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत पहले एक मामला दर्ज पाया गया है।


**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**

पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर-ए, जसोला, नई दिल्ली-110025
www.hindustantin.biz

Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

**पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए**

SCRIP CODE : 530315 | **CIN:** L27109DL1958PLC003006

(रु. लाखों में)

30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

| विवरण | समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अअंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय | 11,937.32 | 10,095.42 | 10,688.84 | 40,628.79 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 403.13 | 465.28 | 228.25 | 1,617.43 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 403.13 | 465.28 | 228.25 | 1,617.43 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 275.61 | 343.87 | 164.17 | 1,227.66 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 262.66 | 317.68 | 150.03 | 1,164.22 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 | 1,039.97 |
| पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स | | | | 20,489.47 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. में) | | | | |
| बेसिक | 2.53 | 3.05 | 1.44 | 11.19 |
| डायल्युटेड | 2.53 | 3.05 | 1.44 | 11.19 |

**टिप्पणी :**
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 13 अगस्त 2025 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं। इसको नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
3. कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित, उनके तहत जारी किए गए सम्बन्धित नियमों और भारत में सामान्यतः अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों, 2015 के अनुरूप तैयार किए गए हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00080533

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13 अगस्त 2025

सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन !


## लूटपाट के आरोप में महिला समेत तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी फ्लाईओवर के पास एक व्यक्ति से नकदी और दस्तावेज लूटने के आरोप में एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह वारदात सुबह करीब चार बजे तब हुई जब गोकुलपुरी थाने की एक गश्ती टीम ने फ्लाईओवर के पास हंगामा देखा। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उन्होंने हरियाणा के कैथल निवासी सरबजीत (36) नामक व्यक्ति को एक अन्य व्यक्ति को पकड़े हुए पाया। सरबजीत ने पुलिस को बताया कि हर्ष विहार से लौटते समय दो लोगों ने उसे रोक लिया। कुछ ही देर बाद एक महिला उनके साथ आ गई और तीनों ने उसका पर्स और महत्वपूर्ण दस्तावेज छीन लिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वे भागने की कोशिश कर रहे थे, तो उसने शोर मचाया और उनमें से एक को पकड़ने में कामयाब रहा। पकड़े गये शख्स का नाम गोकुलपुरी निवासी राहुल उर्फ पग्गल (22) पता चला। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पूछताछ के दौरान राहुल ने अपना अपराध कबूलते हुये अपने साथियों के नाम भी बताए। इसके बाद की गई छापेमारी में उसके सहयोगी समीर (24) और 24 वर्षीय महिला को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## सोशल मीडिया के जरिये लोगों से ठगी का आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने ग्रेटर नोएडा से बी.टेक डिग्री धारक युवक को सोशल मीडिया के जरिये 6.03 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी शख्स का नाम कृष्ण कुमार (29) है। इसे ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने शेयरों की खरीद-फरोख्त में भारी मुनाफे का वादा कर लोगों को जाल में फंसाकर ठगा था। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार कृष्ण कुमार ने लोगों को 'प्लस500 ग्लोबल सीएस' नाम के एक सोशल मीडिया चैनल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मोटे मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट, फर्जी ट्रेडिंग डैशबोर्ड और स्क्रिप्टेड चैट का इस्तेमाल कर लाभ कमाने का भ्रम पैदा किया जाता था। एक मामले में पीड़ित को सिंडिकेट से जुड़े खातों में कई किश्तों में 6.03 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर आश्वस्त किया गया। लेकिन जब पीड़ित ने पैसे निकालने की कोशिश की तो उसे 'ग्रुप' से 'ब्लॉक' कर दिया गया। जांच के दौरान पता चला कि धोखेबाजों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी नंबरों और वर्चुअल फोन लाइन का इस्तेमाल किया था। पकड़े जाने से बचने के लिए रकम को कई बैंक खातों के माध्यम से क्रमबद्ध तरीकों से भेजा गया था। पुलिस को मामले में बड़ी सफलता उस समय मिली, जब पुलिस ने 'प्रियंका प्लेसमेंट एंड लोन सर्विसेज' के खाते में 57 लाख रुपये का पता लगाया, जो कुमार द्वारा नियंत्रित एक मुखौटा संस्था पाई गई। आरोपी दो साइबर कैफे भी चलाता था। पुलिस ने बताया कि सिंडिकेट के अन्य सदस्यों की पहचान करने के लिए कुमार को हिरासत में लिया गया है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **उमेश प्रसाद, पुत्रः** श्री राम चरित यादव, **C/o** श्री राम चन्दर, **पताः** मकान न. 443, जाट चौक, नांगलोई, दिल्ली, **और भीः** मै0 बालाजी रबर, प्लाट न. 820, भूतों वाली गली, गली न. 7, नांगलोई, दिल्ली, ने **CT Cases : 13687/2018, U/s 138 NI ACT, थानाः** नांगलोई, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **उमेश प्रसाद,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **उमेश प्रसाद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Cases : 13687/2018, U/s 138 NI ACT, थानाः** नांगलोई, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **उमेश प्रसाद,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूनम सिंह, एल.डी.
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एन आई एक्ट)–04
जिला पश्चिम, कमरा न. 4 (एनेक्स–1)
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10459/OD/2025
(Court Matter)



**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में असंध निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 7 अदद रोड के सुधार का कार्य (1) हथलाना ऐप रोड (रोड आईडी 7269) लम्बाई 1.170 कि.मी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी डीएम जमा 20 मिमी पीसी और नई 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सहित मजबूतीकरण (2) करनाल कैथल रोड से औंगद-अलीपुर-कथलारी (रोड आईडी 7270) लम्बाई कि.मी. 7.860 पर बर्म्स पर 80 मिमी आईपीबी और आरडी 1500 से 2500 पर सीसीबी पुनः बिछाने सहित मजबूतीकरण (3) शाहपुर ऐप रोड (रोड आईडी 7281) लम्बाई 1.100 कि.मी. पर आरडी 0 से 1000 तक 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक जमा डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण (4) करनाल कैथल रोड से बाजिदा रोडां (रोड आईडी 7282) लम्बाई 2.600 कि.मी. हेतु डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (5) अप्रोच रोड से सिरसी (रोड आईडी 8630) लम्बाई 0.500 कि.मी. पर आरडी 0 से 350 तक डब्ल्यूबीएम जमा 80 मिमी इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक सहित मजबूतीकरण (6) जुंडला से औंगद (रोड आईडी 8874) लम्बाई 5.940 कि.मी. पर आरडी 0 से 5600 तक 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण (7) औंगध से कैथल (रोड आईडी 11115) लम्बाई 1.650 कि.मी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण। | 12.08.2025 25.08.2025 | 532.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में (रोड आईडी 10943) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) किमी. 0.00 से 3.50 में मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा राजली से खानपुर रोड तक रोड की विशेष मरम्मत। | 12.08.2025 21.08.2025 | 127.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 3 | जिला परिषद अम्बाला | गांव मुल्लाना ब्लॉक बराड़ा - गांव मुल्लाना ब्लॉक बराड़ा (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, जैडपी + 1 कार्य। | 12.08.2025 19.08.2025 | 91.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1711975281 ZPEXENAMBALA@GMAIL.COM |
| 4 | पंचायती राज, कुरूक्षेत्र | हथीरा, निशान सिंह के मवेशी प्लॉट से शमशान घाट के निकट तालाब तक नाला का निर्माण। | 12.08.2025 19.08.2025 | 7.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 5 | सचिवालय, सूचना प्रौद्योगिकी इलैक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन विभाग, हरियाणा (सीआरआईडी) | हरियाणा में एप्लीकेशंस के लिए 5 वर्षीय ऑनसाइट ओईएम वारंटी और सपोर्ट सहित एप्लीकेशन परफॉर्मेन्स मैनेजमेंट टूल की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आरएफपी। | 05.08.2025 04.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 addl-cito.crid@hry.gov.in |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार नूह में लॉंड्री सेवाओं के लिए निविदा। | 14.08.2025 02.09.2025 | 66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह में 12 अदद लिफ्टों (मेक ओरबिस) हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के प्रावधान के लिए निविदा। | 14.08.2025 21.08.2025 | 24.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज, गन्नौर | गांव पट्टी ब्राह्मणा में शैड (शमशान घाट में बरामदा) का निर्माण, स्कीम का नाम डी-प्लान 2025-26 ब्लॉक गन्नौर डिवीजन का नाम सोनीपत। | बंद होने की तिथि 19.08.2025 | 5.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 9 | जिला सूचना प्रौद्योगिकी समिति (डीआईटीएस), गुरूग्राम | प्रिंटर्स की मरम्मत हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 13.08.2025 25.08.2025 | 25000 | gurugram.gov.in | 9999117303 ditsgrg1@gmail.com |
| 10 | जिला सूचना प्रौद्योगिकी समिति (डीआईटीएस), गुरूग्राम | कारट्रिज रिफिलिंग हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 13.08.2025 25.08.2025 | 25000 | gurugram.gov.in | 9999117303 ditsgrg1@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/37648/I/88/7 दि. 13.08.25

• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक
पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111



## सरकार के पास फंड की नहीं है कोई कमी

# विकास कार्य समय पर पूरे होने चाहिए अधिकारी लगातार करें मॉनिटरिंग : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पूरी दिल्ली में चल रहे विकास कार्य समय पर पूरे होने चाहिए, इसके लिए सभी अधिकारी विकास कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करें। सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है और साथ ही केंद्र सरकार भी हरसंभव मदद कर रही है। यह निर्देश मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में दिल्ली सचिवालय में आयोजित सभी विभागों के प्रमुखों के बैठक में दिए। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने विकास प्रमुखों को ई-ऑफिस प्रणाली को और प्रभावी बनाने और इसका प्रयोग शत प्रतिशत करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना था कि विकास का कोई भी कार्य किसी भी सूरत में बाधित नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में सभी विभागों के प्रमुखों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में दिल्ली में चल रही विकास परियोजनाओं, जनसेवा से कार्यों और प्रशासनिक सुधारों की प्रगति की समीक्षा की गई। हाल ही में आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश जारी किए कि बजट में घोषित सभी पूंजीगत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कोई देरी न हो, साथ ही उनकी नियमित समीक्षा भी होती रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना में किसी प्रकार का अवरोध या बाधा पैदा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए आला अधिकारी समय-समय पर इन योजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग करें और कोई समस्या होने पर उसके निराकरण के लिए प्रभावी कदम उठाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार दिल्ली सरकार ने रिकॉर्ड एक लाख करोड़ का बजट पारित किया है, इसलिए किसी भी प्रोजेक्ट के लिए धनराशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों, इसके लिए वह भी लगातार समीक्षा करती रहेंगी।

### सभी कार्यालयों का डिजिटलीकरण काम जल्द से जल्द किया जाए पूरा

मुख्यमंत्री ने डिजिटल गवर्नेंस के सफलता पर संतोष व्यक्त किया और इसे बढ़ावा देने व ई-ऑफिस प्रणाली के पूर्ण कार्यान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अब तक 199 में से 119 विभाग इस व्यवस्था से जुड़ चुके हैं लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया शेष विभाग भी तुरंत ई-ऑफिस प्रणाली में शामिल हों और कार्यालयों के डिजिटलीकरण को शत प्रतिशत करने का कार्य करें।

### 'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान में सभी विभागों की हो सक्रिय भागीदारी

बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वच्छ दिल्ली के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए "दिल्ली को कूड़े से आज़ादी" अभियान में अगस्त माह के दौरान सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया। साथ ही, पीजीएमएस पोर्टल के माध्यम से मिलने वाली जनता की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान को अनिवार्य बनाने के निर्देश दिए।

## महापौर के इलाके में कूड़े का लगा अंबार : अंकुश नारंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह सिविल लाइन जोन से आते हैं। जब महापौर अपना घर साफ नहीं कर पा रहे हैं तो पूरी दिल्ली कैसे साफ करेंगे? जगह-जगह जल भराव और कूड़ा जमा होने की



वजह से डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को सिविल लाइन जोन का दौरा कर भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान की पोल खोलते हुए यह आरोप लगाए। तिमारपुर विधानसभा के वार्ड 11 में कूड़े के ढेर का दौरा करने पहुंचे अंकुश नारंग कहा कि पिछले चार महीने से भाजपा एमसीडी की सत्ता में है और तब से दिल्ली में कूड़े से गंदगी बढ़ती जा रही है। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि भाजपा को फोटो शूट से बाहर निकल कर गवर्नेंस पर काम करना हो ताकि वह दिल्लीवालो की अपेक्षाओं पर खरा उतर सके। अंकुश नारंग ने कहा कि सिविल लाइन जोन से महापौर राजा इकबाल खुद भी आते हैं और इसी वार्ड के अंदर महापौर का निवास भी है और यह तिमारपुर विधानसभा है। इसी तिमारपुर विधानसभा से राजा इकबाल सिंह खुद पार्षद है। इसके बावजूद तिमारपुर विधानसभा के हालात यह है।

## 15 अगस्त पर सुबह चार बजे से शुरू होगी मेट्रो सेवाएं, पास वाले यात्री कर सकेंगे फ्री यात्रा

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर दिल्ली मेट्रो रेल सुबह चार बजे से अपनी सेवाएं शुरू करेगी। वहीं रक्षा मंत्रालय द्वारा जार किए गए कार्ड धारकों के लिए विशेष क्यूआर कोड टिकट की व्यवस्था है जिसका खर्च मंत्रालय की ओर से वहन किया जाएगा। यानी ऐसे यात्रियों को टिकट खरीदने की जरूरत नहीं होगी, मतलब वो फ्री यात्रा कर सकेंगे। इस बारे में डीएमआरसी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष अतिथियों, आम जनता और समारोह में शामिल होने वाले सभी लोगों की सुविधा के लिए मेट्रो सेवा सुबह 4 बजे से शुरू होगी। सभी लाइनें अपने टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 4 बजे से चलना शुरू करेंगी और सुबह 6 बजे तक हर 30 मिनट में ट्रेन सेवा मिलेगी। जबकि छह बजे के बाद सभी लाइनों पर मेट्रो सेवाएं अपने पूराने नियमित समय सारणी के अनुसार चलेगी। डीएमआरसी ने बताया कि जो लोग रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बोनाफाइड इनविटेशन कार्ड रखते हैं, उन्हें खास क्यूआर कोड टिकट के जरिये समारोह स्थल आने-जाने में मदद मिलेगी। लाल किला, जामा मस्जिद और दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन समारोह स्थल के सबसे नजदीक हैं। ऐसे यात्रियों का यात्रा खर्च रक्षा मंत्रालय की ओर से दिल्ली मेट्रो रेल निगम को चुकाया जाएगा।

Muthoot Finance
भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी^
2.5 लाख+ ग्राहकों की रोज़ाना सेवा* | 7,300+ शाखाएं*




तुरंत गोल्ड लोन | ग्राहकों को रेफर करें और जीतें शानदार इनाम^^
7-स्तरीय सुरक्षा
आकर्षक ब्याज दर
INDIA'S #1 MOST TRUSTED FINANCIAL SERVICES BRAND 2025#
ऑनलाइन भुगतान की सुविधा
सुविधा अनुसार भुगतान विकल्प
1800 313 1212
muthootfinance.com
Muthoot Family - 800 years of Business Legacy

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

# स्वतंत्रता दिवस समारोह – 2025
# यातायात निर्देशिका

## 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस समारोह (सुबह 4.00 बजे से 10.00 बजे तक)

स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त, 2025 को लाल किले पर मनाया जाएगा। भारत के माननीय प्रधानमंत्री लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर जनता की सुविधा और सुरक्षा कारणों से 15 अगस्त, 2025 को लाल किले के आसपास कुछ यातायात प्रतिबंध लगाए जाएंगे।




### लाल किले के आसपास यातायात प्रतिबंध

निम्नलिखित सड़कें 15.08.2025 को सुबह 4.00 बजे से सुबह 10.00 बजे तक सामान्य यातायात के लिए बंद रहेंगी और केवल लेबल वाले वाहनों को ही जाने की अनुमति होगी:

1. दिल्ली गेट से छत्ता रेल तक नेताजी सुभाष मार्ग।
2. जीपीओ दिल्ली से छत्ता रेल तक लोथियन रोड।
3. एचसी सेन मार्ग से यमुना बाजार चौक तक एस.पी. मुखर्जी मार्ग।
4. फाउंटेन चौक से लाल किले तक चांदनी चौक रोड।
5. रिंग रोड से नेताजी सुभाष मार्ग तक निषाद राज मार्ग।
6. एस्प्लेनेड रोड और उसके लिंक रोड से नेताजी सुभाष मार्ग तक।
7. राजघाट से आईएसबीटी तक रिंग रोड।

### 15.08.2025 को सुबह 4.00 बजे से सुबह 10.00 बजे तक निम्नलिखित सड़कों पर जाने से बचें:

जिन वाहनों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पार्किंग लेबल नहीं है वे सी–हेक्सागन इंडिया गेट, कॉपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू प्वाइंट, ए प्वाइंट तिलक मार्ग, मथुरा रोड, बीएसजेड मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, जे.एल. नेहरू मार्ग, निजामुद्दीन खत्ता और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड और निजामुद्दीन खत्ता और आईएसबीटी कश्मीरी गेट से सलीमगढ़ बाईपास होते हुए बाहरी रिंग रोड पर जाने से बचें।

उत्तर–दक्षिण आवागमन:

विकल्प–1: अरबिंदो मार्ग–सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–कौटिल्य मार्ग–एस.पी.एम.मार्ग–11 मूर्ति–मदर टेरेसा क्रिसेंट–पार्क स्ट्रीट–मंदिर मार्ग–पंचकुईयां रोड–रानी झांसी रोड होते हुए उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचें एवं वापस जाएं।

विकल्प–2: कनॉट प्लेस–मिंटो रोड–भवभूति मार्ग–अजमेरी गेट–श्रदानंद मार्ग–लाहोरी गेट चौक–नया बाजार–पीली कोठी–एस.पी. मुखर्जी मार्ग से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन होते हुए उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचें एवं वापस जाएं।

विकल्प–3: यमुना पार करने के लिए निजामुद्दीन पुल पर पहुंचे–पुश्ता रोड–जी.टी. रोड और युधिष्ठिर सेतु पार करके आईएसबीटी होते हुए उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचें एवं वापस जाएं।

रूट मैप के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें।

पूर्व–पश्चिम आवागमन

1. एनएच–24(एनएच–9)–निजामुद्दीन खत्ता–बारापुला रोड–एम्स फ्लाईओवर के नीचे–रिंग रोड।
2. डीएनडी–बारापुल रोड से आगे उपरोक्त 1 के अनुसार या आश्रम से रिंग रोड होते हुए आगे बढ़ें।
3. एनएच–24 (एनएच–9)–निजामुद्दीन खत्ता–रिंग रोड–भैरों रोड–मथुरा रोड–सुब्रह्मण्यम भारती मार्ग–राजेश पायलट मार्ग–पृथ्वीराज रोड–सफदरजंग रोड–कमाल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–एसपी मार्ग/रिज रोड होते हुए जाएं एवं वापस आएं।
4. विकास मार्ग–आईपी मार्ग–डीडीयू मार्ग–मिंटो रोड और फिर या तो कनॉट प्लेस या अजमेरी गेट–डीबीजी रोड होते हुए आगे जाएं।
5. पुश्ता रोड (शास्त्री पार्क)–जीटी रोड–युधिष्ठिर सेतु–आईएसबीटी कश्मीरी गेट और उसके अनुसार रिंग रोड या रानी झांसी रोड होते हुए आगे जाएं।

डीएनडी–एनएच–24 (एनएच–9)–युधिष्ठिर सेतु–सिग्नेचर ब्रिज–वजीराबाद ब्रिज रिंग रोड तक पहुंचने के लिए खुला रहेगा। शांति वन की ओर पुराना लोहे का पुल एवं गीता कॉलोनी पुल बंद रहेगा। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में भीड़–भाड़ और असुविधा से बचने के लिए जल्दी पहुंचे।

### सूचनात्मक संकेत

सभी महत्वपूर्ण यातायात चौराहों पर लाल किला जाने वाले वाहनों के यातायात मार्गदर्शन हेतु पर्याप्त सूचनात्मक संकेत प्रदर्शित किए जाएंगे।

### वाणिज्यिक वाहनों एवं अंतर्राज्जीय बसों के आवागमन पर प्रतिबंध

1. 14.08.2025 मध्यरात्रि 12.00 बजे से 15.08.2025 को सुबह 11.00 बजे तक निजामुद्दीन खत्ता और वजीराबाद ब्रिज के बीच मालवाहक वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी।
2. 14.08.2025 मध्यरात्रि 12.00 बजे से 15.08.2025 को सुबह 11.00 बजे तक महाराणा प्रताप आईएसबीटी और सराय काले खां आईएसबीटी के बीच अंतर्राज्जीय बसों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी।

### प्रतिबंधित सड़कों के अलावा सिटी बसों की आवाजाही पर प्रतिबंध:

डीटीसी सहित स्थानीय सिटी बसें 14.08.2025 मध्यरात्रि 12.00 बजे से 15.08.2025 को सुबह 10.00 बजे तक आईएसबीटी कश्मीरी गेट और रिंग रोड–एनएच–24 (एनएच–9)/एनएच "टी" प्वाइंट (निजामुद्दीन खत्ता) के बीच रिंग रोड पर नहीं चलेंगी और उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग लेंगी।

निम्नलिखित सड़क भी 14.08.2025 मध्यरात्रि 12.00 बजे से 15.08.2025 को सुबह 10.00 बजे तक इंटर सिटी/डीटीसी बसों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी।

क) छत्ता रेल चौक से कश्मीरी गेट (बुलेवर्ड रोड) तक लोथियन रोड।
ख) छत्ता रेल चौक से दिल्ली गेट तक नेताजी सुभाष मार्ग।
ग) श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग।
घ) निजामुद्दीन खत्ता (एनएच–24) और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के उत्तरी लूप के बीच रिंग रोड।
ङ) 'सी' हेक्सागन, शेरशाह रोड, डॉ. जाकिर हुसैन रोड, पंडारा रोड, शांहजहां रोड, अकबर रोड, राजपथ, अशोका रोड, केजी मार्ग, कॉपरनिकस मार्ग, तिलक मार्ग, पुराना किला रोड, सिकंदरा रोड, भगवान दास रोड और बीएसजेड मार्ग।
च) गोल चक्कर विंडसर प्लेस से "सी" हेक्सागन तक अशोका रोड।
छ) फिरोजशाह रोड से "सी" हेक्सागन तक के.जी. मार्ग।
ज) विकास मार्ग लूप से आगे दिल्ली सचिवालय की ओर।
झ) मथुरा रोड आश्रम चौक से डब्ल्यू प्वाइंट तक।

आम तौर पर लाल किला, जामा मस्जिद और दिल्ली मेन रेलवे स्टेशन पर समाप्त होने वाली बसों को निम्नानुसार कम किया जाएगा/डायवर्ट किया जाएगा।

1. जे.एल.एन. मार्ग पर रामलीला मैदान के सामने। दक्षिण एवं पश्चिम दिल्ली से आने वाली बसों के लिए मार्ग।
2. उत्तर, उत्तर पश्चिम से बर्फखाना और पूर्वी दिल्ली से आईएसबीटी पुल के रास्ते आने वाली बसों के लिए मोरी गेट एवं तीस हजारी।
3. रिंग रोड से उत्तरी दिल्ली की तरफ आने वाली बसों के लिए महाराजा अग्रसेन पार्क के सामने बुलेवर्ड रोड।

सुबह 10.00 बजे के बाद सामान्य बस सेवा बहाल हो जाएगी।

### महत्वपूर्ण स्थानों पर कैसे पहुंचे:

1. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन:
क) पश्चिम और दक्षिण दिल्ली से : मदर टेरेसा क्रिसेंट–पार्क स्ट्रीट–मंदिर मार्ग–पंचकुईयां रोड–रानी झांसी फ्लाईओवर–आजाद मार्केट–बुलेवर्ड रोड–मोरी गेट–पुल डफरिन–एस.पी. मुखर्जी मार्ग रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए या धौला कुआं–रिज रोड (वंदे मातरम मार्ग)–फैज रोड–रानी झांसी रोड एवं उसके बाद उपरोक्तानुसार जाएं एवं वापस आएं।
ख) उत्तर से : मोरी गेट–पुल डफरिन–एस.पी. मुखर्जी मार्ग से रेलवे स्टेशन पहुंचें।
ग) पूर्व/उत्तर पूर्व से : पुश्ता रोड–युधिष्ठिर सेतु–मोरी गेट–पुल डफरिन–एस पी मुखर्जी मार्ग होते हुए आगे जाएं।

2. नई दिल्ली रेलवे स्टेशन
क) पूर्व से : विकास मार्ग, डीडीयू मार्ग, भवभूति मार्ग, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन।
ख) उत्तर पूर्व से : युधिष्ठिर सेतु, रानी झांसी रोड, गोल चक्कर रानी झांसी, डीबीजी रोड और तदनुसार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचें या मोरी गेट, पुल डफरिन, एसपी मुखर्जी मार्ग, कुतुब रोड होते हुए पहुंचे।
ग) उत्तर से : रानी झांसी रोड, गोल चक्कर रानी झांसी, डीबीजी रोड और तदनुसार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे या मोरी गेट, पुल डफरिन, एसपी मुखर्जी मार्ग, कुतुब रोड होते हुए पहुंचे।
घ) पश्चिम से : पूसा रोड, गोल चक्कर हनुमान मूर्ति, पंचकुईयां रोड, कनाट प्लेस, चेम्सफोर्ड रोड होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे या डीबीजी रोड होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे।
ङ) दक्षिण से : कनॉट प्लेस, चेम्सफोर्ड रोड होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे या डीजीबी रोड होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे।

3. आईएसबीटी कश्मीरी गेट
क) नई दिल्ली एवं दक्षिण दिल्ली से : मदर टेरेसा क्रिसेंट–पार्क स्ट्रीट–मंदिर मार्ग–पंचकुईयां रोड–रानी झांसी रोड एवं रानी झांसी फ्लाईओवर–बुलेवर्ड रोड।
ख) पश्चिमी दिल्ली से : पूसा रोड, गोल चक्कर हनुमान मंदिर, फैज रोड, रानी झांसी रोड एवं उसके बाद उपरोक्तानुसार।
ग) उत्तरी दिल्ली से: कोई प्रतिबंध नहीं है।
घ) उत्तर–पूर्वी दिल्ली से : युधिष्ठिर सेतु, बुलेवर्ड रोड, मोरी गेट, पुल डफरिन, एसपी मुखर्जी मार्ग, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन।

4. जे.पी.एन. अस्पताल: कोई प्रतिबंध नहीं है।
5. कस्तूरबा अस्पताल: अजमेरी गेट–अजमेरी बाजार–चौक हौज काजी–चावड़ी बाजार–चौक–बरशबुल्लाह–उर्दू बाजार।

### मार्ग परिवर्तन

क) यमुनापार क्षेत्र से :
(i) जी.टी. रोड/आईएसबीटी कश्मीरी गेट पुल:
1. कौड़िया पुल/लाल किला/पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन जाने वाली बसें आईएसबीटी पुल (युधिष्ठिर सेतु) से होकर चलेंगी और बुलेवर्ड रोड–मोरी गेट यू–टर्न के पास समाप्त होंगी। मोरी गेट से 'यू' टर्न लेने के बाद बुलेवर्ड रोड से वापसी मार्ग – आईएसबीटी पुल (युधिष्ठिर सेतु) के लिए 'यू' टर्न लें।
2. नई दिल्ली/कनॉट प्लेस/केन्द्रीय सचिवालय जाने वाली बसें नए आईएसबीटी पुल–बुलेवर्ड रोड–रानी झांसी फ्लाईओवर–रानी झांसी रोड–मंदिर मार्ग–पेशवा रोड–गोल मार्केट और शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल/केन्द्रीय सचिवालय टर्मिनल से चलेंगी।
3. दक्षिण दिल्ली जाने वाली बसें मंदिर मार्ग तक ऊपर बताए गए मार्ग का पालन करेंगी और शंकर रोड–अपर रिज रोड, साइमन बोलिवर मार्ग–धौलाकुआं से आगे बढ़ेंगी।

(ii) विकास मार्ग:
1. उत्तरी दिल्ली जाने वाली बसें मार्जिनल बंध रोड (पुश्ता), जीटी रोड, शास्त्री पार्क, आईएसबीटी पुल, बुलेवर्ड रोड से होकर आगे बढ़ेंगी।
2. दक्षिणी दिल्ली जाने वाली बसें मदर डेयरी रोड, एनएच–24 से निजामुद्दीन पुल – रिंग रोड से आश्रम चौक की ओर बढ़ेंगी।
3. नई दिल्ली जाने वाली बसें विकास मार्ग, नया सचिवालय बस स्टैंड पर यात्रियों को उतारेंगी और वापसी के लिए आईपी फ्लाईओवर के नीचे से यू टर्न लेकर विकास मार्ग की ओर जाएंगी।

### बर्फखाना से आने वाली बसें

पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन/कौड़िया पुल/लाल किला/जामा मस्जिद पर समाप्त होने वाली सभी बसों के मार्ग को निम्नानुसार कम किया जाएगा:

1. रोशनआरा रोड से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन आने वाली बसें तीस हजारी कोर्ट के अंदर भारतीय स्टेट बैंक के सामने समाप्त होंगी। वापसी यात्रा बुलेवर्ड रोड से बर्फखाना की ओर होगी।
2. पुराने रोहतक रोड से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला आने वाली बसें मोरी गेट पर समाप्त होंगी। वापसी की यात्रा गोखले रोड–जोरावर सिंह मार्ग से होगी।
3. नये रोहतक रोड से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला आने वाली बसें तिकोना पार्क और इन गेट तीस हजारी कोर्ट के बीच गोखले मार्ग पर समाप्त होंगी। वापसी की यात्रा गोखले रोड–जोरावर सिंह मार्ग से होगी।
4. मलकागंज से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला आने वाली बसें तिकोना पार्क की चारदीवारी से सटे गोखले मार्ग पर समाप्त होंगी। वापसी की यात्रा गोखले रोड–जोरावर सिंह मार्ग से होगी।
5. सभी निजी और मिनी बसों को एमसीडी कार पार्किंग (मोरी गेट) पर समाप्त किया जाएगा। गोखले रोड गोल चक्कर मोरी गेट से पीएस मेट्रो स्टेशन कश्मीरी गेट और गोल चक्कर मोरी गेट से गोखले मार्केट "टी" प्वाइंट की ओर एक–तरफा (वन–वे) होगा।

### अजमेरी गेट/मिन्टो ब्रिज से आने वाली बसें

1. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, भाई मती दास चौक, मोरी गेट, आईएसबीटी, प्रगति मैदान और अम्बेडकर स्टेडियम टर्मिनल पर समाप्त होने वाली सभी बसें तुर्कमान गेट आसफ अली रोड के सामने समाप्त होंगी। वापसी की यात्रा जेएलएन मार्ग पर "यू" टर्न लेकर आगे की ओर होगी।

### माल रोड साइड से आने वाली बसें

1. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, जामा मस्जिद, कौड़िया पुल पर समाप्त होने वाली सभी बसें मोरी गेट तक बुलेवर्ड रोड पर समाप्त होंगी। वापसी की यात्रा वाया बुलेवर्ड रोड, रिंग रोड और चंदगी राम अखाड़ा, आईपी कॉलेज लाइट प्वाइंट से होगी।

### दक्षिण दिल्ली से आने वाली बसें

दक्षिण दिल्ली से लाल किला, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, भाई मती दास चौक (फाउंटेन) जाने वाली बसों को रिंग रोड–एनएच–24, मार्जिनल बंध (पुश्ता) रोड, नया आईएसबीटी पुल से डायवर्ट किया जाएगा और बुलेवर्ड रोड पर समाप्त होंगी।

वापसी की यात्रा 'यू' टर्न लेकर करें और आईएसबीटी पुल से आगे बढ़ें।

1. दक्षिण दिल्ली से कनॉट प्लेस जाने वाली बसों को रिंग रोड की ओर मोड़ दिया जाएगा और आगे अपर रिज रोड से गोल चक्कर करोल बाग तक जाएंगी तथा झंडेवालान पंचकुईयां रोड शिवाजी स्टेडियम टर्मिनल से होते हुए कनॉट प्लेस पहुचेंगी।
2. आईएसबीटी महाराणा प्रताप टर्मिनल जाने वाली बसें रिंग रोड से आगे बढ़ेंगी और आगे अपर रिज रोड से गोल चक्कर करोल बाग फैज रोड फिल्मिस्तान आजाद मार्केट चौक, बुलेवर्ड रोड तक जाएंगी और मोरी गेट/आईएसबीटी पहुंचेंगी।
3. दक्षिण दिल्ली से पूर्वी दिल्ली जाने वाली बसें रिंग रोड–हजरत निजामुद्दीन पुल – (एनएच–24)–न्यू पटपड़गंज रोड से आगे बढ़ेंगी।
4. दक्षिण दिल्ली से पूर्वी दिल्ली जाने वाली बसें लाला लाजपत राय मार्ग से आकर मथुरा रोड पर लोधी फ्लाईओवर गोल चक्कर नीला गुंबद से आश्रम चौक–रिंग रोड की ओर मोड़ दी जाएंगी।
5. फिरोजशाह रोड से लाल किला, जामा मस्जिद, कौड़िया पुल जाने वाली बसें और मंडी हाउस की ओर जाने वाली बसें मंडी हाउस, रंजीत सिंह फ्लाईओवर से बाराखंबा रोड लेकर तुर्कमान गेट आसफ अली रोड से सामने समाप्त होंगी। वापसी की यात्रा जे.एल.एन. मार्ग, रंजीत सिंह फ्लाईओवर से "यू" टर्न लेकर आगे जाएंगी
6. मुद्रिका सेवा (बसें) वाया नया आईएसबीटी पुल, शास्त्री पार्क, पुश्ता कैलाश–गांधी नगर–विकास मार्ग–मदर डेयरी रोड–एनएच–24 –निजामुद्दीन पुल–सराय काले खां के लिए रिंग रोड से बाएं मुड़ेंगी।

### अंतर्राज्जीय बसें

आने वाली बसें

1. गाजियाबाद से दिल्ली की ओर आने वाली सभी बसें मोहन नगर से भोपुरा चुंगी रोड होते हुए वजीराबाद रोड और फिर चंदगी राम अखाड़ा की ओर जाएंगी–आईएसबीटी से यू टर्न लें और आईएसबीटी में प्रवेश करें।
2. धौला कुआं से आने वाली सभी बसों को पंजाबी बाग–आजादपुर–अखाड़ा चंदगी राम – यू टर्न आईएसबीटी लेने के लिए रिंग रोड पर डायवर्ट किया जाएगा और आईएसबीटी में प्रवेश किया जाएगा।
3. आईएसबीटी और फरीदाबाद (बदरपुर) के बीच चलने वाली सभी बसें या तो सराय काले खां पर समाप्त होंगी या धौला कुआं–पंजाबी बाग–आजादपुर –अखाड़ा चंदगी राम –यू टर्न आईएसबीटी होते हुए डायवर्ट की जाएंगी और आईएसबीटी में प्रवेश करेंगी।

जाने वाली बसें

1. किसी भी बस को बुध विहार (मठ) के पास रिंग रोड के उत्तरी लूप पर 'यू' टर्न लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उसे यमुना पार जाने के लिए वजीराबाद की ओर मोड़ दिया जाएगा या चंदगी राम अखाड़ा से यू टर्न लेकर शास्त्री पार्क की ओर जाने के लिए आईएसबीटी फ्लाईओवर का लूप लेंगी और धौला कुआं के लिए जाने वाली बसें बुलेवर्ड रोड, रानी झांसी रोड, लिंक रोड और अपर रिज रोड (वंदे मातरम मार्ग) से गुजरेंगी।
2. लोनी बार्डर जाने वाली बसें वजीराबाद पुल से होकर जाएंगी और गाजियाबाद जाने वाली बसें आईएसबीटी पुल से होकर जाएंगी।

### डीटीसी रिकवरी वैन

डीटीसी रिकवरी वैन (15.08.2025 को सुबह 5.00 बजे से लेकर डायवर्जन समाप्त होने तक) निम्नानुसार तैनात की जाएंगी:

1. केंद्रीय नियंत्रण कक्ष–गोखले मार्ग
2. घाटा मस्जिद
3. यमुना बाजार
4. दिल्ली गेट
5. छत्ता रेल चौक।

नोट:–पूर्व, उत्तर, मध्य, पश्चिम, दक्षिण से आने वाली बसों और बीएसजेड–तिलक मार्ग–सुभाष मार्ग–रिंग रोड (अखाड़ा चंदगी राम और हजरत निजामुद्दीन पुल के बीच) का उपयोग करने वाली बसों को इन हिस्सों से बचने और उपर्युक्त सुझाए गए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का निर्देश दिया जाता है।

### विशेष निर्देश

1. आम जनता को सलाह दी जाती है कि अपने साथ कैमरा, दूरबीन, रिमोट कन्ट्रोल कार की चाबियां, छाता, हैंडबैग, ब्रीफकेस, ट्रांजिस्टर, सिगरेट लाइटर, टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल, लंच बॉक्स आदि न लाएं।
2. जनता से अनुरोध है कि किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छुएं। किसी भी अज्ञात/संदिग्ध वस्तु, व्यक्तियों और वाहनों की संदिग्ध आवाजाही या कुछ भी असामान्य देखने की सूचना तत्काल अपने निकटतम पुलिसकर्मी को दें।
3. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में पैरा–ग्लाइडर, पैरा–मोटर, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, रिमोट से संचालित एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के संचालित एयरक्राफ्ट, क्वाडकॉप्टर या एयरक्राफ्ट से पैरा जंपिंग आदि जैसे उप–पारंपरिक हवाई प्लेटफार्मों की उड़ान पर आदेश संख्या 26438–26558/समन्वय.बीआर(डेस्क–IV)पीएचक्यू दिनांक 2.8.2025 के अनुसार 2.8.2025 से 16.08.2025 तक (दोनों दिन शामिल) प्रतिबंध लगा दिया गया है।

DP/9796/2025

हमें फोलो करें: https://www.facebook.com/dtptraffic https://x.com/dtptraffic https://www.instagram.com/dtptraffic 8750871493 ट्रेफिक प्रहरी बनें Google Play या App Store से ऐप डाउनलोड करें 24 घंटे ट्रेफिक हेल्पलाइन : 011-25844444, 1095 तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें। पुलिस को सूचना देने के लिए 14547 पर कॉल करें

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशे में वाहन चलाने वालों विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। सोमवार शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक शराब के ठेकों, टोल प्लाजा के आसपास अभियान चलाया गया किया गया। पुलिस ने अभियान के अंतर्गत फरीदाबाद शहर में ट्रैफिक व सभी थाना-चौकी के द्वारा लगभग 3700 वाहनों चालकों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान शराब का सेवन कर वाहन चला रहे 123 वाहन चालाकों के चालान काटे गए। इसके अतिरिक्त, ड्रिंक एंड ड्राइव के अंतर्गत 3 वाहनों को इंपाउंड किए गए।



### बलजीत कौशिक बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**फरीदाबाद।** कांग्रेस हाईकमान ने पिछले 11 सालों से भंग पड़ी जिला कांग्रेस कमेटी फरीदाबाद के अध्यक्ष पद पर जमीन से जुड़े कार्यकर्ता बलजीत कौशिक को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। कौशिक पूर्व विधायक आनंद कौशिक के अनुज है और पिछले कई दशकों से अपने बड़े भाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को मजबूत करने में अग्रणी रहे है। बलजीत कौशिक के जिलाध्यक्ष बनने की सूचना जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिली, कार्यकर्ताओं का तांता लग गया। ढोल नगाड़ों की थाप और फूल मालाओं के द्वारा बलजीत कौशिक का स्वागत किया।



### मंत्री गुर्जर ने तैयारियों की समीक्षा की

**फरीदाबाद।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गुरुवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 में होने वाला प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भव्य होगा। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भाजपा कार्यालय अटल कमल और सेक्टर-12 में हुई इन बैठकों में तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विभाजन के दंश झेलने वाले परिवारों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को भाजपा की दो बड़ी बैठकें हुई जिसमें तैयारियों का जायजा लिया और समीक्षा भी की गई।



# सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद, शरारती तत्वों पर पैनी नजरः पुलिस आयुक्त

■ स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर सुरक्षा व्यवस्था व रिहर्सल को लेकर आयुक्त ने समारोह स्थल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत वर्ष में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्तर पर परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाकर परेड की सलामी ली जाती है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 अगस्त को पुलिस आयुक्त सतेन्द्र कुमार गुप्ता ने समारोह स्थल सेक्टर-12 पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा ड्युटियों व कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल का निरीक्षण किया। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में आयोजित 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में राज्य मंत्री गौरव गौतम हरियाणा सरकार मुख्य अतिथि होंगे। फरीदाबाद पुलिस की एक महिला प्लाटून सहित 4 प्लाटून परेड में शामिल होगी। कार्यक्रम के दौरान मास पी.टी. प्रोग्राम व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर 2000 के करीब पुलिस कर्मचारी ड्युटी पर तैनात रहेंगें। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद के साथ लगते दिल्ली के बॉर्डर क्षेत्र बदरपुर, प्रहलादपुर, शूटिंग रेंज, दुर्गा बिल्डर, इस्माइलपुर बॉर्डर, मांगर चुंगी पर पुलिस के नाके लगाए गए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश के साथ लगते बॉर्डर पर गांव ददसिया, गांव मंझावली यमुना पुल, गांव मोहना, गांव मौजपुर



टोल प्लाजा पर नाके लगाए गए हैं, जहां पर पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त शहर में आंतरिक नाके लगाकर भी पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। इस प्रकार सुरक्षा की दृष्टि से 30 से अधिक नाके लगाए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि समारोह स्थल के चारों तरफ नाकाबंदी की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रवेश द्वारों पर डीएफएमडी लगाए गए है साथ ही एचएचएमडी से भी चेकिंग की जाएगी। सिनिफर डॉग टीम व एंटी डिस्पोजल टीम सहित स्वॉट कमांडो टीम को भी नियुक्त किया गया है। समारोह स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिसकर्मी नियुक्त किए गए हैं। वाहनों को खड़ा करने के लिए थाना सेंट्रल फरीदाबाद के सामने, खेल परिसर के अंदर व टाउन पार्क के साथ तथा इंडियन ऑयल कंपनी के सामने मुख्य स्टेज के पीछे 3 स्थानों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 14 अगस्त रात्रि 10 बजे से लेकर 15 अगस्त दोपहर 2 बजे तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिस संबंध में यातायात पुलिस द्वारा भी नाके लगाये गए हैं। बल्लभगढ़ व एनआईटी में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। जहां पर भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल नियुक्त किया गया है। उन्होंने और अधिक जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त के दिशा निर्देश पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा बस स्टैण्ड, होटल, ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, साइबर कैफे, धार्मिक स्थलों, मैट्रो स्टेशन, मोबाईल फोन व सिम विक्रेता इत्यादि स्थानों पर लगातार चेकिंग की जा रही है, साथ ही अपराध शाखा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखे हुई है।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस स्थल का जायजा लेने पहुंचे मंत्री

# हम अपने युवाओं को देंगे विभाजन की त्रासदी की जानकारीः मंत्री नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद के सेक्टर 12 ग्राउंड पर 14 अगस्त 2025 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंत्री राजेश नागर, पंचनद स्मारक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज और प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं पंचनद स्मारक ट्रस्ट के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष सुधा पहुंचे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर पंचनद स्मारक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज ने बताया कि विभाजन की त्रासदी इतनी बड़ी दुर्घटना थी जिसको शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है और समय के साथ आने वाली पीढ़ी इसे भूल जाएगी। जो कि एक कौम के रूप में सही नहीं होगा। हम विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन कर अपने युवाओं को बताना चाह रहे हैं कि वास्तव में हमने आजादी से पूर्व कितनी बड़ी कीमत चुकाई है। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर ने तैयारियों को लेकर व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विभाजन में अपना बहुत कुछ गंवाने वालों के घावों पर मरहम लगाने का सही काम पूर्व की सरकारों द्वारा नहीं किया गया। यही कारण है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग आज भी अपने जीवन के लिए संघर्षरत हैं। लेकिन हमारी भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर गंभीर है। इसी के अंतर्गत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसके जरिए हम अपनी वर्तमान पीढ़ी को होशियार करेंगे कि फिर से ऐसी नौबत न आए। इस अवसर पर पंचनद स्मारक ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि हम विभाजन विभीषिका को दर्शाने के लिए एक बड़ा स्मारक बनाने के क्रम में हैं। हम अपनी आने वाली पीढ़ियां को उस मंजर के बारे में बताएंगे और इस मंजर के लिए जिम्मेदार लोगों एवं हालातों की जानकारी भी देंगे।

### अमर शहीदों के शौर्य और बलिदान से देश को तिरंगा झंडा प्राप्त हुआः अध्यक्ष मेहता

**फरीदाबाद।** भाजपा खेड़ी मंडल के अध्यक्ष सुधीर मेहता ने कहा कि देश के अमर शहीदों एवं बलिदानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए तिरंगा यात्रा से बढ़कर और कुछ नहीं हो सकता क्योंकि यह तिरंगा हमें उनके बलिदान की हर पल याद दिलाता है। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित भूपानी चौक से निकाली विशाल तिरंगा यात्रा में सैकड़ों क्षेत्रवासियों ने शिरकत की और उपस्थित क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए मेहता ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा देश प्रेम की भावना को दर्शाती है एक दूसरे से प्रेम भाव से मिल कर रहना सिखाती है जिस प्रकार देश के बलिदानियों ने अपने प्राणों की आहुति इस देश के लिए दी उनको सम्मान देने के लिए देश के प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी और हमारे प्रिय कर्मठ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर यह यात्रा निकाली गई है सिर्फ भाजपा हे ऐसी पार्टी है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता है।

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-41, 42, 43, 44, 45 & 46-25-26-W-II दिनांकः 12.08.2025

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT -41 | **कार्य का नाम** :- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन ईएलएस/जीजेडबी की धारण क्षमता को 200 से 225 लोकोमोटिव तक बढ़ाने के संबंध में शेष कार्य का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)**:- 17144280.01 **बयाना राशि (रुपये)** :- 235700.00 |
| 2 | NIT -42 | **कार्य का नाम** :- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता मेरठ के अधीन दो एलएचएस पर कवर्ड शेड के कार्य का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :- 17144280.01 **बयाना राशि (रुपये)** :- 235700.00 |
| 3 | NIT -43 | **कार्य का नाम** :- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधीन ईटीसी परिसर में ईटीसी छात्रावास और अन्य संबद्ध भवनों की मरम्मत कार्य का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)**:- 17144280.01 **बयाना राशि (रुपये)** :- 235700.00 |
| 4 | NIT -44 | **कार्य का नाम**:- 1. वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता शामली के अधिन KPKI, KQL, HIND, THBN, NNX, RPMN व MNZ पर परिसंचारी क्षेत्र और स्टेशन पहुंच मार्ग का सुधार और 2. SSE/E/W/SMQL के क्षेत्र में कॉलोनियों और स्टेशनों में क्षतिग्रस्त फर्श, प्लास्टर, टपकती छत, खराब दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत व 3. सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के अधिकार क्षेत्र में भूर कॉलोनी में मौजूदा स्वास्थ्य इकाई का विस्तार/सुदृढ़ीकरण आदि का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :- 17144280.01 **बयाना राशि (रुपये)** :- 235700.00 |
| 5 | NIT -45 | **कार्य का नाम** :- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के SSE/P. Way/GZB-I के खंड में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक पी. वे वार्षिक जोन 2025-26 का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)**:- 17144280.01 **बयाना राशि (रुपये)** :- 235700.00 |
| 6 | NIT -46 | **कार्य का नाम** :- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता गाजियाबाद के SSE/P.Way/GZB-II के खंड में ट्रैक के रखरखाव के लिए वार्षिक पी वे. वार्षिक जोन 2025-26 का प्रावधान **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये)** :- 17144280.01 **बयाना राशि (रुपये)** :- 235700.00 |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 09.09.2025 15:00 hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलबध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2466/25

## लव मैरिज से नाराज पत्नी के भाई ने सरे बाजार मारी गोलियां

# सुखबीर हत्याकांड मामले में 5 लोगों को उम्रकैद व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भाजपा नेता एवं पूर्व वाइस चेयरमैन सुखबीर हत्याकांड में बुधवार को कोर्ट ने मृतक के साले समेत पांच आरोपियों को आजीवन कारावास व तीन लाख रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई। इस हत्याकांड में रेकी करने व हत्या को अंजाम देने के मामले में एसटीएफ ने कुल 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें से कोर्ट ने चमन (मृतक का साला), योगश, दीपक, अरुण व राहुल को उम्रकैद की सजा के साथ तीन लाख रुपए के जुर्माना भी



लगाया। यह आदेश अतिरिक्त सत्र एवं न्यायाधीश सुनील कुमार दीवान की अदालत ने दिया। मृतक के बेटे की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने यह केस दर्ज किया था। एक सितंबर 2022 को रिठौज गांव निवासी भाजपा नेता सुखबीर की गुरुद्वारा रोड पर रेमेंड्स के शोरूम में कपड़े खरीदने के दौरान उनके साले चमन व उसके साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## मुख्यमंत्री सैनी से मिलवाने का किया आग्रह

# रेफर मुक्त संघर्ष समिति ने हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रैफर मुक्त संघर्ष समिति ने हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा से फरीदाबाद सैक्टर-12 में मुलाकात की व उनसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलवाने का आग्रह किया। जिस पर डिप्टी स्पीकर मिड्ढा ने स्वीकार किया और समस्त भाजपा जिला कार्यकारिणी रैफरमुक्त संघर्ष समिति के समक्ष कहा कि वह मुख्यमंत्री को दोबारा हमारा मांगपत्र भी देंगे व उनसे पर्सनली मिलवाने का प्रयास भी करेगे। उन्होंने सबके सामने हमारे प्रयासों की सराहना भी की व बताया कि सरकार संघर्ष समिति की सभी मांगों को जनहित कार्य मानते हुए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। इस मौके पर बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद के भाई एवं भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने भी 258 दिनों से जनता के लिए



चल रहे संघर्ष की सराहना की व कहा कि समिति जनहित में संघर्ष कर रही है। इस मौके पर रैफर मुक्त संघर्ष समिति के संयोजक सतीश चोपड़ा ने डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिड्ढा व हरियाणा सरकार का सभी जनहित की मांगों को स्वीकार करने व उन पर कार्य करने के लिए धन्यवाद किया व कुछ जनहित मांग जो रह गई है उस पर भी कार्य करने का निवेदन भी किया। उल्लेखनीय है कि यह धरना पिछले 258 दिनों से पूर्व क्रिकेटर रणजी खिलाड़ी संजय भाटिया व उनकी टीम के मार्गदर्शन में चल रहा है। आज के इस प्रतिनिधि मंडल की तरफ से सरदार उपकार सिंह, अवधेश कुमार ओझा आदि।

**चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड**

**पंजी. कार्यालय** : 522, 5वां तल, डीएलएफ गिलेरिया कमर्शियल कॉम्पलैक्स, डीएलएफ सिटी फेज IV, गुरूग्राम, हरियाणा-122009

**CIN: L51909HR1984PLC133745**

**Email :** info@cpil.com, cs@cpil.com

**Website :** www.cpil.com

**सार्वजनिक सूचना - 40वीं वार्षिक सामान्य बैठक**

**(सरकुलर नं. 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 के साथ पठित एमसीए सरकुलर नं. 09/2024 दिनांक 25 सितम्बर 2024 के अनुसरण में)**

यह संचार चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड की चालीसवीं (40वीं) वार्षिक सामान्य बैठक (''एजीएम'') के सम्बन्ध में है, जो एजीएम आयोजित करने की सूचना, जो ई-मेल के माध्यम से अलग से सदस्यों को भेजी जाएगी, में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी मामलों का मंत्रालय ('एमसीए') द्वारा जारी सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020; 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022 और 09/2024 दिनांक 25 सितम्बर 2024 और अन्य लागू सरकुलर्स ('एमसीए सरकुलर्स') के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ('दि एक्ट') के सभी लागू प्रावधानों और उनके तहत बनाए गए नियमों भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड (सेबी) सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 12 मई 2020 और SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्तूबर, 2023 (सामुहिक रूप से 'सेबी सरकुलर्स' के रूप में संदर्भित) के यथोचित अनुपालन में और कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम आयोजित करने के सम्बन्ध में कम्पनी मामलों का मंत्रालय (''एमसीए'') और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (''सेबी'') द्वारा अनुमत्य अनुसार वीडियो कॉफ्रेंसिंग (''वीसी'') सुविधा / अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों (''ओएवीएम'') के माध्यम से बुधवार, 10 सितम्बर 2025 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी) आयोजित की जाएगी।

कम्पनी ने, सदस्यों को एजीएम में पारित किये जाने वाले प्रस्तावित प्रस्तावों पर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये सदस्यों को सक्षम बनाने के लिये साथ-साथ जो सदस्य एजीएम में वीसी सुविधा / ओएवीएम द्वारा उपस्थित होते हैं और एजीएम के दौरान अपना मतदान करने के इच्छुक हैं, ई-वोटिंग प्रणाली (''ई-वोटिंग'') के माध्यम से इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से मतदान (''दूरस्थ ई-वोटिंग'') को आसान बनाने के लिये नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड (''एनएसडीएल''), अधिकृत ई-वोटिंग एजेंसी के साथ समझौता किया है। एजीएम में उपस्थित रहने के लिये विस्तृत प्रक्रिया और तरीका तथा भौतिक मोड, डिमैटीरियलाइजेशन मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्यों हेतु और जो सदस्य अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, हेतु ''दूरस्थ ई-वोटिंग'' और ''ई-वोटिंग'' का तरीका एजीएम की सूचना में विस्तार से प्रदान किया गया है। दूरस्थ ई-वोटिंग / ई-वोटिंग के सम्बन्ध में यदि आपके कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं तो आप evoting@nsdl.co.in पर सम्पर्क अथवा 022-4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं।

सदस्य केवल वीसी सुविधा/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं, जिसका विवरण कम्पनी द्वारा बैठक की सूचना में उपलब्ध करवाया जाएगा। तदानुसार कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त सरकुलर्स के सम्बन्ध में सरकारी प्राधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिये व्यक्तिगत रूप में कम्पनी की 40वीं एजीएम में उपस्थित रहने और भाग लेने के लिये कोई प्रावधान नहीं किये गये हैं। वीसी सुविधा / ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों को कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना करने के प्रयोजन हेतु गिना जाएगा।

एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 सहित एजीएम की सूचना इलैक्ट्रोनिकली केवल उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कम्पनी / रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए)/ डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं। एमसीए सरकुलर और सेबी सरकुलर के अनुरूप, एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना की भौतिक प्रतियां किसी सदस्य को नहीं भेजी जाएंगी।

इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कम्पनी की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.cpil.com तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट जहां पर कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

सदस्य जो अब तक अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि एजीएम की सूचना और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट इलैक्ट्रोनिकली प्राप्त करने और लॉगइन प्रत्यायकों को प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल पते पंजीकरण के लिए नीचे वर्णित प्रक्रिया को अपनाएं :

ए. **उन सदस्यों के लिये जो इलैक्ट्रोनिक रूप में शेयरधारण करते हैं और ई-मेल पता पंजीकृत नहीं है** : जो सदस्य इलैक्ट्रोनिक रूप में शेयरधारण करते हैं और अपना ई-मेल पता/बैंक विवरण अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) द्वारा परामर्श दी गई प्रक्रिया के अनुरूप अपने डिमैट अकाउंट में विवरण अद्यतन करवाएं।

बी. i. **उन सदस्यों के लिये जो भौतिक रूप में शेयरधारण करते हैं** :- जो सदस्य भौतिक रूप में शेयरधारण करते हैं और अपना ई-मेल पता/ बैंक विवरण अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह है कि कम्पनी के आरटीए अर्थात मै. अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को rta@alankit.com पर स्व-सत्यापित समर्थित दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रपत्र आईएसआर-1 और विधिवत भरे हुए अन्य सम्बद्ध प्रपत्रों में विवरण अद्यतन करवाएं। सदस्य कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.cpil.com और आरटीए की वेबसाइट अर्थात www.alankit.com से निर्धारित प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

ii. सेबी द्वारा जारी मास्टर सरकुलर दिनांक 07 मई 2024 और सरकुलर दिनांक 10 जून 2024 के अनुसरण में, भौतिक प्रतिभूतियों के सभी धारकों के लिए यह अनिवार्य होगा कि पैन, सम्पर्क विवरण (पिन सहित डाक पता और मोबाइल नम्बर), बैंक खाता विवरण, उनके तदनुरूप फोलियो नम्बर्स हेतु नमूना हस्ताक्षर प्रस्तुत करें। ऐसे फोलियो के शेयरधारक जिसमें उपरोक्त में से कोई एक दस्तावेज/ विवरण अद्यतन नहीं है, पात्र होंगे :-

● किसी सेवा का लाभ प्राप्त करने के लिए, केवल पैन और केवाईसी विवरण प्रस्तुत करने के पश्चात आरटीए से आग्रह करें।

● केवल इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से 01 अप्रैल 2024 से प्रभावी ऐसे फोलियो के सम्बन्ध में लाभांश, ब्याज अथवा शोधन भुगतान इत्यादि समेत किसी भुगतान हेतु।

सी. अपने ई-मेल पते के स्थाई पंजीकरण के लिये, डिमैट फॉर्म में शेयरधारण करने वाले सदस्यों से उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (''डीपीएस'') के पास और भौतिक रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्यों के मामले में रजिस्ट्रार (आरटीए) के पास इसे अद्यतन करवाने का आग्रह किया जाता है।

यदि किसी सदस्य के पास वार्षिक सामान्य बैठक में भागीदारी के सम्बन्ध में कोई प्रश्न है तो rta@alankit.com पर अथवा cs@cpil.com पर कम्पनी को लिख सकते हैं। यह सूचना एमसीए और सेबी के लागू सरकुलर्स के अनुपालन में कम्पनी के सभी शेयरधारकों को जानकारी और लाभ हेतु जारी की जा रही है।

बोर्ड के आदेशानुसार
चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता/-
(गजराज जैन)
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00049199

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 12.08.2025

**UNIVERSAL CONVEYOR BELTINGS LIMITED**

**Registered Office:** Office No 24, 2nd Floor, B 28, Maurya Complex, Laxmi Nagar, Delhi-110092

**CIN-** U29299DL1973PLC006646

**NOTICE FOR 51ST ANNUAL GENERAL MEETING AND REMOTE E-VOTING**

**(A) Annual General Meeting:**

Notice is hereby given that the **51st Annual General Meeting (AGM)** of the members of the Company is scheduled to be held on **Tuesday, 9th September, 2025 at 12:30 P.M.** to transact the business as set out in the Notice convening the said AGM.

The Company has on 12th August, 2025 completed the dispatch of the Notice of the AGM whose names have appeared in the Register of Members for those holding in physical mode/Demat mode as on 08th August, 2025 either by email to the email ids available with the Company/Registrar & Share Transfer Agents (RTA/Depository Participant(s), as the case may be or by post at the address registered with the Company/RTA. The Annual Report and other communications sent physically as well as electronically to the members whose Email ID available with RTA and shall also be available for inspection by the Members at the Registered Office of the Company on all working days, except Saturdays, Sundays and public holidays, between 11:00 a.m. and 5:00 p.m. up to the date of the AGM.

**(B) E-voting:**

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules. 2014, as amended, and Secretarial Standards on General Meetings, the Company is providing remote e-voting facility for its shareholders to cast their vote electronically from a place other than the venue of the AGM for all the resolutions set forth in the Notice, for which the Company has engaged the services of CDSL as e-voting agency.

All the members are informed that:

1. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means is Tuesday, 02nd September, 2025.
2. Date of completion of sending Notice of AGM: 12th August, 2025
3. Any person, who acquires shares and becomes member of the Company after dispatch of the notice of the AGM and holding shares as on the cut-off date, i.e. 02 September, 2025 may obtain the login-id and password by sending an e-mail to briteindia@hotmail.com and evoting@cdsl.co.in by mentioning their Folio No./ DP ID and Client ID No. However, if such shareholder is already registered with CDSL for remote e-voting then existing user-id and password can be used for casting their vote.

| | |
|---|---|
| Date & time of commencement of remote e-voting | Saturday, 6th September, 2025, 9:00 A.M. (IST) |
| Date & time of end of remote e-voting | Monday, 08th September, 2025, 5:00 P.M. (IST) |

4. The remote e-voting through electronic means shall not be allowed beyond 5:00 p.m. (IST) on Monday, 8th September, 2025, 5:00 P.M. (IST).
5. The Notice of the Annual General Meeting is available on CDSL's website viz. https://www.cdslindia.com/. However, as per Rule 18(3) (ix) of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 publication of notice of AGM on company's website is not applicable as the company does not maintain a website.

Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM; however those Members shall not be entitled to cast their vote through e-voting again during the AGM.

In case of any grievance in respect of e-voting, Members may refer to the Help & Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual www.evotingindia.com under help section or write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or call Helpdesk: 1800 21 09911 or email to briteindia@hotmail.com.

The result of e-voting shall be announced on or after the AGM of the Company. The results declared along with the Scrutinizer's Report shall be published on the website of CDSL for information of the Members.

The detailed instructions regarding the above will be provided in the Notice of the AGM and Shareholders are requested to take note of the same.

For and on behalf of the Board
Universal Conveyor Beltings Limited
Sd/-
Arun Kumar Mohata
Managing Director
DIN: 01038464

New Delhi
13-08-2025

**Sindhu Trade Links Ltd.**

129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the Quarter ended 30th June, 2025

CIN: L63020DL1992PLC121695 | Website: www.sindhutrade.com | Email id: corporatecompliance@sindhutrade.com | Phone: 0124-6913000

**Extracts of Consolidated & Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter Ended on 30.06.2025** (In Lacs)

| Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year Ended | Quarter Ended | | | Year Ended |
| | 30.06.2025 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) | 30.06.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) | 30.06.2025 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) | 30.06.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| Total Income from operations | 12,273.24 | 13,981.36 | 12,861.10 | 50,810.63 | 17,443.07 | 57,652.37 | 56,096.59 | 2,29,270.40 |
| Net Profit/ (Loss) for the period (before tax, exceptional and/ or extraordinary items) | 814.45 | (951.93) | 2,172.86 | 4,615.30 | 936.09 | (6,897.18) | 10,175.13 | 16,039.75 |
| Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after exceptional and/ or extraordinary items) | 814.45 | (951.93) | 2,172.86 | 4,615.30 | 2,273.33 | (6,303.58) | 10,175.13 | 16,633.35 |
| Net profit/ (Loss) for the period after tax (before comprehensive Income) | 427.61 | (730.59) | 1,665.04 | 3,849.70 | 1,879.34 | (5,897.95) | 7,149.67 | 12,158.92 |
| Total Comprehensive Income for the Period {comprising Profit / Loss for the Period (after Tax)} and Other Comprehensive Income (after Tax) | 427.63 | (202.71) | 1,665.09 | 4,377.62 | 1,873.68 | (7,022.76) | 7,331.28 | 17,007.81 |
| Equity Share Capital | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 | 15,419.29 |
| Reserves (excluding Revaluation reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the Previous Year) | 76,861.77 | 76,434.14 | 73,721.60 | 76,434.14 | 1,46,578.69 | 1,45,364.07 | 1,36,307.37 | 1,45,364.07 |
| Earning Per Shares (for continuing and discontinued operation) of /-each) Basic: | 0.03 | (0.05) | 0.11 | 0.25 | 0.08 | (0.35) | 0.13 | 0.17 |
| Diluted: | 0.03 | (0.05) | 0.11 | 0.25 | 0.08 | (0.35) | 0.13 | 0.17 |

**Notes:-**

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the websites of the Stock Exchange and company's website www.sindhutrade.com. The above results after being reviewed by the Audit Committee were taken on record by the Board at its Meeting held on 13th August, 2025.
2. The above Unaudited financial results of the Company for the Quarter ended on 30th June, 2025 have been reviewed by Audit Committee of the Board and approved by the Board of Director at its meeting held on 13th August, 2025.
3. The figures are regrouped in previous year also, wherever considered necessary.
4. Limited Review Report has been carried out by the Statutory Auditors for the above period.

For & on behalf of Board of Directors
Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
(Chairman & Director)
DIN: 00006999

Place: Gurugram
Dated: 13.08.2025

## पेज एक का शेष

### यूएनजीए के सत्र में भाग...

रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन मामले से परिचित लोगों ने बुधवार को बताया कि अभी पीएम मोदी की यूएनजीए के सत्र में भागीदारी को लेकर की जाने वाली अमेरिका की आगामी यात्रा को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इन सबके बीच विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अगले सप्ताह 20 से 21 अगस्त तक रूस की यात्रा करेंगे। जिसमें उनकी रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात होगी।

### व्यापार समझौते पर टिकी...

निशान लगाना कहीं से भी वाजिब नहीं जान पड़ता है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा।

### टैरिफ की चुनौती के बीच...

भागीदारी करने के लिए कुल करीब 400 सैन्य कर्मियों का विशाल दस्ता अमेरिका की यात्रा करेगा। यह भारतीय सेना का एक व्यापक दस्ता होगा। जिसमें पैदल सेना से लेकर बल की अन्य इकाइयों की भी अहम भूमिका देखने को मिलेगी। सूत्रों ने कहा कि अभ्यास में भाग लेने वाले सेना के दस्ते की अगुवाई संभवतः मद्रास रेजिमेंट करेगी।

**सेनाओं के बीच बढ़ेगा आपसी तालमेल :** गौरतलब युद्ध-अभ्यास के जरिए दोनों देशों की सेनाएं न केवल अपनी अच्छी आदतों और अनुभवों को एक-दूसरे के साथ साझा करती हैं। बल्कि इसके जरिए उन्हें संयुक्त अभियानों के दौरान ज्यादा बेहतर समन्वय और सामंजस्य के साथ काम करने को लेकर समझ भी बढ़ती है।

### मुनीर, भुट्टो के बाद पाक...

सेनाप्रमुख जनरल आसिम मुनीर, पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने भारत को परमाणु युद्ध की धमकी दी तो उसके बाद उनके समर्थन में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी कूद पड़े हैं। बीते मंगलवार को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मैं दुश्मन को ये बता देना चाहता हूं कि हम उसे अपने हक की पानी की एक बूंद भी नहीं छीनने देंगे। लेकिन अगर उसने ऐसा करने की कोशिश की तो हम उसे ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो अपने कान पकड़ने को मजबूर हो जाएगा। पाकिस्तानी पीएम ने ये भी कहा कि भारत, सिंधु नदी के प्रवाह को रोकने की कोशिश न करे।

**भारत की बांध बनाने की कवायद शुरू :** पाकिस्तान की तरफ से दी जा रही इन गीदड़भभकियों के पीछे भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बनाया जा रहा नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट है। जिसे सिंधु गांव के निकट बनाया जा रहा है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया का आगाज किया जा चुका है। पाकिस्तान भारत के सिंधु समझौते को स्थगित करने के बाद उसके इसी कदम से हक्का-बक्का रह गया है और अब उसे ये डर सता रहा है कि कहीं भारत उसका पानी भी न रोक दे। जिसके चलते वो परमाणु युद्ध की धमकियां देने में लगा हुआ है। पाक प्रधानमंत्री से पहले वहां के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो भी भारत की सिंधु जल समझौते को स्थगित करने की कार्रवाई को लेकर धमकी देते हुए ये कह चुके हैं कि भारत का ये कदम हमारी सभ्यता और संस्कृति पर हमला है। हम भारत के साथ युद्ध के लिए तैयार हैं। भुट्टो के साथ पाकिस्तानी सेनाप्रमुख जनरल मुनीर ने अमेरिका के टैम्पा में कहा था कि अगर भारत सिंधु नदी पर बांध बनाता है तो हम उसे ऐसा करने देंगे। लेकिन निर्माण पूरा होने के बाद पाक बांध को अपनी दस मिसाइलें मार कर ढहा देगा। हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। भारत के साथ भविष्य में युद्ध की स्थिति में अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं तो हम आधी दुनिया को लेकर डूबेंगे।

### पाक दूतावास में रोकी...

*जल समझौता हुआ था। जिसे भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के ठीक अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति यानी सीसीएस की बैठक में स्थगित करने का निर्णय लिया गया था। इस आतंकी हमले में कुल 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक शामिल था। हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के संबंध पूरी तरह से बेपटरी हो गए हैं।*

### संसद ने हटाया....

जिसमें इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त जज के रूप में पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद की ओर से हटाया गया, तो उन्हें ये लाभ नहीं मिलेंगे।

**क्या कहता है संविधान का अनुच्छेद 217 :** संविधान के अनुच्छेद 217 के मुताबिक हाईकोर्ट के जज अपने हस्ताक्षर के साथ अपना इस्तीफा दे सकते हैं। जज के इस्तीफे को किसी स्वीकृति की जरूरत नहीं होती। केवल एक पत्र ही काफी होता है। जज इस्तीफे के लिए एक संभावित तारीख भी दे सकते हैं और इस तारीफ से पहले वे इस्तीफा वापस भी ले सकते हैं।

### बिहार में उतरेंगे राहुल गांधी...

ऐतिहासिक गांधी मैदान में एक विशाल रैली के रूप में होगा, जिसमें महागठबंधन और इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता शिरकत करेंगे। यह रैली आगामी विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता का प्रदर्शन भी मानी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह यात्रा बिहार में कांग्रेस की सक्रियता को बढ़ाएगी और विपक्ष को एकजुट रखने में मदद करेगी। इसके साथ ही मतदाता अधिकारों को लेकर नया विमर्श भी खड़ा करेगी।

**राहुल गांधी की वोट अधिकारी यात्रा:**

- यात्रा 17 अगस्त से सासाशुरू
- दो सप्ताह में 23 जिलों का दौरा
- तेजस्वी यादव भी होंगे साथ
- मतदाता सूची में गड़बड़ी के विरोध में होगी यात्रा
- 1 सितंबर को पटना में होगी समापन

### स्टेशन परिसर के बाहर भी निरीक्षण किया गया

# स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर आरपीएफ और जीआरपी ने चलाया चेकिंग अभियान

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस पर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके मद्देनजर रेलवे, आरपीएफ व जीआरपीअलर्ट हैं। बुधवार को जीआरपी और आरपीएफ ने फोर्स के साथ कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान खोजी कुत्ते, क्यूआरटी टीम के साथ प्लेटफॉर्म, महिला प्रतीक्षालय, सरक्यूलेटिंग एरिया, टिकटघर की चेकिंग की गई। साथ ही आधा दर्जन ट्रेनों में जाकर भी छानबीन की गई। मेटल डिटेक्टर से बैग, सूटकेस भी चेक किए गए। इस दौरान बताया गया कि 15 अगस्त को देखते हुए सभी प्लेटफॉर्म पर हथियार के साथ क्यूआरटी को तैनात किया गया है। इस दौरान आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक एसएन पाटीदार,



जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ओमनारायण सिंह व फोर्स मौजूद रही। यूपी के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने बैरियर, मुख्य मार्ग, अंतरराज्यीय बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजार क्षेत्रों में वाहनों व व्यक्तियों की गहन जांच की। त्योहारों पर अमन-चैन बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती, निरंतर गश्त और निगरानी की व्यवस्था की गई है ताकि जिले के लोग निश्चिंत होकर पर्व मना सकें।

## यूपी:23 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को पूर्वी-तराई इलाकों में अच्छी बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग का कहना है कि आज गुरुवार से मानसूनी बारिश पश्चिमी यूपी का रुख करेगी। पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर और बिजनौर में गुरुवार को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 19 अन्य जिलों में बारिश का येलो अलर्ट है। 36 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी है।

## शिवपाल के वार पर भाजपा का पलटवार



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन 24 घंटे की चर्चा होगी। इसके लिए 28 मंत्रियों की ड्यूटी लगी है। कल फतेहपुर में बवाल को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। सीएम योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के बीच चर्चा के बाद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और सपा विधायक फहीम इरफान में भी सवाल-जवाब हुआ। संजय निषाद के बयान के बाद माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि पहले भी मैंने कहा कि बिना सबूत के किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहिए। फूलन देवी को किसने मारा ये सबको पता है। केस चला और जेल भी गया। आपने सीधे कहा कि सपा हत्यारे हैं। पक्ष-विपक्ष के हंगामे के बीच संजय निषाद नहीं रुक रहे थे। इस पर सतीश महाना आए और आते ही कहा कि मंत्री जी का माइक बंद कर दीजिए। यूपी विधानसभा सत्र के दौरान उस समय हंगामा हो गया, जब नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने सपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि ये फूलन देवी के हत्यारे हैं। इस वाक्य को प्रोसिडिंग से निकाल दें। सभी को पता है कि किसने मारा पूरा मामला चला।

## हेड कांस्टेबल ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखीमपुर खीरी ।** लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली के मोहल्ला छाउछ निवासी हेड कांस्टेबल ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या का कारण पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। हाल ही में एक जुलाई 2025 को अनिल को हेड कांस्टेबल के पद पर प्रमोशन मिला था।

**AAR SHYAM INDIA INVESTMENT COMPANY LIMITED**

Regd Office: Space No. 920, Kirti Shikhar Building, District Centre,Janakpuri B-1, New Delhi-110058
CIN : L67120DL1983PLC015266 Tel: 011-45626909,
Email ID: info@aarshyam.in, Website: https://www.aarshyam.in

EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS
FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2025 (Rs. in lakhs)

| Particulars | Standalone Figures | | |
|---|---|---|---|
| | Quarter Ended (Unaudited) 30.06.2025 | Quarter Ended (Unaudited) 30.06.2024 | Year Ended (Audited) 31.03.2025 |
| Total income from operations (net) | 3.89 | 7.01 | 28.23 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | (67.87) | (1.31) | (2.20) |
| Net Profit / (Loss) for the period before Tax,(after Exceptional and/or Extraordinary Items) | (67.87) | (1.31) | (2.20) |
| Net Profit / (Loss) for the period after Tax,(after | | | |
| Exceptional and/or Extraordinary Items) Total Comprehensive Income for the period (Comprising | (67.87) | (1.31) | (2.20) |
| Profit/(Loss) for the period( after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) ) | (67.87) | (1.31) | (2.20) |
| Equity Share Capital | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 55.53 | 72.81 | 55.53 |
| Earnings Per Equity Share( of Rs.10/-each) (for continuing and discontinuing operations) (a) Basic: | (2.26) | (0.04) | (0.07) |
| (b) Diluted: | (2.26) | (0.04) | (0.07) |

**Notes**

1. Above results were reviewed by Audit Committee and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on Tuesday, August 12, 2025.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarter ended Standalone Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter ended unaudited Standalone Financial Results are available on the Stock Exchange website (https://www.bseindia.com) and Company's website https://www.aarshyam.in
3. The above results have been prepared in accordance with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 ('Ind AS') prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read together with Rule 3 of the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 and Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2016 as amended.

For Aar Shyam India Investment Company Limited
Sd/-
(Ankit Mehra)
Director
DIN: 07669838

Place : New Delhi
Date : August 12, 2025

**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**

FRICK
CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालयः 21.5 किलोमीटर, मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद, 121003
टेलीफोन नंबर 01292275691–94 ईमेलः fbd@frickmail.com वेबसाइटः www.frickweb.com

**30.06.2025 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(लाखों में रु.)

| क्र. स. | विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 30.06.2024 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| | राजस्व | | | | |
| I | परिचालन से राजस्व | 7,519.50 | 13,565.14 | 8,974.46 | 43,694.44 |
| II | अन्य आय | 428.43 | 129.63 | 350.87 | 1,068.15 |
| III | कुल आय (I+II) | 7,947.93 | 13,694.77 | 9,325.33 | 44,762.59 |
| IV | व्यय | | | | |
| | उपभोग की गई सामग्री की लागत | 5,576.41 | 7,597.35 | 6,989.56 | 28,765.51 |
| | तैयार माल, प्रगतिरत कार्य और व्यापार में स्टॉक | (522.91) | 1,263.79 | (988.73) | 577.95 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,586.63 | 1,826.60 | 1,484.90 | 6,327.33 |
| | वित्तीय लागत | 75.16 | 78.63 | 62.95 | 264.21 |
| | मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय | 98.59 | 113.49 | 59.40 | 333.62 |
| | अन्य व्यय | 807.36 | 1,224.24 | 849.86 | 3,875.31 |
| | कुल व्यय (IV) | 7,621.24 | 12,104.10 | 8,457.94 | 40,143.93 |
| V | कर–पूर्व लाभ (III&IV) | 326.69 | 1,590.67 | 867.39 | 4,618.66 |
| VI | कर व्यय | | | | |
| | क) चालू कर | 67.35 | 413.29 | 196.30 | 1,215.00 |
| | ख) आस्थगित कर | 8.15 | (44.54) | 2.45 | (70.80) |
| | ग) पिछले वर्षों का आयकर | – | (9.22) | – | (9.22) |
| | कुल कर (VI) | 75.50 | 359.53 | 198.75 | 1,134.98 |
| VII | अवधि के लिए कर–पश्चात लाभ (V&VI) | 251.19 | 1,231.14 | 668.64 | 3,483.68 |
| VIII | अन्य व्यापक आय (करों को छोड़कर) | | | | |
| | (क) (i) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | (3.93) | (3.69) | (4.01) | (15.71) |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगा लाभ या हानि के लिएः | 0.99 | 0.92 | 1.01 | 3.95 |
| | (ख) (i) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत किया जाएगाः | – | – | – | – |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | – | – | – | – |
| | कुल अन्य व्यापक आय (VIII) | (2.94) | (2.77) | (3.00) | (11.76) |
| IX | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (VII+VIII) | 248.25 | 1,228.37 | 665.64 | 3,471.92 |
| X | अन्य इक्विटी | | | | 30,219.71 |
| XI | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/– रुपये) | 599.98 | 599.98 | 599.98 | 599.98 |
| | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (रुपये/शेयर) | | | | |
| | क) मूल ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 4.19 | 20.52 | 11.14 | 58.06 |
| | ख) तनुकृत ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 4.19 | 20.52 | 11.14 | 58.06 |

**टिप्पणियाँ:**

1 उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और 13.08.2025 को आयोजित निदेशक मंडल की संबंधित बैठकों में इन्हें अनुमोदित कर अभिलेख में दर्ज कर लिया गया है और कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा इनकी सीमित समीक्षा की गई है।

2 कंपनी मुख्य रूप से औद्योगिक प्रशीतन और वातानुकूलन प्रणालियों के निर्माण, आपूर्ति और निष्पादन के व्यवसाय में लगी हुई है। चूँकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिमों और प्रतिफलों के एक ही समूह द्वारा नियंत्रित होती है, इसलिए इंड एस 108 "परिचालन खंड" के अनुसार, इसमें केवल एक ही रिपोर्ट योग्य खंड है।

3 पिछली अवधियों/वर्षों के आंकड़ों को, जहाँ भी आवश्यक हो, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक के समीक्षित वर्ष–दर–वर्ष आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ताक्षरकर्ता/–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन – 00383412

दिनांकः 13.08.2025
स्थानः दिल्ली

**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**

FRICK
CIN : L74899HR1962PLC002618
पंजीकृत कार्यालयः 21.5 किलोमीटर, मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद, 121003
टेलीफोन नंबर 01292275691–94 ईमेलः fbd@frickmail.com वेबसाइटः www.frickweb.com

**30.06.2025 को समाप्त तिमाही के लिए समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(लाखों में रु.)

| क्र. स. | विवरण | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त |
|---|---|---|---|---|
| | | 30.06.2025 अलेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित | 31.03.2025 लेखापरीक्षित |
| | राजस्व | | | |
| I | परिचालन से राजस्व | 7,519.50 | 13,565.14 | 43,694.44 |
| II | अन्य आय | 428.43 | 129.63 | 1,068.15 |
| III | कुल आय (I+II) | 7,947.93 | 13,694.77 | 44,762.59 |
| IV | व्यय | | | |
| | उपभोग की गई सामग्री की लागत | 5,576.41 | 7,597.35 | 28,765.51 |
| | तैयार माल, प्रगतिरत कार्य और व्यापार–स्टॉक की सूची में परिवर्तन | (522.91) | 1,263.79 | 577.95 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 1,586.63 | 1,826.60 | 6,327.33 |
| | वित्तीय लागत | 75.16 | 78.63 | 264.21 |
| | मूल्यह्रास एवं परिशोधन व्यय | 98.59 | 113.49 | 333.62 |
| | अन्य व्यय | 807.36 | 1,224.24 | 3,875.31 |
| | कुल व्यय (IV) | 7,621.24 | 12,104.10 | 40,143.93 |
| V | संयुक्त उद्यम के (हानि) के हिस्से और कर से पहले का लाभ (III&IV) | 326.69 | 1,590.67 | 4,618.66 |
| VI | संयुक्त उद्यम के (हानि) के हिस्से (VI) | (0.01) | (18.10) | (18.10) |
| VII | कर से पहले का लाभ (V+VI) | 326.68 | 1,572.57 | 4,600.56 |
| VII | कर व्यय | | | |
| | क) चालू कर | 67.35 | 413.29 | 1,215.00 |
| | ख) आस्थगित कर | 8.15 | (44.54) | (70.80) |
| | ग) पिछले वर्षों का आयकर | – | (9.22) | (9.22) |
| | कुल कर (VII) | 75.50 | 359.53 | 1,134.98 |
| VIII | अवधि के लिए कर–पश्चात लाभ (VII&VIII) | 251.18 | 1,213.04 | 3,465.58 |
| IX | अन्य व्यापक आय (करों को छोड़कर) | | | |
| | (क) (i) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | (3.93) | (3.69) | (15.71) |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | 0.99 | 0.92 | 3.95 |
| | (ख) (i) वे मदें जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृतः | – | – | – |
| | (ii) उन मदों से संबंधित आयकर जिन्हें लाभ या हानि में पुनर्वर्गीकृत नहीं किया जाएगाः | – | – | – |
| | कुल अन्य व्यापक आय (IX) | (2.94) | (2.77) | (11.76) |
| X | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (VIII+IX) | 248.24 | 1,210.27 | 3,453.82 |
| XI | अन्य इक्विटी | | | 30,201.61 |
| XII | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/– रुपये) | 599.98 | 599.98 | 599.98 |
| | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (रुपये/शेयर) | | | |
| | क) मूल ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 4.19 | 20.22 | 57.76 |
| | ख) तनुकृत ईपीएस – वार्षिकीकृत नहीं | 4.19 | 20.22 | 57.76 |

**टिप्पणियाँ:**

1 उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और 13.08.2025 को आयोजित निदेशक मंडल की संबंधित बैठकों में इन्हें अनुमोदित कर अभिलेख में दर्ज कर लिया गया है और कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा इनकी सीमित समीक्षा की गई है।

2 कंपनी मुख्य रूप से औद्योगिक प्रशीतन और वातानुकूलन प्रणालियों के निर्माण, आपूर्ति और कार्यान्वयन के व्यवसाय में लगी हुई है। चूँकि इन गतिविधियों की मूल प्रकृति जोखिमों और प्रतिफलों के एक ही समूह द्वारा नियंत्रित होती है, इसलिए इंड एस 108 "परिचालन खंड" के अनुसार, इसमें केवल एक ही रिपोर्ट योग्य खंड है।

3 पिछले वर्ष के दौरान, फ्रिक इंडिया लिमिटेड (एफआईएल) ने 13 जनवरी, 2025 को मेसर्स मायेकावा मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड, जापान (मायेकावा) के साथ संयुक्त उद्यम समझौता किया और 27 फरवरी 2025 को मायेकावा–51ः और एफआईएल–49ः के अनुपात में एक नई कंपनी मायकॉम–एफआईएल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एक संयुक्त उद्यम इकाई) (श्रट कंपनी) का गठन किया। 30 जून 2025 तक श्रट कंपनी की कुल भुगतान की गई इक्विटी शेयर पूंजी 3,000.00 लाख रुपये है और 30 जून 2025 तक एफआईएल द्वारा किया गया निवेश 1,450 लाख रुपये है (जिसमें 30 जून 2025 को समाप्त चालू तिमाही में निवेश किए गए 1,000 लाख रुपये शामिल हैं)। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के समेकित आंकड़े नहीं दिए गए हैं क्योंकि उस अवधि में कोई संयुक्त उद्यम नहीं था।

4. पिछली अवधियों/वर्षों के आँकड़ों को, जहाँ आवश्यक हो, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है। 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही के आँकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित आँकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक समीक्षित वर्ष–दर–वर्ष आँकड़ों के बीच संतुलन हैं।

बोर्ड की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ताक्षरकर्ता/–
जसमोहन सिंह
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन – 00383412

दिनांकः 13.08.2025
स्थानः दिल्ली





डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## बढ़ती उम्र में जब हो अपच की समस्या



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। मुझे खाना ठीक से नहीं पचता। साथ ही कभी कब्ज, तो कभी लूज मोशन की समस्या होती रहती है। मेरे पेट की समस्या का स्थाई उपचार बताने का कष्ट करें।**

**-रामदेव, बहादुरगढ़**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपकी पाचन क्रिया प्रभावित हो गई है। बढ़ती उम्र में कई लोगों को यह समस्या आती है। इसके लिए आपको खान-पान में खास ध्यान देना पड़ेगा। खाने में सलाद और दही जरूर शामिल करें, कोशिश करें कि अधिक तेल वाला खाना बिल्कुल ना खाएं। शाम को हल्का खाना खाएं और सोने से तीन-चार घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह बदलाव करने से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मेरे चेहरे पर झाइयां हैं। कई प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। इन झाइयों को कैसे ठीक किया जाए? कृपया इसका समाधान बताएं।**

**-पंकज, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपने झाइयों के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स यूज किए। आपने यह नहीं बताया कि यह प्रोडक्ट आपने अपनी मर्जी से इस्तेमाल किए या डॉक्टर की सलाह से? क्योंकि त्वचा में कोई भी क्रीम या लोशन बगैर डॉक्टर के सलाह के नहीं इस्तेमाल करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वही इसका ट्रीटमेंट बताएंगे, फिलहाल आप पानी का सेवन खूब करें।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। बारिश के मौसम में कुछ भी ठंडा खाने पर मुझे छींकें आने लगती हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-साकेत, बिलासपुर**

इस मौसम में गर्मी के मुकाबले तापमान में बदलाव आता है। कुछ लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, जिसकी वजह से ठंडा या गरम खाने से तुरंत प्रभाव पड़ता है और उसके इफेक्ट सामने आते हैं। इसलिए कोशिश करें कि आप फ्रिज में रखी या ठंडी चीज ना खाएं। साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन सी वाले फल खाएं।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। मेरे तलवों में कभी-कभी सुई की चुभन जैसा तेज दर्द होता है। ऐसा क्यों होता है, यह किसी गंभीर बीमारी के लक्षण तो नहीं?**

**-दुर्गेश, भोपाल**

बगैर जांच किए आपकी समस्या के बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। बेहतर होगा कि एक बार आप न्यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लें। क्योंकि कई बार मसल्स या न्यूरो से संबंधित समस्या भी हो जाती है। इसलिए लापरवाही न करें और डॉक्टर से संपर्क कर लें तो हर शंका का समाधान हो जाएगा।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। बरसात के मौसम में भीगने पर मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, रायगढ़**

आप बारिश के पानी से बचें क्योंकि सड़क में भरे पानी में कई बार नाली का पानी मिल जाता है, जो संक्रमण का कारण बनता है। इसलिए आप बारिश में सड़कों पर पानी में न जाएं। अगर जाना जरूरी भी हो तो पैरों में नारियल का तेल लगाकर ही जाएं, वापस आने पर गर्म पानी से पैरों को धोएं और ठीक से सुखा लें और फिर से नारियल तेल लगा लें। इस तरह राहत मिल सकती है। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

योगोपचार

दिव्यज्योति 'नंदन'

अगर आप भी इन दिनों यानी मानसून के दौरान डलनेस फील करते हैं तो परेशान ना हों। अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ योगासनों को शामिल कर लें। इनके अभ्यास से आपका मूड हैप्पी रहेगा और आप एनर्जेटिक भी फील करेंगे। योगासन किस तरह से मूड को करता है बूस्ट, बता रहे हैं डिटेल में।

## बारिश के मौसम में करें ये योगासन
# मूड रहेगा हैप्पी-एनर्जेटिक



बारिश के दिनों में जब मन आलस से भरा या बुझा सा रहता है, तो उस दौरान योग, नेचुरल मूड बूस्टर की भूमिका निभाता है। इसके पीछे गहरे वैज्ञानिक कारण जिम्मेदार होते हैं। दरअसल, बारिश के दिनों में कई बार वातावरण, मन-मिजाज पर भारी पड़ता है। लगातार बादलों का घिरा रहना, सूरज की गैरमौजूदगी, घर से बाहर निकलने में असुविधा और थकी हुई दिनचर्या, लोगों को मानसून ब्लूज या टेंपरेरी डिप्रेशन के घेरे में पहुंचा देता है। ऐसी स्थितियों में कुछ योगासन, बेहद असरकारी मूड बूस्टर का रोल निभा सकते हैं, जो ना केवल शरीर को सक्रिय रखते हैं बल्कि मन को भी स्फूर्तिदायक बनाते हैं। क्योंकि योगासन, ना केवल शरीर को स्ट्रेच करते हैं बल्कि दिमाग को भी रिफ्रेश करते हैं। ये हमारे शरीर के जरूरी हार्मोनों को सक्रिय करते हैं और इस तरह बारिश के मौसम में मूड को बढ़िया रखते हैं।

### रिलीज होते हैं सेरोटोनिन-एंडोर्फिन

सेरोटोनिन और एंडोर्फिन हार्मोंस, फील गुड हार्मोन कहलाते हैं और कई ऐसे योगासन हैं, जिनके करने से ये हार्मोन तेजी से रिलीज होते हैं। जैसे, धुंधले-धुंधले बारिश के दिनों में सूर्य नमस्कार करने से शरीर को गर्मी मिलती है और थकावट दूर भागती है। इसे करने से फील गुड हार्मोन पैदा होते हैं, जो हमारे मूड को खुशनुमा बनाते हैं। व्रजासन भी मानसून के दिनों के सुस्ती भगाने का महत्वपूर्ण योगासन है। इसके अलावा अन्य जो आसन बारिश के दिनों में फील गुड हार्मोन का स्राव बढ़ाकर हमारे मन-मस्तिष्क को सक्रिय और ऊर्जावान बनाते हैं, उनमें हैं- बालासन यानी चाइल्ड पोज और शवासन। बालासन करने से मन शांत और प्रसन्न होता है। इसी तरह शवासन भी बहुत फायदेमंद योगासन होता है, क्योंकि यह थकावट और चिड़चिड़ेपन दोनों में लाभकारी होता है। थकावट और चिड़चिड़ापन बारिश के दिनों में अकसर ही हमें अपनी गिरफ्त में ले लेता है। ऐसे में इन दिनों अगर नियमित रूप से ये आसन किए जाएं तो हमारे शरीर से कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर घटता है। कोर्टिसोल, तनाव पैदा करने वाला हार्मोन है, जो उन लोगों में बहुत कम रिलीज होता है, जो बारिश के दिनों में नियमित रूप से सक्रिय रहते हैं और जो सक्रिय नहीं रहते, उन्हें ये दिन बेहद थकान और तनाव से भरे लगते हैं। कोर्टिसोल कम बनने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और तनाव से मुक्ति मिलती है। गौरतलब है कि कोर्टिसोल हार्मोन हमारी अनिद्रा, बेचैनी और डिप्रेशन के लिए भी जिम्मेदार होता है। जब कोर्टिसोल बनता ही नहीं तो या बहुत मामूली बनता है, तो हमें बारिश के दिनों में योग करने से विशेषकर बालासन और शवासन से तनाव से मुक्ति मिलती है।

### योग इसलिए जरूरी है

वास्तव में योग कोई दवा या लत नहीं है, यह बिना किसी साइड इफेक्ट के एक ऐसा अभ्यास होता है, जो हमारे शरीर को वही फायदे देता है, जो कई जड़ी-बूटियों और दवाओं से मिलता है। इसलिए बारिश के दिनों में बाकी किसी मौसम के मुकाबले कहीं ज्यादा योगासन करने की जरूरत होती है। इसके लिए घर पर मैट बिछाकर या खुले कमरे में चादर बिछाकर आराम से आधे से एक घंटे तक योगासन करना चाहिए। ऐसा करने से शरीर का बाहरी आवरण तो स्वस्थ और सुंदर बनता ही है, मन का भीतरी आवरण यानी मानसिक भावनाएं भी ऊर्जा से लबरेज हो जाती हैं, क्योंकि इन दिनों सूरज कम दिखता है, जिससे हमारे शरीर को जरूरी विटामिन डी और हैप्पी हार्मोन जैसे सेरोटोनिन मिलने कम हो जाते हैं। ऐसे में पूरा शरीर डल, थका-थका सा महसूस करता है। लेकिन योग इन्हीं दिनों अपने नियमित अभ्यास के कारण आपको न केवल थकान और डलनेस से बचाता है बल्कि इसी के कारण इन दिनों आप अस्वस्थ होने और संक्रमण से भी बचे रहते हैं।



### इन बातों का ध्यान रखें



बारिश के दिनों में योगासन करने से मूड बूस्ट होता है, लेकिन भूल करके भी इन दिनों नमी वाले फर्श पर योगासन नहीं करें। जिम में पहने जाने वाले टाइट-फिटेड ड्रेस पहन कर भी कभी योगासन नहीं करें। हल्के, कॉटन ड्रेस पहनकर ही योगासन करें। भोजन के कम से कम ढाई से तीन घंटे बाद ही मानसून के दिनों में आसन करें वर्ना पाचन की समस्या हो सकती है। इन दिनों अपने योगासनों में ध्यान को भी जरूर शामिल कर लें। इससे मन को ऊर्जा और शांति मिलती है।

### इसलिए कहते हैं मूड बूस्टर

योग को नेचुरल मूड बूस्टर इसलिए माना जाता है क्योंकि इसकी कुछ विशेष क्रियाएं शरीर के हार्मोनल बदलाव में बड़ी भूमिका निभाती हैं। इससे मन शांत, स्फूर्तिवान तथा मूड ऊर्जावान बनता है। बारिश के दिनों में योग करने से शरीर से एंडोर्फिन और सेरोटोनिन का जो स्राव होता है, ये दोनो वही हार्मोन हैं, जो हमारे दोस्तों के साथ खिलखिलाकर हंसने से पैदा होते हैं या फिर व्यायाम करने से पैदा होते हैं। इन दिनों नियमित तौर पर योगासन करने से हम अपनी सांसों पर नियंत्रण कर सकते हैं। विशेषकर अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उज्जाई तकनीकों से मस्तिष्क को ताजगी और शांति मिलती है।

### ऊब-अकेलापन भी करता है दूर

बारिश के दिनों में ऊब और अकेलापन भी एक बड़ी समस्या होती है। घर से जाकर मनोरंजन करने या मूड बदलने की हिम्मत नहीं होती और घर में पड़े-पड़े डिप्रेशन की गिरफ्त में हम आ सकते हैं। ऐसे में बारिश के दिनों में घर से बाहर निकलें, प्रकृति के बीच विचरण करें और योग करें तो इस तरह के सारे अकेलेपन के भाव दूर हो जाते हैं।

### ये आसन हैं कारगर

सूर्य नमस्कार करने से शरीर का रक्त संचार बेहतर होता है और पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह महसूस होता है। बालासन करने से मन को शांति मिलती है, जो कई रसायनिक प्रक्रियाओं के साथ मन को स्फूर्तिदायक चेतना प्रदान करता है। सेतुबंध आसन, अनुलोम-विलोम, व्रजासन तथा भ्रामरी प्राणायाम बारिश के दिनों में मन की सुस्ती और थकान को दूर करके दिल-दिमाग को ऊर्जा से लबरेज करते हैं। इन्हें भी अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। *







हर्बल जोन / रेखा देशराज

## फंगल इंफेक्शन-एलर्जी से बचाए एलोवेरा

बारिश के मौसम में एलोवेरा हमें फंगल इंफेक्शन और एलर्जी से बचाने के लिए एक इफेक्टिव नेचुरल प्लांट है। यह न केवल शरीर के बाहरी संक्रमण से हमें बचाता है बल्कि हमें भीतरी तौर पर भी मजबूती देता है। बारिश के दिनों में एलोवेरा के इस्तेमाल से हमारा पाचन दुरुस्त रहता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता हममें बरकरार रहती है। त्वचा विभिन्न तरह के मौसमी संक्रमण से बची रहती है और बाल जो इन दिनों बारिश के पानी आदि से खराब हो जाते हैं, उससे भी एलोवेरा हमारा बचाव करता है। इसका कारण यह है कि एलोवेरा में प्राकृतिक एंटी फंगल, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेट्री गुण पाए जाते हैं।



**फंगल संक्रमण से बचावः** चूंकि बारिश के दिनों में वातावरण में नमी बहुत अधिक होती है, जो फंगल यानी फफूंदी के पनपने के लिए सबसे आदर्श स्थिति होती है। इस मौसम में शरीर के पसीने वाले हिस्सों जैसे पैर, बगल, गर्दन, पीठ पर फंगल इंफेक्शन का खतरा रहता है। इस संक्रमण से खुजली होती है, जलन महसूस होती है, लाल चकत्ते पड़ जाते हैं या बदूबदार दाने निकल आते हैं।

**एलर्जी से बचावः** मानसून के दिनों में कई लोगों को त्वचा की एलर्जी बहुत परेशान करती है। जैसे पसीने से रैशेज, गंदे पानी से खुजली, मच्छरों के काटने से सूजन आदि का होना। ऐसे में एलोवेरा त्वचा की सभी समस्याओं से राहत दिलाता है। एलोवेरा जैल का इस्तेमाल करने से त्वचा में आई सूजन भी समाप्त हो जाती है। दरअसल, एलोवेरा में ग्लूकोमैनन और जिबरेलिन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा में किसी भी तरह से आई सूजन को कम करते हैं। इसके साथ ही एलोवेरा त्वचा को नमी देता है, जिससे इसकी ड्राइनेस और जलन खत्म होती है। इसका एंटी ऑक्सीडेंट गुण बारिश के दिनों में त्वचा को होने वाली विभिन्न नुकसानों की भरपाई करता है। इसका इस्तेमाल बहुत सरल है। एलोवेरा के जैल को एलर्जी वाली जगहों पर हल्के हाथों से लगाएं और जगह को बिना धोए ही छोड़ दे। मच्छर के काटने या खुजली में यह प्राकृतिक कूलिंग जैल की तरह का काम करता है।

**बरतें सावधानीः** एलोवेरा के इस्तेमाल के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप जिस एलोवेरा जैल का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह सौ प्रतिशत शुद्ध है, इसमें किसी तरह की कोई सुगंध या रसायन की मिलावट न की गई हो। गर्भवती महिलाओं को विशेष तौर पर इसके इस्तेमाल से सावधान रहना चाहिए और यदि कोई विशेष दवा ले रहा है, तो उसे एलोवेरा का सेवन करने के पहले डॉक्टर की सलाह ले लेना चाहिए। *



### करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई, एक भी किसान को नहीं लौटाई गई राशि

# अमानक खाद की बिक्री को लेकर की शिकायतें, फिर भी नहीं की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र में अमानक खाद की बिक्री करने के नियम काफी सख्त हैं। यहां तक कि यदि अमानक खाद (रासायनिक उर्वरक) की बिक्री पाई जाती है जो इसकी भरपाई संबंधित आपूर्तिकर्ता कंपनी से की जाएगी। पिछले 2017 से लेकर 2022 तक की अवधि में करोड़ों रुपए की अमानक खाद की बिक्री पकड़ी गई। बाद में यह तय हुआ कि इसकी बिक्री से मिल चुकी राशि को संबंधित किसानों को वापस लौटाया जाएगा।

किंतु इसमें करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई और एक भी किसान को राशि नहीं लौटाई गई। इस मामले में मुख्य सचिव ने जांच कराने का आश्वासन दिया था, वह भी नहीं हुआ। दरअसल, मप्र ने नवंबर 2002 में ही अमानक उर्वरक की आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्ता कंपनियों के भुगतान से काटी गई राशि को जमा करने के लिए अमानक उर्वरक कोष बनाया था। अमानक उर्वरक की कीमत उन किसानों को वापस की जानी थी, जिन्होंने इन उर्वरकों का उपयोग किया था, जिसके लिए मार्कफेड को किसानों, समितियों से दावा प्राप्त करने के लिए वर्ष में कम से कम दो बार समाचार पत्रों में विज्ञापन देना जरूरी था। यदि आपूर्तिकर्ता एक वर्ष के भीतर किसी न्यायालय के समक्ष काटी गई राशि का दावा नहीं करता है, और क्रेता किसान, समितियां, जिन्हें अमानक उर्वरक बेचा गया था, दो वर्ष के भीतर दावा नहीं करते हैं, तो काटी गई राशि उर्वरक कोष में जमा कर दी जाएगी। किंतु अमानक पाए जाने पर कार्रवाई तो दूर वह राशि भी कोष में नहीं जमा कराई गई। इसका खुलासा सीएजी की रिपोर्ट में हुआ है। मुख्य

#### अमानक कोष के लिए यह है नियम

*इस कोष का प्रबंधन पंजीयक, सहकारी समितियां भोपाल की ओर से किया जाता है। कोष में जमा राशि का उपयोग किसानों के कल्याण के लिए किया जाना था। यानी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कृषि उपकरणों के लिए सहायता प्रदान करने, फॉस्फेटिक उर्वरक के त्वरित परीक्षण के लिए परीक्षण किट क्रय करने, किसानों को ऑफ-सीजन रिबेट प्रदान करने आदि में इस राशि का उपयोग होना है। सीएजी ने पाया कि बिक्रित, अबिक्रित अमानक उर्वरकों की कीमत आपूर्तिकर्ता के देयक से काट ली जाती है, बयाना जमा राशि के विरुद्ध समायोजित कर दी जाती है। निर्धारित दावा अवधि की समाप्ति के बाद अबिक्रित अमानक उर्वरकों को आपूर्तिकर्ता कंपनी को हस्तांतरित करने का नियम बनाया गया है। इसके साथ ही साथ यह भी नियम है कि बिक्रित अमानक उर्वरक के लिए कटौती की गई राशि को अमानक उर्वरक कोष में स्थानांतरित कर दिया जाता है।*

#### इतनी राशि की हुई हेराफेरी, जांच व कार्रवाई कुछ नहीं

सीएजी ने पाया कि वर्ष 2017-22 में 8,885 एमटी अमानक उर्वरकों में से 2,561 एमटी किसानों को बिक्री किए और 6,324 एमटी अबिक्रित उर्वरक थे। आगे यह भी पाया गया कि प्रबंध संचालक, मार्कफेड ने अवधि 2017-22 के दौरान आपूर्तिकर्ताओं के भुगतान से रोकी। इसमें 13.10 करोड़ रुपए की राशि में से 10.74 करोड़ (बिक्री किए गए 0.27 करोड़ और अबिक्रित 10.47 करोड़ की लागत) काट लिया। किंतु उस अवधि के दौरान किसानों से कोई दावा प्राप्त नहीं हुआ, और न ही किसी भी किसान को राशि वितरित की गई। इतना ही नहीं प्रबंध संचालक मार्कफेड ने 2017-18, 2019-20 और 2020-21 में केवल एक बार समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित किया, जो अपर्याप्त था और उन्होंने 2018-19 और 2021-22 में विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया। यह भी पाया गया कि किसानों को बिक्री किए अमानक नमूना उर्वरक की कीमत का भुगतान किसी भी किसान को नहीं किया गया।

## प्रदेश के सभी 22 जिलों में प्रजापति समाज के एक लाख परिवारों को मिला मिट्टी खुदाई का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। भूमि पात्रता प्रमाण पत्र वितरित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रजापति समाज से आह्वान किया कि वे अपनी पारंपरिक कला को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उसे और सशक्त बनाएं। साथ ही, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए नई तकनीकों को अपनाकर एवं अपने उत्पादों की गुणवत्ता एवं आकर्षण बढ़ाकर बाजार की मांग के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कुरुक्षेत्र में प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण हेतु आयोजित एक राज्य समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 22 जिलों में एक साथ आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 1 लाख परिवारों को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस योजना के तहत लगभग 1700 गांवों में प्रजापति समाज को मिट्टी खुदाई का सामूहिक अधिकार देने हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष पवन कुमार, मोहन सिंह, काला राम,धर्मवीर आर्य, रुलदु राम व पाला राम ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रजापति समाज को मेहनती, ईमानदार और हुनरमंद बताते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मिट्टी के बर्तन बनाने की कला हमारी सांस्कृतिक धरोहर रही है।

#### इस नियमावली के तहत दिया गया लाभ

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह प्रमाण पत्र ग्राम शामलात भूमि नियमावली 1964 के अंतर्गत प्रदान किए गए हैं। यह न केवल भूमि के उपयोग का अधिकार देते हैं, बल्कि प्रजापति समाज के लोगों को अपने कार्य को निर्बाध रूप से संचालित करने की कानूनी शक्ति भी प्रदान करते हैं। इन प्रमाण पत्रों के माध्यम से प्रजापति समाज के लोगों को अपनी कला को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा, उनके सपनों को नए पंख लगेंगे और अब उन्हें अपने उत्पाद निर्माण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि गत 13 जुलाई को भिवानी में आयोजित दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रजापति समाज को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान करने का संकल्प लिया था, जिसे एक माह में पूरा किया गया है।

### जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में बोले उपमुख्यमंत्री शर्मा



## जुआ, सट्टा, नशे और गौतस्करी पर सख्त कार्रवाई करें: डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय में हुई जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विभागीय कार्यों में प्रभावी नवाचार करने और जनप्रतिनिधियों के सुझावों को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृत निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने, निर्मित आवासों का अवलोकन जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं के साथ कराने, नगरीय निकायों में कचरा निष्पादन व गौ अभ्यारण्य के प्रस्ताव तैयार करने तथा सट्टा, नशा और गौवंश तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साइबर क्राइम नियंत्रण में विद्यार्थियों व सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने और अविवादित राजस्व प्रकरणों का पंचायत स्तर पर निपटारा करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग को प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, कृषि विभाग को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सभी किसानों तक पहुंचाने और दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। पशु चिकित्सा विभाग को मोबाइल वैन से त्वरित उपचार व्यवस्था मजबूत करने और जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण सीसी रोड कार्य पंचायत को हस्तांतरित करने को कहा गया। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 28,476 आवास पूर्ण हो चुके हैं, 1,00,411 पौधरोपण हुआ है, 16 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र निर्माणाधीन हैं, 72 बर्तन बैंक स्थापित हो चुके हैं, 14.97 लाख हितग्राही आयुष्मान भारत योजना में पंजीकृत हैं और 804 सौर पैनल लगाए जा चुके हैं।

### रिश्तेदारी से घर लौट रहे युवक के साथ हादसा

## बाइक समेत सड़क पर गिरा युवक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले में रिश्तेदार के घर से अपने गांव लौट रहे बाइक सवार ग्रामीण की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है वहीं, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, शांता कुमार राठिया ने थाने में सूचना देते हुए बताया कि 10 अगस्त की सुबह उसके चाचा विजय कुमार राठिया उम्र 45 साल, अपनी बाइक से ग्राम पांकादरहा, बिलासखार रिश्तेदारी में गए थे। जहां से घर लौटे समय जब वह बांसमुडा केरामुडा मेन रोड में पहुंचा ही था कि वह अपने बाइक पर नियंत्रण खो बैठे और बाइक समेत सड़क पर गिर गए। इस दुर्घटना में उनके सिर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी, जिसकी वजह से मौके पर ही उनकी मौत हो गई।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से की सौजन्य भेंट

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को संसद भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री शाह को प्रदेश में नए आपराधिक कानून लागू करने और सहकारिता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश की राजधानी बने। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रदेश की हिस्सेदारी, जो अभी 9 प्रतिशत है, उसको बढ़ाकर 25 फीसदी करने का लक्ष्य रखा गया है। नए कानून लागू करने में मध्य प्रदेश अग्रणी राज्य बन गया है।



चिंतन

# सिंधु जल संधि पर कड़ा रुख अपनाए रखे भारत

पाकिस्तान की गीदड़भभकियों, धमकियों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। सिंधु जल संधि को भारत ने जिस मकसद के लिए निलंबित किया है, उसके पूरे होने तक भारत को अपने रुख पर कायम रहना चाहिए। इधर तीन दिन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ, पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर और पीपीपी नेता बिलावल भुट्टो ने भारत के खिलाफ उकसावे वाले बयान दिए हैं। पाकिस्तान बेशक अमेरिकी कठपुतली बनकर खेल रहा है और भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है, लेकिन इससे भारत को न ही विचलित होने की जरूरत है और न ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। भारत ने सिंधु जल समझौता तब निलंबित किया है, जब पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों से बाज नहीं आ रहा था और पाक स्थित आतंकी गुट ने पहलगाम में हिंसा को अंजाम दिया। भारत के अनेक बार सबूत देने के बावजूद पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवादी हरकतें बंद नहीं की। पहलगाम घटना के बाद भारत का सब्र जवाब दे गया और सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कदम उठाए, जिसमें ट्रेड पूर्ण रूप से बंद करने, अटारी व वाघा बॉर्डर बंद करने से लेकर सिंधु जल समझौते को निलंबित करने जैसे एक्शन हैं। भारत ने 1960 के सिंधु जल समझौते को 23 अप्रैल को स्थगित कर दिया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। अब जब सिंधु, चिनाब व झेलम से पानी का बहाव पाकिस्तान में कम हुआ है और पाकिस्तान को जल संकट आसन्न दिखाई दे रहा है, तो बौखलाहट में पाकिस्तान सरकार के पदेन लोग भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। पाक फौज प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने अमेरिका की धरती से भारत को परमाणु बम की धमकी दी कि अगर इस्लामाबाद को भारत से अस्तित्व का खतरा महसूस हुआ, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। खेदजनक है कि अमेरिका ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु दरिया के पानी पर कहा कि अगर भारत ने युद्ध थोपा, तो पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। उसके बाद अब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को खुली धमकी दी है कि वह पाकिस्तान का एक बूंद पानी भी किसी को छीनने नहीं देंगे। सवाल है कि ये लोग किस हैसियत से भारत को धमकियां दे रहे हैं, न तो यह कूटनीति की भाषा है और न किसी राष्ट्र की भाषा है। भारत का रुख साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं करता है, तब तक भारत पाक से न कोई वार्ता करेगा और न ही सिंधु जल संधि को बहाल करेगा। पाकिस्तान अमेरिका व चीन के दम पर अगर भारत के खिलाफ उकसावे वाला बयान दे रहा है, तो वह ऐसा करता रहे। भारत अपनी आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ही कार्य करेगा। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सीमा पार से पाकिस्तान की कोई भी आतंकी व सैन्य हरकत युद्धघोष मानी जाएगी। भारत स्पष्ट कर चुका है कि वह न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग को बर्दाश्त नहीं करेगा, पाक आतंकवाद खत्म करे, फिर वार्ता टेबल पर आए। पाक जिस अमेरिका व चीन के बल पर कूद रहा है, उसी से पाक को पानी मांगना चाहिए। भारत का सिंधु जल समझौते को निलंबित करना न किसी अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में आता है और न ही यह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का उल्लंघन है। भारत वर्षों से पाक प्रायोजित आतंकवाद से पीड़ित है और इसलिए उसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने का अधिकार है। भारत जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है, वह यूं ही किसी को धमकी नहीं देता है।

दिवस विशेष

विवेक शुक्ला



# मुस्लिम लीग ने आग में घी डालने का किया था काम

मोहम्मद अली जिन्ना 7 अगस्त, 1947 को दिल्ली के सफदरजंग एयरपोर्ट से कराची के लिए रवाना हो रहे थे। उनके साथ उनकी बहन फातिमा जिन्ना भी थीं। तब यहां सांप्रदायिक दंगे भड़के हुए थे। पर मजाल है कि उन्होंने दिल्ली को हमेशा-हमेशा के लिए छोड़ने से पहले एक बार भी दंगाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति बहाली की जरूरत महसूस की हो। हालांकि जिस जिन्ना ने 16 अगस्त 1946 को 'डायरेक्ट एक्शन डे' का आह्वान किया था, उससे इस तरह की उम्मीद नहीं की जा सकती थी कि वह नफरत की आग को बुझाने का काम करेगा। जिन्ना के आह्वान के चलते कोलकाता में इस दिन शुरू हुई हिंसा में हजारों बेगुनाह लोग मारे गए। इसे 'ग्रेट कलकत्ता किलिंग्स' कहा गया। जिन्ना या मुस्लिम लीग ने खून-खराबे को रोकने की बजाय आग में घी डालने का ही काम किया था। जब कोलकात्ता जल रहा था तब हुसैन शहीद सुहरावर्दी बंगाल के मुख्यमंत्री थे। उन पर आरोप लगे कि उन्होंने पुलिस को निर्देश दे दिए थे कि वह आंखें बंद करके बैठी रहे। इन दंगों में हिंदुओं को विशेष रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा। 16 से 20 अगस्त 1846 तक चली हिंसा में, अनुमानित 10 हजार लोग मारे गए। घायलों का आंकड़ा भी हजारों में था। खैर, सुहरावर्दी आगे चलकर पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री भी बने। वरिष्ठ लेखक त्रिलोक दीप 1947 के बंटवारे पर बातें करने से बचते हैं। उन्हें बंटवारे ने बहुत गहरे घाव दिये हैं। इसरार करने पर बताने लगते हैं कि "मैं तब दस साल का था और अपने माता-पिता के साथ अगस्त, 1947 से कुछ पहले ही रावलपिंडी से लाहौर होता हुआ लखनऊ पहुंच गया था। रावलपिंडी के हालात लगातार खराब हो रहे थे। इसलिए हमने इंतजार करना मुनासिब नहीं समझा। पर मेरे नाना अमीचंद और नानी भाग्यवती को भीड़ ने उनके गांव में मार दिया था।" ये सब बताते हुए 90 साल के त्रिलोक दीप की आंखें भीगने लगती हैं। भारत के विभाजन को अब एक अरसा गुजर गया है, पर अब भी हमारे आसपास इस तरह के तमाम लोग मौजूद हैं, जिन्होंने उस दौर में हुए दंगों में अपनों को खोया। देश के बंटवारे के कारण लगभग 1.5 करोड़ लोग एक देश से दूसरे में गए। इस दौरान हिंदू-सिख और मुस्लिम समुदायों के बीच भयंकर सांप्रदायिक दंगे हुए। पंजाब, बंगाल और दिल्ली जैसे क्षेत्रों में हिंसा चरम पर थी। स्वीडन में रहने वाले पाकिस्तान मूल के राजनीतिक चिंतक डॉ. इश्तियाक अहमद अपनी किताब में लिखते हैं कि मोहम्मद अली जिन्ना की बयानबाजी ने सांप्रदायिक तनाव को और बढ़ाया। वे कभी साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए दंगाइयों के बीच में नहीं गए। दरअसल 1947 में जब विभाजन की प्रक्रिया शुरू हुई, तब पंजाब और बंगाल में हिंसा अपने चरम पर थी। तब जिन्ना का ध्यान मुख्य रूप से सत्ता पर काबिज होना था। उन्होंने 11 अगस्त 1947 को कराची में दिए अपने भाषण में पाकिस्तान को धर्मनिरपेक्ष मुल्क बनाने का वादा किया। वे जब इस तरह का दावा कर रहे थे तब कराची जल रहा था। वहां अल्पसंख्यकों का कत्लेआम होने लगा था। जिन्ना के पास दंगों को रोकने की कोई इच्छाशक्ति नहीं थी। जिन्ना की तरह मुस्लिम लीग में उनके नंबर दो समझे वाले लियाकत अली खान और बाकी नेताओं का भी ध्यान दंगों को रोकने की तरफ नहीं था। वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी में सुखो खालसा स्कूल है। प्रख्यात रचनाकार भीष्म साहनी ने अपनी अमर रचना तमस में सुखो का उल्लेख किया है। ये एक छोटी सी तहसील है रावलपिंडी जिले की। पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह के राज के दौरान सुखो में अनेक गुरुद्वारे भी बने। सुखो बेहतरीन जगह थी। उसका चरित्र समावेशी था। पर देश के बंटवारे का समय आपसी नफरत का दौर था। जो दोस्त और पड़ोसी सदियों से एक-दूसरे के साथ रह रहे थे, वे भी एक-दूसरे की जान के प्यासे हो गये थे। आजादी के ठीक पहले सांप्रदायिकता की बैसाखियां लगाकर पाशविकता का जो नंगा नाच सुखो में खेला गया था, उसका मार्मिक चित्रण भीष्म साहनी तमस में करते हैं। खैर, जिन्ना के विपरीत, महात्मा गांधी हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर शांति स्थापित करने की कोशिश कर रहे थे। गांधी जी 7 सितंबर 1947 को अंतिम बार कोलकाता से दिल्ली के शाहदरा रेलवे स्टेशन पर उतरते हैं। दिल्ली सांप्रदायिक दंगों के कारण धू-धू करके जल रही थी। गांधी जी दंगा प्रभावित जगहों में गए, सभाएं की और हिंदू, मुस्लिम और सिख समुदायों के बीच सुलह की अपील की। वे इन सब जगहों में दंगाइयों से मुसलमानों को बचा रहे थे। गांधी के अलावा, नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद भी दंगों को रोकने के काम में दिन- रात लगे हुए थे। काश, जिन्ना और मुस्लिम लीग के नेताओं ने भी यही किया होता।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# निर्मम बंटवारे को भुला नहीं सकते



विभाजन विभीषिका


बृजमोहन अग्रवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के जश्न के साथ-साथ बंटवारे के असहनीय दर्द को भी याद रखने को काफी अहम समझा और समूचे देश में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया। इस साहसिक फैसले के बाद अगर देश की जनता आज़ादी के ठीक एक दिन पहले हुए लोगों के खौफनाक विस्थापन और उससे हुई उनकी निर्मम दुर्गति, उनके रक्त रंजित संघर्ष और बलिदान के बारे में सुन, समझकर देश में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करती रहे तो य़ह उस दौरान असमय मारे गए लोगों को हम सब की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक कहानी है।

देश के धार्मिक रूप से हुए बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहन और भाईयों को इसमें लापता होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी। लाखों लोग बेघर हुए, अपनों से बिछड़ते हुए असमय काल का शिकार हो गए। महिलाओं पर हुए नाहक अत्याचार, उनकी अस्मिता का मर्दन, भूख से बिलखते बच्चे और बीमारी में भी वृद्धावस्था में अपने लिए सुरक्षित ठिकाने की तलाश में भटकते वरिष्ठ लोगों को मिले भीषण दंश की पीड़ा का अंदाजा लगाना आज के आधुनिक और अर्थकरी रंग-बिरंगी दुनिया में बहुत कठिन है। आजकल ज्यादातर लोग इतिहास को भूलकर आगे बढ़ने पर विश्वास रखते हैं। ऐसे आधुनिक युग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज़ादी के जश्न के साथ-साथ बंटवारे के असहनीय दर्द को भी याद रखने को काफी अहम समझा और समूचे देश में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक और साहसिक फैसले के बाद अगर देश की जनता आज़ादी के ठीक एक दिन पहले हुए लोगों के खौफनाक विस्थापन और उससे हुई उनकी निर्मम दुर्गति, उनके रक्त रंजित संघर्ष और बलिदान के बारे में सुन, समझकर देश में मानवता और भाईचारे की मिसाल कायम करती रहे तो य़ह उस दौरान असमय मारे गए लोगों को हम सब की तरफ़ से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत का विभाजन अभूतपूर्व मानव विस्थापन और मजबूरी में पलायन की एक दर्दनाक कहानी है। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लाखों लोग अजनबियों के बीच एकदम विपरीत वातावरण में नया आशियाना तलाश रहे थे। विश्वास और धार्मिक आधार पर एक हिंसक विभाजन की कहानी होने के अतिरिक्त यह इस बात की भी कहानी है कि कैसे एक जीवन शैली तथा वर्षों पुराने सह-अस्तित्व के दौर का अचानक और नाटकीय रूप से अंत हो गया। इस विभीषिका में मारे गए लोगों का आंकड़ा अनुमानतः पांच से 10 लाख के बीच है। लॉर्ड माउंटबेटन 31 मई, 1947 को लंदन से सत्ता के हस्तांतरण पर मंजूरी लेकर नई दिल्ली लौटे थे। 2 जून, 1947 की ऐतिहासिक बैठक में विभाजन की योजना पर मोटे तौर पर सहमति बनी थी। भारत के विभाजन का निर्णय एक पूर्व शर्त की तरह था। सामान्य तौर पर इस योजना का व्यापक विरोध हुआ और विशेष रूप से इस विचार का कि भारत जैसे देश का विभाजन धार्मिक आधार पर किया जा रहा था।

ऐसा कहा जाता है कि इस विभाजन के लिए वे ही नेता मानसिक रूप से तैयार थे, जिन्हें इस विभाजन में अपना हित और उज्ज्वल भविष्य दिख रहा था। विभाजन के फलस्वरूप 1.3 करोड़ लोग अपनी जड़ों से उखड़ कर विस्थापित होने के लिए बाध्य कर दिए गए थे। भारत के विभिन्न हिस्सों को दहला देने वाली 1946 और 1947 में हुई सांप्रदायिक हिंसा की व्यापकता और क्रूरता पर विस्तार से लिखा गया है। इस हिंसा की प्रकृति न केवल लोगों के जीवन को नष्ट करने, बल्कि दूसरे समूह की सांस्कृतिक और भौतिक उपस्थिति को भी मिटा देने की थी। यह यथार्थ है कि जिन क्षेत्रों ने इस हिंसा को देखा, उन्होंने उन्हीं समुदायों को सदियों से सह अस्तित्व में रहते देखा था। पंजाब, बिहार, संयुक्त प्रांत और निश्चित रूप से




बंगाल कुछ ऐसे उदाहरण हैं, जहां सह - अस्तित्व जीवन का एक तरीका रहा है। 1947 से पूर्व के पंजाब में एक भी ऐसे गांव की पहचान कठिन होगी, जिस पर किसी खास समुदाय द्वारा विशिष्टता के साथ दावा किया जा सके। यह सब 4 मार्च 1947 को शुरू हुआ। पुलिस ने हिंदुओं और सिखों के एक जुलूस पर, जो बहुत बड़ा नहीं था, गोली चलाई। करीब 125 छात्र गंभीर रूप से घायल हुए थे तथा 10 छात्र, जो सभी डीएवी कॉलेज, लाहौर के थे, मारे गए थे। 6 मार्च की सुबह तक अमृतसर, जालंधर, रावलपिंडी, मुल्तान और सियालकोट समेत पंजाब के मुख्य शहर दंगों की लपटों में घिर गए थे। शरणार्थियों को न केवल सड़क पर हिंसा का सामना करना पड़ा, बल्कि वे सदी की सबसे भीषण बाढ़ में से एक के शिकार भी हुए। इस खतरनाक यात्रा में लोगों को भूख, बीमारी, थकावट और प्रकृति की कठोर परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। उपमहाद्वीप के मूसलाधार मानसून को सहन करते हुए वे गीली दलदली भूमि और भारी संकट से गुजरे। लोग विकट परिस्थितियों से होकर पंजाब पहुंचे थे। विभाजन के दौरान सिन्ध के अल्पसंख्यकों (हिन्दू एवं सिख) को जितनी विकराल एवं भयावह त्रासदी सहनी पड़ी, उसका कटु अनुभव सिन्ध छोड़कर आए लोगों के मन में आज भी जीवन्त है। कराची में हुए भयावह दंगों ने अल्पसंख्यकों को इस हद तक भयभीत कर दिया था कि नवम्बर 1947 तक 2,50,000 लोग, जनवरी 1948 तक 4,78,000 तथा जून 1948 तक 10 लाख से अधिक लोगों को सिन्ध छोड़कर जाना पड़ा। बंटवारे के समय भारत और पाकिस्तान के बीच पलायन करने वाले लोगों ने रेलगाड़ियों का व्यापक रूप से उपयोग किया था। भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी परामर्शी रेल सुविधा को जारी रखा गया था। हर दिन 5-6 ट्रेनें दोनों ओर से चलती थीं। ऐसी कई डरावनी कहानियां भी हैं, जिनमें रेलगाड़ियां जब अपने अंतिम गंतव्य स्थान पर पहुंचती तो उनमें केवल लाशें और घायल व्यक्ति ही मौजूद रहते। विभाजन के दौरान महिलाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ा। विभाजन एवं उसके आघात का उनका अनुभव पुरुषों से बहुत अलग था। उनका अपहरण और बलात्कार किया गया। बहुतों को अपना धर्म बदलने और उन्हीं पुरुषों से शादी करने के लिए मजबूर किया गया, जिन्होंने शायद उनके परिवार का वध किया हो। भारत सरकार ने 33,000 महिलाओं के अपहरण की सूचना दी, जबकि पाकिस्तान सरकार ने 50,000 महिलाओं के अपहरण का अनुमान लगाया।

सबसे बड़ी संख्या में लोगों ने काफ़िले में पलायन किया। इन काफिलों की लंबाई 10 मील से लेकर 27 मील तक हुआ करती थी, जिनमें हजारों-हज़ार लोगों की तादाद होती थी। ये काफ़िलें विशेष रूप से भीड़ के हमले की चपेट में थे। लोग बिना आश्रय, स्वच्छता,भोजन या पानी के बिना चलते रहे। इस कारण हज़ारों बुजुर्गों और बच्चे थकावट, भुखमरी और बीमारी से मर गए। पाकिस्तान द्वारा सौंपे गए पीड़ितों की संख्या बहुत कम है। दूसरे बहुत कम युवतियों को खोजा गया है। सीमांतप्रांत में युवा लड़कियों को दास के रूप में बेचे जाने की भी जानकारी है। कभी जहां बाज़ार आबाद हुआ करते थे, वहां खंडहर पनाह भी नहीं दे पा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों को गोद में ली हुई माताएं जैसे विभाजनकारी शक्तियों को कोसते जा रहीं थीं। विस्थापित लोगों की ताजातरीन जानकारी लाउड स्पीकर से दी जा रही थी साथ ही लोगों की दयनीय अवस्था का हवाला देते हुए उनके पड़ोसियों और परिजनों को भी लोगों की स्थिति से अवगत कराया जा रहा था। धर्म के आधार पर किसी देश के विभाजन की ऐसी दुःखद त्रासदी दुनिया में इससे पहले कहीं ओर नहीं देखी गई थी। विभाजन की ऐसी त्रासदी के शिकार सभी निर्दोष लोगों को मेरा पुण्य कोटि-कोटि नमन।

( लेखक लोकसभा सांसद भाजपा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित

दर्शन

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

## मन का भोजन हमारे विचार




संकलित

प्रेरणा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

अंतर्मन




आज की पाती

### भारत विभाजन की त्रासदी

1947, 14 अगस्त भारत का विभाजन एक अभिशाप था। यह केवल मात्र भारत की आत्मा पर चोट नहीं थी, बल्कि प्रत्येक भारतीय की अखंडता पर चोट थी, लाखों परिवार जो पंजाब-सिंध से नाता रखते थे, एक झटके में बेघर हो गए। इन परिवारों की आत्मा भारत माता के साथ जुड़ी थी। उनकी जमीन पाकिस्तान में जाते हुए पंजाब, सिंध, सियालकोट, गुजरांवाला में रह गई। परदादा, परदादी, दादा, दादियों द्वारा सुनाई गई कहानियों पर वह विभाजन का इतिहास सभी स्मरण करते हैं। वह पंजाब की गलियां, घोड़ा गाड़ियां, रेलवे स्टेशन, ईंटों के घर, आज भी सभी को याद है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक ऐसा दिन है जब विभाजन के समय हुए सभी अत्याचारों को हम स्मरण करते हैं।

*- मनोज जोशी, जगदलपुर*

ट्रेंड

### कनेक्टिविटी का विस्तार



देशभर में कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1B को मंजूरी दी है। इससे यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आएगी। इसके साथ ही शहर में लोगों का सफर और सुविधाजनक होगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### एसआईआर पर चर्चा हो



बिहार से एसआईआर की शुरुआत की गई है, जो अब पूरे देश में करने जा रहे हैं। हमारी मांग है कि एसआईआर पर चर्चा हो, लेकिन भाजपा सरकार चर्चा से भाग रही है। विपक्ष चाहता है कि सदन चले, लेकिन भाजपा सरकार सदन नहीं चलने दे रही है।

**- मल्लिकार्जुन खड़के, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मोदी का करिश्मा नहीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहीं कोई करिश्मा नहीं है, ये चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं के बल पर चुनाव जीत रहे हैं। 2020 में इन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में हमें 12,756 वोट के अंतर से 10 से अधिक सीटें जबरन हराईं।

**- तेजस्वी यादव, पूर्व डिप्टी सीएम, बिहार**

### फैसले पर विचार



यह जानकर बहुत खुशी हुई कि मुख्य न्यायाधीश ने एनसीआर में आवारा कुत्तों से संबंधित फैसले पर विचार करने की सहमति दे दी है। कानून पारित करना और उसे लागू करना सबसे पहले मानवीय होना चाहिए।

**- रणदीप हुड्डा, अभिनेता**

करंट अफेयर

## अमेरिका में हिंदू मंदिर की नाम पट्टिका तोड़ी गई


अमेरिका के इंडियाना शहर में एक हिंदू मंदिर के नामपट्ट को विरूपित कर दिया गया जिसे भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'निंदनीय' बताया है। मंदिर के आधिकारिक जनसंपर्क हैंडल ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि यह 'घृणित कृत्य'' ग्रीनवुड शहर स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में हुआ। इसमें कहा गया है कि एक साल से भी कम समय में यह चौथी बार है जब किसी बीएपीएस मंदिर को निशाना बनाया गया है। शिकागो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस कृत्य पर कड़ा संज्ञान लिया और इसे 'निंदनीय' बताया। उसने 'एक्स' पर कहा, 'इंडियाना के ग्रीनवुड स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर के मुख्य नामपट्ट का अपमान निंदनीय है।'दूतावास ने कहा कि उसने 'शीघ्र कार्रवाई' के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठाया है। इसमें कहा गया है कि महावाणिज्य दूत ने ग्रीनवुड के मेयर सहित श्रद्धालुओं और स्थानीय नेतृत्व की एक सभा को भी संबोधित किया और 'वहां एकता एवं एकजुटता तथा उपद्रवियों के विरुद्ध सतर्कता बरतने का आह्वान किया।' मंदिर प्रशासन ने अपने पोस्ट में यह भी कहा कि इस कृत्य ने ' हमारे समुदाय के संकल्प को मजबूत किया है और हम धर्म-विरोधी व्यवहार के विरुद्ध एकजुट हैं।'



ऑफ बीट

## दौड़ने से नशे की लत से मिल सकता है छुटकारा

शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा (क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है। हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों। हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है।अधिकांश लोगों ने शराब को नशे का मुख्य स्रोत बताया। नतीजे बताते हैं कि नशीले पदार्थ या शराब के इर्द-गिर्द सिमटा जीवन धीरे-धीरे दौड़ने से व्यवस्थित हो गया। शुरुआत में ज्यादातर प्रतिभागी वजन घटाने के लक्ष्यों से प्रेरित थे, न कि स्वास्थ्य लाभ से। वे दौड़ने की तैयारी के दौरान भी मादक पदार्थों का सेवन करते रहे, कभी-कभी लंबी दौड़ शुरू करने से पहले थोड़ी शराब पी लेते थे।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

### राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के पास 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड: भाजपा

# राहुल व विपक्षी दल अपने घुसपैठिए वोट बैंक को बचाने के लिए कर रहे एसआईआर का विरोध: अनुराग जैन

## पूछा, वायनाड से रायबरेली, डायमंड हार्बर से कन्नौज तक सवाल विपक्ष ने फर्जी वोट क्यों बनने दिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर 90 चुनावी हारों के बाद बार-बार ईवीएम, चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर झूठे आरोप लगाने की कड़ी आलोचना की। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 1952 से कांग्रेस ने चुनावी धांधली और वोटर हेराफेरी की परंपरा शुरू की, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की हार, बूथ कैप्चरिंग, नामांकन रद्द और इंदिरा गांधी का 1971 में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग शामिल है।

भाजपा सांसद ने वायनाड, रायबरेली, डायमंड हार्बर, कन्नौज, मैनपुरी और कोलाथुर में लाखों संदिग्ध वोटरों, डुप्लीकेट वोट, फर्जी पते, उम्र में हेरफेर और मास एडिशन के ठोस आंकड़े पेश करते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष घुसपैठियों के वोट बैंक को बचाने और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए इस फर्जीवाड़े को बढ़ावा देता है और चुनावी सुधारों का विरोध करता है। ठाकुर ने राहुल, प्रियंका, अखिलेश, अभिषेक और स्टालिन से इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि 'चोर मचाए शोर' की तर्ज पर विपक्ष लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। ठाकुर ने कहा कि अगर दुनिया भर में देखा जाए, तो 90 बार किसी के नेतृत्व में चुनाव हारने का रिकॉर्ड कहीं है, तो वह राहुल गांधी के नेतृत्व में है। यहां तक कि कांग्रेस पार्टी के भीतर भी उनके नेतृत्व पर सवाल खड़े होते हैं। जब-जब राहुल गांधी चुनाव हारते हैं, तो कभी ईवीएम पर सवाल उठाते हैं, कभी वोटर्स पर ठीकरा फोड़ते हैं। कई बार कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईवीएम में हेराफेरी होती है, फिर कहा कि ईवीएम को बैन किया जाए और बैलेट पेपर वापस लाया जाए। अगला चुनाव हारे तो दावा किया कि ईवीएम को रिमोटली हैक किया जा सकता है और फिर वीवीपैट की 100 प्रतिशत जांच की मांग करने लगे। हर हार के बाद कांग्रेस ने नया बहाना गढ़ा, लेकिन कभी आत्मचिंतन और आत्मनिरीक्षण करने की हिम्मत नहीं दिखाई। ईवीएम से लेकर चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं तक पर बार-बार झूठे आरोप लगाए। अब, बिहार चुनाव में हार सामने देखकर कांग्रेस एक बार फिर विपक्षी दलों के साथ मिलकर फर्जी आरोपों का सहारा ले रही है। कल, कांग्रेस के कुछ नेता कह रहे थे कि राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं ने 'बवंडर' खड़ा कर दिया। जबकि सच्चाई यह है, यह बवंडर नहीं, कांग्रेस का ब्लंडर है। अनुराग कहा कि कांग्रेस का असली एजेंडा यही है, एक वर्ग के वोट बैंक के लिए लड़ाई लड़ना, राष्ट्र की सुरक्षा से खिलवाड़ करना और सच्चे भारतीय नागरिक के वोट को नीचा दिखाना। यही आज राहुल गांधी जी और विपक्ष की राजनीति का आधार है।

उन्होंने राहुल गांधी से कहा कि आपका जो एजेंडा भारत के लोकतंत्र को कमजोर करने का है, संवैधानिक संस्थाओं पर संदेह पैदा करने का है और संविधान को खोखला करने की कोशिश करने का है, उसे छोड़ दीजिए। यह देश आपके एजेंडा और प्रोपेगेंडा से नहीं हिलेगा। आप कोई बवंडर नहीं खड़ा कर पाएंगे, क्योंकि आपका हर कदम दरअसल एक नया ब्लंडर साबित होता जाएगा।

### हर घर तिरंगा: गृहमंत्री शाह ने अपने आवास पर फहराया तिरंगा

# आजाद भारत के 'सपने' को व्यक्तिगत और आत्मीय बनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में 'हर घर तिरंगा' अभियान जोश और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को दिल्ली स्थित अपने आवास पर पत्नी सोनल शाह के साथ तिरंगा फहराया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान आज एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। यह दर्शाता है कि 140 करोड़ देशवासी उस स्वतंत्र भारत को विकसित और सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए संकल्पित हैं, जिसका सपना असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने त्याग, तप और समर्पण से देखा था।

### 'हर घर तिरंगा' में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा, योगी समेत कई ने किया आयोजन



### इसका उद्देश्य- देशभक्ति की भावना जगाना

शाह ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत आजादी का अमृत महोत्सव के तहत की गई थी इस अभियान का उद्देश्य हर भारतीय के दिल में देशभक्ति की भावना जगाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि इस सोच के पीछे यह विचार है कि अब इसे व्यक्तिगत और आत्मीय बनाने की जरूरत है।

### योगी ने वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता जताई

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता है। यह तिरंगा भारत की शान, सम्मान और गौरव का प्रतीक है, जिसे हर भारतीय के घर पर फहरना चाहिए।

## शिवराज, धामी और सैनी समेत कई नेताओं ने तिरंगा फहराया

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित अपने आवास पर तिरंगा फहराया और कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज देश की शान और सम्मान है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में अपने आवास पर तिरंगा फहराया। केरल में भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने तिरुवनंतपुरम में तिरंगा यात्रा की शुरुआत करते हुए ध्वज फहराया। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर स्थित आवास पर ध्वज फहराया। जम्मू-कश्मीर के डोडा में जिला प्रशासन ने 1 लाख राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए। ओडिशा में तिरंगा बाइक रैली निकाली। रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसमें एनसीसी कैडेट्स भी शामिल हुए।

### बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में और ज्यादा विकल्प दिए गए

# 'सर' प्रक्रिया मतदाताओं के अनुकूल व हितदायक, यह कहीं से गलत नहीं

### सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान अहम टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर से सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण में मतदाताओं से मांगे गए दस्तावेजों की संख्या 11 है, जबकि मतदाता सूची के सारांश पुनरीक्षण में 7 दस्तावेज पर विचार किया जाता था। यह दर्शाता है कि यह मतदाता हितैषी है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए मतदाता के पास 11 दस्तावेजों का विकल्प है, जबकि पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में सात दस्तावेज मांगे गए थे, इससे यह साफ दिखता है कि प्रक्रिया मतदाताओं के लिए अनुकूल है।

### विवाद में काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह विवाद काफी हद तक विश्वास की कमी का मुद्दा है। आयोग ने दावा किया है कि चुनावी राज्य बिहार में कुल 7.9 करोड़ मतदाता आबादी में से लगभग 6.5 करोड़ लोगों को या उनके माता-पिता को 2003 की मतदाता सूची में शामिल होने के लिए कोई दस्तावेज दाखिल करने की आवश्यकता नहीं थी।

### प्रक्रिया में स्पष्टता दिख रही

### 36 लाख पासपोर्ट धारकों का कवरेज ठीक दिखाई दे रहा

पीठ ने कहा कि राज्य में 36 लाख पासपोर्ट धारकों का कवरेज ठीक दिखाई देता है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों से फीडबैक लेने के बाद आमतौर पर दस्तावेज की सूची तैयार की जाती है।

### एसईआर को वोटर फ्रेंडली माना

बिहार में चल रहे चुनाव आयोग केएसआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता हितैषी बताया है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण में 7 दस्तावेज मान्य थे, मगर अभी के विशेष गहन पुनरीक्षण में 11 दस्तावेजों का विकल्प मतदाताओं को दिया गया है।



### 'आधार' की जगह अन्य दस्तावेज शामिल किए गए

इससे पहले न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की इस दलील के बावजूद कि आधार को स्वीकार न करना अनुचित था, लेकिन अन्य दस्तावेज के विकल्प भी दिए गए थे, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रक्रिया वास्तव में सबको साथ में लेकर चलने वाली है।

### 11 में से कोई 1 ही मांगा, पहले तो केवल 7 थे

पीठ ने कहा कि राज्य में पहले किए गए संक्षिप्त पुनरीक्षण में दस्तावेज की संख्या 7 थी और एसआईआर में यह 11 है, जो दिखाता है कि यह मतदाता के लिए ठीक या उचित है। हम आपकी दलीलों को समझते हैं कि आधार को स्वीकार न करना ठीक नहीं है, लेकिन दस्तावेज की अधिक संख्या वास्तव में समावेशात्मक है। सूची में शामिल 11 दस्तावेज में से कोई 1 जमा करना जरूरी था।

### अदालत ने सिंघवी को टोका

### बिहार को ऐसे मत प्रोजेक्ट कीजिए ज्यादा अधिकारी यहीं से निकले

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आधार को स्वीकार न करना अपवादात्मक था, ऐसा प्रतीत होता है कि दस्तावेजों की बड़ी संख्या 'वास्तव में समावेशी' थी। जस्टिस कांत ने कहा कि बिहार को इस तरह से प्रोजेक्ट मत कीजिए। सबसे ज्यादा बड़े अधिकारी यही से हैं।

### सिंघवी की दलील को नकारा

वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी नेकहा कि दस्तावेज की संख्या भले ही ज्यादा हो, लेकिन उनका कवरेज सबसे कम है। उन्होंने मतदाताओं के पास पासपोर्ट की उपलब्धता का उदाहरण दिया। सिंघवी ने कहा कि बिहार में यह केवल 1-2प्रतिशत है। राज्य में स्थायी निवासी प्रमाण पत्र देने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां जस्तावेज की

### कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव में सचिव पद पर रूडी की बादशाहत रही बरकरार

# दिलचस्प रहा भाजपा के दो खेमों के बीच का चुनावी मुकाबला, रूडी ने बालियान को हराया

### विपक्ष के वोटों ने रूडी की जीत में निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यह एक दिलचस्प चुनाव था। टक्कर भाजपा के ही दो खेमों के बीच थी। जाहिर है जिस खेमे को विपक्ष का साथ मिलता जीत भी उसी के हाथ लगती, और हुआ भी ऐसा ही।

चुनाव कितना अहम था इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से लेकर बड़ी तादाद में वर्तमान सांसद और पूर्व सांसद इस चुनाव में वोट डालने पहुंचे थे। यहां बात हो रही है कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सचिव पद लिए हुए चुनाव की। इसमें भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भाजपा के ही पूर्व सांसद संजीव बालियान को पटखनी दी। बालियान को निशिकांत दुबे जैसे कई भाजपा सांसद खुलेआम समर्थन दे रहे थे।

राजीव प्रताप रूडी सचिव पद पर अपनी बादशाहत बरकरार में कामयाब रहे। माना जा रहा है कि रूडी को विपक्ष के सांसदों और पूर्व सांसदों का वोट अच्छा खासा मिला। उधर, संजीव बालियान को इस मामले में पिछड़ गए।

मंगलवार, देर रात को जारी चुनाव नतीजों में राजीव प्रताप रूडी ने 392 वोटो के साथ जीत हासिल की। वहीं संजीव बालियान को 290 वोट मिले। रूडी ने अपने प्रतिद्वंद्वी बालियान को 102 वोट से हराकर जीत हासिल की। इस चुनाव में वर्तमान सांसद और पूर्व सांसद ही मतदान करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष इस क्लब के पदेन अध्यक्ष होते हैं. लेकिन क्लब के कार्यकारी कामकाज में सचिव की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कॉन्स्टिट्यूशन क्लब चुनाव में जीत के बाद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं औपचारिक रूप से 100 से अधिक मतों से जीता हूं। ये मेरे पैनल की जीत है। मैं आभार व्यक्त करना चाहूंगा सभी पार्टी के नेताओं ने चुनाव में भागीदारी की।

### संजीव बालियान ने रूडी को दी चुनौती

दरअसल लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे जैसे कुछ भाजपा नेताओं के समर्थन से बाद संजीव बालियान ने रूडी को चुनौती देने का फैसला किया था। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बता दें, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में सचिव पद के लिए 20 साल बाद चुनाव हो रहा था। ऐसे में इसको लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। अभी तक सचिव पद पर निर्विरोध चयन होता रहा था। भाजपा के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान आखिरी समय में उम्मीदवार बने थे। इसके पहले राजीव प्रताप रूडी चार बार निर्विरोध इस पद पर जीत चुके थे। दोनों नेताओं ने जमकर प्रचार किया और सांसदों ने भी पार्टी लाइन से हटकर वोटिंग की।

## कॉन्स्टिट्यूशन क्लब यानि सांसदों का क्लब

फरवरी 1947 में भारतीय संविधान सभा के सदस्यों के मेल-जोल बढ़ाने और क्लब जीवन की सुविधाएं देने के मकसद से इस क्लब की स्थापना की गई थी। आजादी के बाद इसको सांसदों के क्लब के रूप में मान्यता दी गई. हालांकि इसका औपचारिक उद्घाटन साल 1965 में राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने किया था। इस समय करीब 1300 पूर्व और वर्तमान संसद सदस्य इसके सदस्य हैं। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी का नाम भी इसके सदस्यों में शामिल हैं। शुरुआती दिनों में यह क्लब बहुत सक्रिय नहीं था. लेकिन 1998-99 के दौरान तत्कालीन लोकसभा स्पीकर जीएमसी बालयोगी ने एक विजन कमेटी का गठन किया, जिसके बाद इस कमेटी ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब का कायाकल्प किया। उस दौरान बिहार के सारण से सात बार के सांसद बीजेपी नेता राजीव प्रताप रूडी को इस क्लब का सचिव (प्रशासन) नामित किया गया था। वहीं यूपीए सरकार में लोकसभा स्पीकर वामपंथी नेता सोमनाथ चटर्जी के कार्यकाल में क्लब में चुनाव आधारित व्यवस्था की शुरुआत की गई थी। दो अगस्त 2008 को क्लब के बायलॉज को स्वीकृति मिली. इसके बाद 18 फरवरी 2009 को इसके गवर्निंग काउंसिल का पहला चुनाव कराया गया।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजीव, मेसर्स फ्लैकॉन इंटरनेशनल के मालिक, बी ब्लॉक–430, सुदर्शन पार्क, मोती नगर, रमेश नगर, दिल्ली–110015 और शेड नंबर 6, मेजेनाइन फ्लोर का पिछला भाग, वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली–110052** ने **Case No. 2649/2020, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना पंजाबी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अत: इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Case No. 2649/2020, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना पंजाबी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजीव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री तन्मय बाथम
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
(पश्चिम) (एनआई अधिनियम)–03
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/10746/WD/2025(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकुश परनामी पुत्र** प्रमोद परनामी **निवासी** के–1/14, द्वितीय तल, मॉडल टाउन–3, दिल्ली **और** मेसर्स नेहा बेकर्स, बी–68, रामेश्वर नगर, आजादपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 1420/2017, U/S 138/142 NI Act, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1420/2017, U/S 138/142 NI Act, पुलिस स्टेशन शालीमार बाग, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अंकुश परनामी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.09.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सान्या दलाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01,
उत्तर पश्चिम जिला, कोर्ट नं0–102,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10774/NW/2025
(Court Matter)

CNH CAPITAL

**CNH Industrial Capital (India) Private Limited**
(CIN: U65999DL2017PTC325228)
**Regd Office:** 4th Floor Rectangle No.1 Behind Marriot Hotel,
Commercial Complex D4, Saket, New Delhi South Delhi DL 110017 IN
**Statement under Regulation 52(4) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 for the quarter and financial year ended 30 June, 2025**
(Rs. in Millions)

**Extract of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30 June 2025**

| S.No. | Particulars | Quarter ended 30.06.2025 (Unaudited) | Quarter ended 31.03.2025 (Unaudited) | Quarter ended 30.06.2024 (Audited) | Year ended 31.03.2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 656.75 | 591.52 | 582.41 | 2,427.93 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 180.98 | 77.32 | 217.23 | 763.83 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 180.98 | 77.32 | 217.23 | 763.83 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 129.80 | 82.39 | 162.64 | 593.68 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)) | 117.24 | 78.80 | 165.26 | 594.86 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 | 3,972.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | 1,665.77 | 1,548.56 | 1,118.96 | 1,548.56 |
| 8. | Securities Premium Account | - | - | - | - |
| 9. | Net Worth | 5,637.77 | 5,520.56 | 5,090.96 | 5,520.56 |
| 10. | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 15,027.99 | 14,063.23 | 12,249.41 | 14,063.23 |
| 11. | Outstanding Redeemable Preference Shares | NA | NA | NA | NA |
| 12. | Debt Equity Ratio | 2.67 | 2.55 | 2.41 | 2.55 |
| 13. | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)* | | | | |
| | a) Basic | 0.33 | 0.21 | 0.41 | 1.49 |
| | b) Diluted | 0.33 | 0.21 | 0.41 | 1.49 |
| 14. | Capital Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA |
| 15. | Debenture Redemption Reserve | NA | NA | NA | NA |
| 16. | Debt Service Coverage Ratio | NA | NA | NA | NA |
| 17. | Interest Service Coverage Ratio | NA | NA | NA | NA |

*Quarter end Basic EPS and Diluted EPS are not annualised

Note 1: The above unaudited financial results for the quarter ended 30 June 2025 have been reviewed by the Audit Committee and subsequently approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 13 August 2025 and are limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company pursuant to the requirement of Regulation 52 of the Securities Exchange Board of India ("SEBI") (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015 (as amended) including relevant circulars issued by the SEBI from time to time.

Note 2: The above is an extract of the detailed format of the quarter ended results filed with the Bombay Stock Exchange ("BSE") under Regulation 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), 2015. The full financial results are available on the website of BSE (https://listing.bseindia.com).

Note 3: For other items referred to in the sub-clauses of the Regulation 52 (4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015 the pertinent disclosures have been made to the BSE and can be assessed on (https://listing.bseindia.com).

Note 4: The results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles laid down in Indian Accounting Standard (Ind AS) 34 - "Interim Financial Reporting" as prescribed under section 133 of the Companies Act,2013 (the Act) and other accounting principles generally accepted in India.

For CNH Industrial Capital (India) Private Limited
Sd:-
Vishal Chaudhury
Managing Director
DIN No.: 09463209

Place: Gurugram
Date: 13 August 2025

intec CAPITAL LIMITED
SAPNE AAPKE, BHAROSA APNO KA

**इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
CIN: L74899DL1994PLC057410
**पंजी. कार्यालय** : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
T-+91-11-46522200/300; F-+91-1146522333 Website: www.inteccapital.com

**30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**
(प्रति इक्विटी शेयर डेटा को छोड़कर रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अअंकेक्षित) | स्टैंडअलोन वित्तीय वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30.06.2025 (अअंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 31.03.2025 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30.06.2024 (अअंकेक्षित) | समेकित वित्तीय वर्ष 31.03.2025 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 623.09 | 380.13 | 1.19 | 436.53 | 623.29 | 381.96 | 3.59 | 445.59 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/हानि (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 520.24 | 371.78 | (122.65) | 124.00 | 516.20 | 368.91 | (124.39) | 115.88 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 395.86 | 371.78 | (122.65) | 124.00 | 391.82 | 368.91 | (124.39) | 115.88 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 301.29 | 312.62 | (129.84) | 30.04 | 297.25 | 309.76 | (131.58) | 21.92 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 300.95 | 309.71 | (129.32) | 28.70 | 296.91 | 306.85 | (131.06) | 20.58 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/– प्रत्येक) | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.61 | 1,836.63 | 1,836.63 | 1,836.63 |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 10/– प्रत्येक) {निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु} | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| | 1. बेसिक (रु. में) : | 1.64 | 1.70 | (0.71) | 0.16 | 1.62 | 1.69 | (0.72) | 0.12 |
| | 2. डायल्युटेड (रु. में) : | 1.64 | 1.70 | (0.71) | 0.16 | 1.62 | 1.69 | (0.72) | 0.12 |

टिप्पणी :–
(1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स (www.bseindia.com) तथा इंटेक कैपिटल लिमिटेड की वेबसाइट (www.inteccapital.com) पर उपलब्ध हैं।
(2) विस्तृत वित्तीय परिणामों एवं इसके सार की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और अनुशंसित कर दिये गये तथा 13 अगस्त 2025 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये। सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताओं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के तहत अपेक्षा अनुसार अंकेक्षकों द्वारा हमारे वित्तीय परिणामों का अंकेक्षण कर लिया गया है।

कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड
हस्ता/–
संजीव गोयल
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन–00028702

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13.08.2025

## खबर संक्षेप

### संवर्धन मदरसन के लाभ में 46 प्रतिशत गिरावट

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा कंपनी संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लि. का अस्थिर कारोबारी माहौल के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत घटकर 606 करोड़ रुपये रह गया। वाहन कलपुर्जा क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,115 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उद्योग की प्रतिकूल परिस्थितियों और अस्थिरता का लाभप्रदता पर अस्थायी प्रभाव पड़ा है।

### विक्रम सोलर का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली।** सौर मॉड्यूल बनाने वाली कंपनी विक्रम सोलर ने अपने आगामी 2,079 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 315 से 332 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसका आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा।
आईपीओ 1,500 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों और 1.74 करोड़ से अधिक शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट

ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क:** किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह:** परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या:** संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक:** मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु:** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर:** किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ:** आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन:** शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

### चुनौतियां दो तिमाही में समाप्त हो जाएगी

# अमेरिकी शुल्क का प्रभाव छह महीने से ज्यादा टिकने वाला नहीं: सीईए नागेश्वरन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चुनौतियां ज्यादा टिकने वाली नहीं है और एक या दो तिमाहियों में समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश अन्य दीर्घकालिक चुनौतियों से जूझ रहा है और उन्होंने इससे निपटने के लिए निजी क्षेत्र से और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया।

नागेश्वरन ने वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर में आई नरमी के लिए कर्ज से जुड़ी कड़ी स्थिति और नकदी की समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया। वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 9.2 प्रतिशत थी। नागेश्वरन ने कहा कि सही कृषि नीतियां वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में 25 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं।

## ट्रंप-पुतिन बैठक प्रभावित करेगी नतीजे

*इस महीने के अंत में व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी अधिकारियों के भारत आने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में होने वाली आगामी बैठक इस वार्ता के नतीजों को प्रभावित कर सकती है।*

- निजी क्षेत्र से अधिक प्रयास का आग्रह
- वृद्धि दर में नरमी नकदी की समस्या के कारण आई
- सही कृषि नीतियां जीडीपी में वृद्धि कर सकती है



*निजी क्षेत्र चुनौतियों से निपटने में सहायक : नागेश्वरन ने कहा कि कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला क्यों किया। उन्होंने कहा कि क्या यह ऑपरेशन सिंदूर का नतीजा है या इससे भी ज्यादा रणनीतिक। उन्होंने निजी क्षेत्र से इन दीर्घकालिक चुनौतियों से निपटने के लिए और अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।*

### दीर्घकालीक प्रभाव नहीं होगा शुल्क नीति का

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में कहा, "मेरा मानना है कि मौजूदा स्थिति एक या दो तिमाहियों में सुधर जाएगी। मुझे नहीं लगता कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, भारत पर इसका कोई खास प्रभाव पड़ेगा, लेकिन अल्पावधि में इसका कुछ असर जरूर होगा।"

### रत्न-आभूषण, झींगा व वस्त्र क्षेत्र पर पड़ेगा असर

सीईओ ने अमेरिकी शुल्क के बारे में कहा कि रत्न एवं आभूषण, झींगा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों पर पहले चरण का प्रभाव पड़ने के बाद दूसरे और तीसरे चरण के प्रभाव पड़ेंगे। उनसे निपटना 'अधिक कठिन' होगा। नागेश्वरन ने कहा कि सरकार स्थिति से अवगत है और प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत शुरू हो चुकी है। आने वाले दिनों में नीति निर्माताओं की प्रतिक्रिया मिलेगी, लेकिन लोगों को धैर्य रखना होगा।

## अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि पर असर नहीं : एसएंडपी

**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफार्न फुआ ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि प्रभावित नहीं होगी क्योंकि यह व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है और इसकी 'सॉवरेन रेटिंग' का परिदृश्य सकारात्मक ही बना रहेगा। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए पिछले वर्ष मई में भारत की सॉवरेन रेटिंग 'बीबीबी-' को बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया था।अमेरिका ने सभी भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इस तरह कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। यह शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क लगाए जाने से भारत के सकारात्मक परिदृश्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा यीफार्न ने कहा, मुझे नहीं लगता कि भारत पर लगाए गए शुल्क का आर्थिक वृद्धि पर कोई प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि भारत बहुत अधिक व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है।

## देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने दिया झटका देना होगा ऑनलाइन ट्रांसफर पर शुल्क

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया है। अब बैंक के ग्राहकों को 15 अगस्त 2025 से ऑनलाइन आईएमपीएस ट्रांसफर पर शुल्क देना पड़ेगा, जो पहले पूरी तरह फ्री था। आईएमपीएस यानी इंस्टेंट मनी पेमेंट सर्विस एक रीयल-टाइम फंड ट्रांसफर सिस्टम है, जिसकी मदद से कोई भी व्यक्ति तुरंत पैसा ट्रांसफर कर सकता है। यह सेवा पूरे 24 घंटे और 365 दिन उपलब्ध रहती है। आईएमपीएस के जरिए एक बार में अधिकतम 5 लाख रुपए तक ट्रांसफर किया जा सकता है। बता दें कि एसबीआई द्वारा किया गया बदलाव केवल ऑनलाइन लेनदेन पर लागू होगा और कुछ स्लैब में मामूली शुल्क जोड़े जाएंगे। हालांकि, कुछ खातों पर ये शुल्क अब भी नहीं लगेंगे। केनरा बैंक में ₹1,000 तक कोई शुल्क नहीं है वहीं 1,000 रुपए से 5 लाख रुपए तक के लेनदेन पर 3 रुपए से 20 रुपए+ जीएसटी तक चार्ज लगता है। पीएनबी(पंजाब नेशनल बैंक) में 1,000 रुपए तक पर कोई चार्ज नहीं लगेगा. 1,001 रुपए से ऊपर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर 5 रुपए से ₹10 रुपए+ जीएसटी तक का चार्ज है, जबकि ब्रांच से ट्रांजेक्शन करने पर यह चार्ज थोड़ा अधिक होता है।

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
संदर्भः (i) निविदा सूचनाः 35/2025–2026 दिनांक 25.07.2025 (क्र.सं. 01)
(ii) निविदा सं.: 08255383A नियत तिथि 21.08.2025
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, आपूर्ति समय–सारणी एवं वारंटी अवधि में संशोधन किया गया है तथा प्री–बिड प्रश्नों के उत्तर का दस्तावेज संलग्न है। अन्य सभी नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 2481/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**टेंडर नोटिस**
**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 09252505 | सनब्बर रिंग्ग | 4156 नग | 04.09.25 |
| 07251145 | नॉन एस्बेस्टस के टाइप हाई फ्रिक्शन | 125982 नग | 03.09.25 |
| 09253277A | डोर चेनलेस कटर लॉन्ग | 29386 सेट | 04.09.25 |
| 09252270 | किट ऑफ आटोमेटिक ट्रिस्ट लॉक | 13068 सेट | 06.09.25 |
| 09252536A | स्प्रिंग प्लान्क फॉर कसुब 22 एच एस बोगी | 662 नग | 08.09.25 |
| 09252114 | लॉक ड्राइंग नो एस के 62724 | 7001 नग | 11.09.25 |
| 08245740 | सप्लाई ऑफ हाई अवलबलिटी सिंगल सेक्शन डिजिटल | 51 सेट | 25.09.25 |
| 09252387 | डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व टाइप डबल स्टेज | 278 नग | 14.10.25 |

निविदा शते: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: 39/2025-2026 दिनांक: 13/08/2025
2482/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## महिंद्रा की ब्रिटेन को ईवी का निर्यात करने की योजना



**नई दिल्ली।** प्रमुख वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) भारत एवं ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) होने के बाद बेहतर कारोबारी अवसरों का लाभ उठाने के लिए ब्रिटेन को अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का निर्यात करने की योजना बना रही है। एमएंडएम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने पीटीआई-वीडियो के साथ खास बातचीत में यह जानकारी दी। शाह ने कहा कि घरेलू बाजार में अग्रणी ईवी विनिर्माता के तौर पर एमएंडएम की योजना है कि 2030 तक उसकी कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत हो। शाह ने कहा कि भारत के पास दुनिया का वाहन विनिर्माण केंद्र बनने की क्षमता है और वैश्विक कंपनियों का यहां निर्माण करना प्रतिस्पर्धा एवं गुणवत्ता दोनों को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, "हम दुनिया की बेहतरीन कंपनियों को भारत में आकर विनिर्माण करते हुए देखना चाहते हैं। इससे कारोबार को तेजी मिलेगी। प्रतिस्पर्धा बढ़ने से हम भी समय के साथ बेहतर होंगे। कंपनी ने अपने इलेक्ट्रिक मॉडल के डिजाइन केंद्र के तौर पर 2022 में ब्रिटेन के ऑक्सफोर्डशायर स्थित बैनबरी में 'महिंद्रा एडवांस्ड डिजाइन यूरोप' (एम.ए.डी.ई) केंद्र की शुरुआत की थी।
शाह ने भारत एवं ब्रिटेन के बीच पिछले महीने हुए एफटीए के फायदे के बारे में पूछे जाने पर कहा, "हम अब ब्रिटेन को अपने इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्यात करने जा रहे हैं और इससे ब्रिटेन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने एवं प्रतिस्पर्धा करने की राह आसान होगी।"

## सोना 500 रुपए टूटा और चांदी रही स्थिर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्टॉकिस्टों की लगातार बिकवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,01,020 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,01,520 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 500 रुपये गिरकर 1,00,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। हालांकि, चांदी की कीमत बुधवार को 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना न्यूयॉर्क में 10.79 डॉलर यानी 0.32 प्रतिशत बढ़कर 3,358.99 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

*पावेल पर ब्याज कम करने के दबाव से बाजार चिंतित : एबांस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, "अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल पर ब्याज दरें कम करने के लिए जारी राजनीतिक दबाव ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। इससे सोने की सुरक्षित निवेश संपत्ति के रूप में स्थिति और मजबूत हुई है।"*

## वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ सेंसेक्स 304 अंक चढ़ा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 304 अंक चढ़ गया। अमेरिका में महंगाई दर स्थिर रहने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ धातु, वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार बढ़त में रहा। बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,539.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 448.15 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 24,619.35 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आने से घरेलू शेयर बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। वैश्विक स्तर पर चीन पर शुल्क लगाये जाने की समयसीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ। उन्होंने कहा, "डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार रुख और वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुकूल बनी हुई है। शुल्क पर स्थिति अद्यतन होने पर मामूली गिरावट का जोखिम बना हुआ है। भारत 15 अगस्त को होने वाली ट्रंप-पुतिन बैठक का इंतजार कर रहा है।

**स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ**

स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी त्यौहारों के अवसर पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है, जिनकी समय–सारणी निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी सं. 01707/01708 जबलपुर – हजरत निजामुद्दीन – जबलपुर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (04 फेरे)

| गाड़ी सं. 01707 आगमन | गाड़ी सं. 01707 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01708 आगमन | गाड़ी सं. 01708 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:30 | जबलपुर | 08:10 | ---- |
| 11:10 | ---- | हजरत निजामुद्दीन | ---- | 12:30 |

चलने के दिन: 01707 जबलपुर से दिनांक 14.08.2025 व 17.08.2025 (गुरुवार व रविवार) को तथा 01708 हजरत निजामुद्दीन से दिनांक 15.08.2025 व 18.08.2025 (शुक्रवार व सोमवार) को।
ठहराव: कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., ग्वालियर जं., आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।
स्थान: वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04415/04416 दिल्ली जं. – रींगस जं. – दिल्ली ज. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (06 फेरे)

| गाड़ी सं. 04415 आगमन | गाड़ी सं. 04415 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04416 आगमन | गाड़ी सं. 04416 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:40 | दिल्ली जं. | 13:45 | ---- |
| 04:30 | ---- | रींगस जं. | ---- | 05:05 |

चलने के दिन: 04415 दिल्ली जं. से दिनांक 14, 15 व 16.08.2025 को तथा 04416 रींगस जं. से दिनांक 15, 16 व 17.08.2025 को।
ठहराव: दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली छावनी, गुड़गांव, पटौदी रोड, रेवाड़ी जं., महेंद्रगढ़, लोहारु, चिड़ावा, झुंझुनू, नवलगढ़ एवं सीकर जं. स्टेशन। स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04418/04417 हज़रत निज़ामुद्दीन – वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (06 फेरे)

| गाड़ी सं. 04418 आगमन | गाड़ी सं. 04418 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04417 आगमन | गाड़ी सं. 04417 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:35 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 12:45 | ---- |
| 03:10 | ---- | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. | ---- | 03:45 |

चलने के दिन: 04418 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 14, 15 व 16.08.2025 को तथा 04417 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. से दिनांक 15, 16 व 17.08.2025 को।
ठहराव: फ़रीदाबाद, पलवल, कोसी कलां, मथुरा जं., आगरा छावनी एवं ग्वालियर जं. स्टेशन। स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04422/04421 हज़रत निज़ामुद्दीन – मथुरा जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** (04 फेरे)

| गाड़ी सं. 04422 आगमन | गाड़ी सं. 04422 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04421 आगमन | गाड़ी सं. 04421 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 10:30 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 17:30 | ---- |
| 13:30 | ---- | मथुरा जं. | ---- | 14:00 |

चलने के दिन: 04422 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 15 व 16.08.2025 को तथा 04421 मथुरा जं. से दिनांक 15 व 16.08.2025 को।
ठहराव: ओखला, तुगलकाबाद, फ़रीदाबाद, फ़रीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावटी, पलवल, रूँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलां, छाता, अझई, वृंदाबन रोड और भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**रेलगाड़ी सं. 04424/04423 हज़रत निज़ामुद्दीन – मथुरा जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** (04 फेरे)

| गाड़ी सं. 04424 आगमन | गाड़ी सं. 04424 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04423 आगमन | गाड़ी सं. 04423 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 09:45 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 16:30 | ---- |
| 12:40 | ---- | मथुरा जं. | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: 04424 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 15 व 16.08.2025 को तथा 04423 मथुरा जं. से दिनांक 15 व 16.08.2025 को।
ठहराव: ओखला, तुगलकाबाद, फ़रीदाबाद, फ़रीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावटी, पलवल, रूँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलां, छाता, अझई, वृंदाबन रोड और भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04420/04419 दिल्ली जं. – वाराणसी – दिल्ली जं. आरक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** (02 फेरे)

| गाड़ी सं. 04420 आगमन | गाड़ी सं. 04420 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04419 आगमन | गाड़ी सं. 04419 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:20 | दिल्ली जं. | 09:05 | ---- |
| 09:25 | 09:35 | लखनऊ जं. | 22:35 | 22:45 |
| 15:20 | ---- | वाराणसी | ---- | 17:20 |

चलने के दिन: 04420 दिल्ली जं. से दिनांक 14.08.2025 को तथा 04419 वाराणसी जं. से दिनांक 15.08.2025 को।
ठहराव: नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन।
स्थान: प्रथम वाता., वाता. 2 टीयर, वाता. 3 टीयर, वाता. 3 टीयर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04145/04146 सूबेदारगंज – आनंद विहार (ट.) – सूबेदारगंज सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी** (04 फेरे)

| गाड़ी सं. 04145 आगमन | गाड़ी सं. 04145 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04146 आगमन | गाड़ी सं. 04146 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:00 | सूबेदारगंज | 06:30 | ---- |
| 17:30 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 19:30 |

चलने के दिन: 04145 सूबेदारगंज से दिनांक 14 व 16.08.2025 को तथा 04146 आनंद विहार (ट.) से दिनांक 14 व 16.08.2025 को।
ठहराव: फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, टूण्डला ज., अलीगढ़ जं., खुर्जा जं. और गाजियाबाद स्टेशन।
स्थान: वाता. 3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।


**रेलगाड़ी सं. 14212/14211 नई दिल्ली – आगरा छावनी – नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस का ग्वालियर तक विस्तार**

| गाड़ी सं. 14212 आगमन | गाड़ी सं. 14212 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 14211 आगमन | गाड़ी सं. 14211 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:40 | नई दिल्ली | 10:00 | ---- |
| 21:30 | 21:35 | आगरा छावनी | 03:40 | 05:30 |
| 22:23 | 22:25 | धौलपुर | 02:10 | 02:12 |
| 23:03 | 23:05 | मुरेना | 01:30 | 01:32 |
| 23:45 | ---- | ग्वालियर | ---- | 01:00 |

- रेलगाड़ी सं. 14212 नई दिल्ली – आगरा छावनी इंटरसिटी एक्सप्रेस आगरा छावनी से दिनांक 14.08.2025 से 16.08.2025 (3 दिन) तक ग्वालियर तक जाएगी।
- रेलगाड़ी सं. 14211 आगरा छावनी – नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 15.08.2025 से 17.08.2025 (3 दिन) तक ग्वालियर से प्रस्थान करेगी।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5958




**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट, बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा, पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5957 का हल





# सिनसिनाटी ओपन : अल्काराज ने मेडजेडोविक को दी शिकस्त, दर्ज की 2025 की 50वीं जीत

एजेंसी ▶▶| सिनसिनाटी

सिनसिनाटी ओपन में कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराकर 2025 की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज ने मेडजेडोविक को 6-4, 6-4 से हराया। अल्काराज ने इस जीत के साथ ही लगातार 13वीं मास्टर्स 1000 जीत दर्ज की और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज और मेडजेडोविक के बीच जब मैच की शुरुआत हुई तो कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन, कार्लोस ने मैच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में किया। मेडजेडोविक ने 3-3 की बराबरी पर सर्विस की। सर्बिया के मेडजेडोविक ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन चौथे ब्रेक पॉइंट पर दबाव का असर दिखा। इसका फायदा कार्लोस को हुआ।

## एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में किया प्रवेश



## 95 मिनट तक चला कड़ा मुकाबला

अल्काराज ने 95 मिनट तक चले मैच को 6-4, 6-4 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि वह वाकई एक जबरदस्त खिलाड़ी है। उसके शॉट्स को रिटर्न करना बेहद मुश्किल होता है। उसकी सर्विस भी जबरदस्त है। मुझे पता है कि उसे इधर-उधर ज्यादा दौड़ना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी योजना उसे जितना हो सके उतना दौड़ाने की थी। अल्काराज का सामना चौथे दौर में लुका नार्डी से होगा, क्योंकि जैकब मेन्सिक के मैच के बीच में ही रिटायर होने के बाद इस इतालवी खिलाड़ी को फ्री पास मिल गया था।



## आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में

*22 वर्षीय अल्काराज अपने आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। इस बेजोड़ जीत के सिलसिले के दौरान वे मोंटे कार्लो और रोम पर कब्जा कर चुके हैं। साल के अंत में नंबर 1 की दौड़ में जैनिक सिनर पर 1,500 अंकों की बढ़त के साथ वह काफी आगे हैं। सिनसिनाटी ओपन में जहां एक तरफ सभी खिलाड़ी गर्मी से परेशान हैं, परिस्थितियों से जूझ रहे हैं और हार मान रहे हैं। वहीं अल्काराज आराम से जीत दर्ज कर रहे हैं। कहीं न कहीं सिनसिनाटी ओपन को वे यूएस ओपन की तैयारी के तौर पर ले रहे हैं।*

## 'बार्बी डॉल' बनेगी वीनस



**न्यूयॉर्क।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है, जिसे जल्द जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है, जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।

## खबर संक्षेप

### पोवार बने पश्चिम क्षेत्र के कोच



**मुंबई।** मुंबई के पूर्व बल्लेबाज किरण पोवार को दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया, जो 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू हो रही है। यह टूर्नामेंट इस सत्र में फिर क्षेत्रीय प्रारुप में खेला जाएगा, जिसका आयोजन बेंगलुरु के बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मैदानों में किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र से होगा। गुजरात के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पल्लव वोरा को सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

### खालिद जमील ने किया दो साल का एग्रीमेंट



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा कि खालिद जमील को दो साल की अवधि के लिए पूर्णकालिक आधार पर सीनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है तथा अच्छे परिणाम हासिल करने पर उनके अनुबंध को आगे एक साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। एआईएफएफ ने कहा कि जमील ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम जमशेदपुर एफसी से अलग होने के बाद अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। जमील अपना पहला अभ्यास शिविर 15 अगस्त को बेंगलुरु के द्रविड़-पादुकोण सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में शुरू करेंगे। भारतीय टीम के साथ उनका पहला टूर्नामेंट सीएएफए नेशंस कप होगा। जहां भारत ग्रुप बी में मेजबान ताजिकिस्तान (29 अगस्त), ईरान (एक सितंबर) और अफगानिस्तान (चार सितंबर) से भिड़ेगा। भारत अक्टूबर में फीफा विंडो में सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफाइंग दो महत्वपूर्ण मैच (नौ और 14 अक्टूबर) खेलेगा।

### डोनारुम्मा ने तोड़ा पीएसजी से नाता

**पेरिस।** स्टार गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा ने टॉटेनहम के खिलाफ होने वाले यूईएफए सुपर कप फाइनल के लिए पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) की टीम से बाहर किए जाने के कुछ ही घंटों बाद एक संदेश पोस्ट कर कहा कि वह क्लब छोड़ रहे हैं। पीएसजी ने मंगलवार को जब मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की तो हाल में टीम से जुड़ने वाले गोलकीपर लुकास शेवेलियर को बैकअप गोलकीपर मतवेई सफोनोव और रेनाटो मारिन के साथ टीम में शामिल किया था।

### सब जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए ट्रायल

**पंचकूला।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन पंचकूला ने 50वीं सब जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए ट्रायल की घोषणा की है। यह चैंपियनशिप गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगी। ट्रायल 15 अगस्त को दोपहर 3:00 से 6:00 तक होंगे। संगठन महासचिव गुरदीप सिंह ने बताया कि ट्रायल 15 अगस्त को सेक्टर 21 के दून पब्लिक स्कूल में होंगे। इसके लिए गर्ल्स को दोपहर 3:00 और बॉयज को 4:00 बजे ग्राउंड में रिपोर्ट करना होगा। ट्रायल में वहीं खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 जनवरी, 2012 या उसके बाद हुआ हो। वे पंचकूला में रह रहे हो या पढ़ाई कर रहे हो।

## वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से की अपने नाम

# वेस्टइंडीज ने खत्म किया 34 साल का सूखा, पाक को 202 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| तारूबा

कप्तान शाई होप के शतक और तेज गेंदबाज जेडन सील्स की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 202 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 अपने नाम की। होप ने 94 गेंद पर नाबाद 120 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 294 रन बनाए।

पाकिस्तान की टीम इसके जवाब में 29.2 ओवर में 92 रन पर ढेर हो गई। उसके केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें सलमान आगा ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जेडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर छह विकेट लिए। इस तरह से वेस्टइंडीज 1991 के बाद पाकिस्तान के खिलाफ पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला जीतने में सफल रहा। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और ट्वेंटी-20 प्रारुपों में घरेलू श्रृंखलाओं में हार का सिलसिला भी समाप्त कर दिया।



### पाकिस्तान के 3 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के शीर्ष तीन बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। सलामी बल्लेबाज सैम अयूब पारी की तीसरी गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। अब्दुल्ला शफीक भी रन नहीं बना पाए और तीसरे ओवर में कप्तान मोहम्मद रिजवान के शून्य पर आउट होने से पाकिस्तान का स्कोर तीन विकेट पर आठ रन हो गया। सील्स ने बाबर आजम (09) को एलबीडब्ल्यू आउट करके अपना चौथा विकेट लिया। हसन नवाज़ (13) गुडाकेश मोती की गेंद पर स्टंप आउट हो गए, जबकि रोस्टन चेज ने हुसैन तलत (01) को बोल्ड कर दिया।

### ऑस्ट्रेलिया से लगातार 8 मैच हारी कैरेबियाई टीम

यह बड़ी जीत कैरेबियाई क्रिकेट के लिए आयोजित दो दिवसीय आपातकालीन सम्मेलन के बाद आई। होप ने ब्रायन लारा और क्लाइव लॉयड जैसे महान खिलाड़ियों के साथ इस सम्मेलन में हिस्सा लिया और वेस्टइंडीज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से शीर्ष पर लाने के लिए रणनीति बनाने में मदद की। ऑस्ट्रेलिया से लगातार आठ मैच हारने और फिर फ्लोरिडा में पाकिस्तान से टी-20 श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने पिछले सप्ताह पाकिस्तान से एकदिवसीय श्रृंखला का पहला मैच पांच विकेट से गंवा दिया था। वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पांच विकेट से जीत हासिल कर श्रृंखला को बराबर किया और फिर तीसरे मैच में भी दबदबा बनाया। होप ने ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में जस्टिन ग्रीव्स के साथ लगभग आठ ओवर में सातवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की। ग्रीव्स ने केवल 24 गेंदों पर नाबाद 43 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और चार चौके शामिल थे।

## आईसीसी रैंकिंग

# रोहित का जलवा, बाबर आजम को पछाड़ा, दूसरे स्थान पर पहुंचे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के वनडे फॉर्मेट के कप्तान रोहित शर्मा बढ़ती उम्र के साथ बेहतर होते गए हैं। कप्तानी हो या फिर बल्लेबाजी, दोनों किरदारों में रोहित ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है। आईसीसी की हालिया वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर चले गए हैं।

आईसीसी ने बुधवार को वनडे रैंकिंग जारी की। इस रैंकिंग में रोहित शर्मा एक स्थान ऊपर बढ़ते हुए दूसरे स्थान पर चले गए हैं। रोहित ने बाबर आजम को हटाकर दूसरा स्थान हासिल किया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में बाबर आजम फ्लॉप रहे। इस वजह से उन्हें आईसीसी रैंकिंग में नुकसान उठाना पड़ा है। शीर्ष दस बल्लेबाजों में बाबर आजम तीसरे नंबर पर चले गए हैं। 784 अंक के साथ शुभमन गिल पहले स्थान पर जमे हुए हैं। गिल और रोहित के रेटिंग अंकों के बीच 28 अंक का अंतर है।

विराट कोहली चौथे, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल पांचवें, श्रीलंका के चरिथ असालंका छठे, आयरलैंड के हैरी टेक्टर सातवें, भारत के श्रेयस अय्यर आठवें, अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान नौवें और श्रीलंका के कुसाल मेंडिस दसवें स्थान पर हैं।

### टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा नंबर वन बल्लेबाज

आईसीसी टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा पहले नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 829 की है। अब ट्रेविस हेड को हटाकर तिलक वर्मा ने दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। तिलक वर्मा की रेटिंग 804 की है। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। ट्रेविस हेड दूसरे नंबर से हटकर तीसरे पर भी नहीं गए, वे सीधे नंबर चार पर पहुंच गए हैं। तीसरे नंबर पर अब फिल साल्ट ने अपना कब्जा जमा लिया है। फिल साल्ट को भी एक स्थान का फायदा मिलते हुए दिख रहा है। उनकी रेटिंग 791 की है।

## महिला वनडे सीरीज : भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है।

बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।



### यास्तिका और शेफाली ने की 77 रनों की साझेदारी

भाटिया ने शेफाली वर्मा (31 गेंदों पर 36 रन) के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े, जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए। लेकिन गुज्जर और भाटिया जल्दी-जल्दी आउट हो गई, जिससे भारत ए का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन हो गया।

## हरियाणा के मुक्केबाजों ने सब जूनियर राष्ट्रीय मुक्केबाजी में टीम खिताब जीते

भाषा ▶▶| ग्रेटर नोएडा

हरियाणा की युवा मुक्केबाजी टीम ने बुधवार को सब जूनियर (अंडर-15) बालक और बालिका राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में टीम खिताब अपने नाम किए।

हरियाणा के मुक्केबाजों ने कौशल, ताकत और निरंतरता का संयोजन करते हुए सेना को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में हरियाणा ने चार स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीतकर टीम खिताब जीता। सेना ने दूसरा जबकि उत्तर प्रदेश ने तीसरा स्थान हासिल किया। हरियाणा के लिए रवि सिहाग (49-52 किग्रा) और संचित जयानी (55-58 किग्रा) ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए खिताब जीते। लड़कियों की टीम ने भी यही सफलता दोहराई और गरिमा (35-37 किग्रा), प्रिंसी (49-52 किग्रा), सुनैना (58-61 किग्रा), जीविका (61-64 किग्रा) और राधिका शर्मा (67-70 किग्रा) सहित कई वर्गों में चैंपियन बनीं। सेना की टीम कुल मिलाकर दूसरे स्थान पर रही जिसमें नव्या (52-55 किग्रा) और निशालिनी मुथुकुमार (43-46 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते जबकि महाराष्ट्र ने रिया शिंदे (30-33 किग्रा) और ओवी अदवंत (46-49 किग्रा) की शानदार जीत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।



## 3 हजार मीटर में गुलवीर सिंह ने बनाया नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत के गुलवीर सिंह ने बुडापेस्ट में ग्युलाई इस्तवान मेमोरियल हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ की गैर ओलंपिक स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया और पांचवें स्थान पर रहे। गुलवीर ने सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वैलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था। यह विश्व एथलेटिक्स की कॉन्टिनेंटल टूर स्वर्ण स्तर की प्रतियोगिता है। कीनिया के किपसांग मैथ्यू किपचुम्बा ने 7:33.23 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मैक्सिको के एडुआर्डो हेरेरा (7:33.58), युगांडा के ऑस्कर चेलिमो (7:33.93) और उरुग्वे के वैलेन्टिन सोका (7:34.28) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहे।

## जीता अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप

# 20 वर्षीय रोहित कृष्णा बने भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय शतरंज खिलाड़ी रोहित कृष्णा एस भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बने। उन्होंने कजाकिस्तान में हुई अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप को जीत कर ये उपलब्धि अपने नाम की। 20 वर्षीय रोहित ने आखिरी राउंड में अर्मेनियाई आईएम आर्टुर दावत्यान को हराया और नौ में से 6 अंक हासिल किए, जिससे उनका तीसरा और अंतिम जीएम नॉर्म बना।

विश्वेश्वरन के प्रशिक्षित रोहित ने इस साल मार्च में होटल स्टॉकहोम नॉर्थ जीएम राउंडर-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर अपना पहला जीएम मानदंड हासिल किया। वहीं अब उनका दूसरा जीएम नॉर्म जून में दुबई ओपन में आया। बता दें कि, भारत को 1988 में विश्वनाथन आनंद के रूप में पहला ग्रैंडमास्टर मिला था। जबकि दिव्या देशमुख पिछले महीने फिडे वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक जीत के साथ देश की 88वीं ग्रैंडमास्टर बनीं।



### रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट

### गुकेश पांचवें स्थान पर खिसके कारुआना ने की बढ़त हासिल



सेंट लुई (अमेरिका)। विश्व चैंपियन डी. गुकेश के लिए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सेंट लुई रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट का दूसरा दिन बहुत अच्छा नहीं रहा। उन्हें एक बाजी में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजियां उन्होंने ड्रॉ खेली, जिससे वह 10 खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में छह अंकों के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गए। गुकेश ने चौथे दौर में अमेरिका के अंतिम स्थान पर काबिज सैम शंकलैंड के हाथों मिली करारी हार के बाद फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले।

### अरोनियन ने खेली दो बाजी ड्रॉ

इस बीच अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन को दिन की आखिरी बाजी में हराकर दो अंकों की बढ़त ले ली। गुकेश की तरह अरोनियन भी केवल दो बाजी ड्रॉ करा पाए और एक हार गए। रैपिड में अब जबकि केवल तीन दौर का खेल बचा हुआ है तब कारुआना संभावित 12 में से 10 अंक लेकर इस वर्ग में जीत की स्थिति में दिख रहे हैं।

## भारत में 2030 में हो सकते हैं राष्ट्रमंडल खेल, आईओए ने दी औपचारिक मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने विशेष आम बैठक (एसजीएम) के दौरान 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेजबान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे। कनाडा के दौड़ से बाहर हो जाने के बाद भारत के लिए 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी पाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।



### डैरेन हॉल ने किया था अहमदाबाद का दौरा

राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल के अधिकारियों की एक टीम ने हाल ही में आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने तथा गुजरात सरकार के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों के एक प्रतिनिधिमंडल के अहमदाबाद पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा नवंबर के आखिरी हफ्ते में ग्लासगो में मेज़बान देश का फैसला करेगी। भारत इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर चुका है।




## खबर संक्षेप

### तहव्वुर राणा की हिरासत 8 सितंबर तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के प्रमुख आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा की न्यायिक हिरासत को दिल्ली की विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) अदालत ने बुधवार को 8 सितंबर तक बढ़ा दिया। अदालत ने राणा को अगस्त महीने में तीन बार अपने भाई से फोन पर बात करने की अनुमति दी है। इस दौरान राणा के फोन कॉल रिकॉर्ड किए जाएंगे। साथ ही यह बातचीत जेल अधिकारियों की मौजूदगी में अंग्रेजी या हिंदी भाषा में होनी चाहिए। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह के समक्ष तहव्वुर राणा वर्चुअल पेश हुए।

### बादशाह के क्लब में बम फेंकने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने चंडीगढ़ स्थित मशहूर रैपर और गायक बादशाह के नाइट क्लब के बाहर हुए बम धमाकों के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले दीपक के रूप में हुई है। दीपक को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल आरोपी से पूछताछ कर रही है। जांच में सामने आया है कि दीपक गैंगस्टर गोल्डी बरार के संपर्क में था। गोल्डी बरार ने पर एक पोस्ट के जरिए इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## भारत-सिंगापुर तीसरी मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक

# सरकार और उद्योग जगत के बीच सहयोग बढ़ाने की दिशा में अहम कदम, साझेदारी करेंगे मजबूत


*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि सरकार और उद्योग के बीच तालमेल भारत-सिंगापुर संबंधों के अगले चरण को खोलने की कुंजी है। बैठक के दौरान, मंत्रियों ने याद दिलाया कि 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय राउंड टेबल सम्मेलन (आईएसएमआर) की तीसरे दौर की बैठक बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित हुई। यह बैठक दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ इस गोलमेज सम्मेलन का नेतृत्व किया।

**डिजिटलीकरण, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा में करेंगे सहयोग**

**द्विपक्षीय संबंधों को और व्यापक एवं गहन बनाने के अवसर तलाशेंगे**



### प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई सार्थक बातचीत

सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सिंगापुर के डिप्टी पीएम और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम यंग ने किया। उनके साथ राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गृह मामलों के समन्वय मंत्री के. शन्मुगम, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, डिजिटल विकास एवं सूचना मंत्री जो टियो, श्रम मंत्री डॉ. टैन सी लेंग और परिवहन मामलों के कार्यवाहक मंत्री जेफरी सिओ ने भाग लिया।

### बैठक भारत-सिंगापुर संबंधों के अगले चरण को खोलने की कुंजी

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नई दिल्ली में तीसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन आईएसएमआर में भाग लेकर प्रसन्नता हुई। प्रतिनिधिमंडल को हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद। उन्होंने कहा कि आईएसएमआर की भारत-सिंगापुर व्यापार गोलमेज सम्मेलन (आईएसबीआर) प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि सरकार और उद्योग के बीच तालमेल भारत-सिंगापुर संबंधों के अगले चरण को खोलने की कुंजी है।*

**छह स्तंभों पर किया विचार-विमर्श: विदेश मंत्रालय**



*भारत के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि दोनों पक्षों ने आईएसएमआर के तहत पहचाने गए छह स्तंभों पर विचार-विमर्श किया, जिनमें डिजिटलीकरण, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा, उन्नत विनिर्माण और कनेक्टिविटी शामिल हैं। मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन भारत-सिंगापुर सहयोग के लिए एक नया एजेंडा निर्धारित करने का एक अनूठा तंत्र है। भारत और सिंगापुर एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं और मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन का तीसरा दौर हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और व्यापक एवं गहन बनाने के अवसरों की पहचान करेगा।*

### उरी की है घटना, आतंकियों की धरपकड़ के लिए सेना सहित अन्य सुरक्षाबलों का सघन तलाशी अभियान जारी

## जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर आतंकी घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक जवान शहीद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हाथों से बुरी से तरह से मार खाने के बाद भी पाकिस्तान की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है। एक तरफ उसके नेता भारत के खिलाफ अपने जहरीले बयानों से आग उगल रहे हैं। तो वहीं, दूसरी तरफ पाक की शरण में पलने वाले आतंकवादी लगातार नियंत्रण रेखा (एलओसी) को लांघकर भारत में घुसपैठ करने की कोशिश में लगे हुए हैं। ताजा मामला जम्मू-कश्मीर के बारामूला के उरी सेक्टर में आतंकियों की एलओसी से घुसपैठ करने की कोशिश जुड़ा हुआ है। जिसे इलाके में पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात भारतीय सेना के जवानों ने नाकाम कर दिया। इस दौरान चलाए गए अभियान में हालांकि सेना का एक जवान हवलदार अंकित कुमार शहीद हो गया है। वहीं, आतंकियों को पकड़ने के लिए सेना व अन्य सुरक्षाबलों का इलाके में सघन तलाशी अभियान जारी है। सेना की चिनार कोर ने एक्स पोस्ट में बताया कि उरी में एलओसी पर परिचालन ड्यूटी करते वक्त हवलदार अंकित कुमार के सर्वोच्च बलिदान का सेना सम्मान करती है। शोक संतप्त परिवार के प्रति हम अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हैं और दुख की इस घड़ी में उनके साथ पूरी एकजुटता से खड़े हैं। बताते चलें कि शुरुआत में उरी की आतंकी घुसपैठ की कोशिश को पाकिस्तानी बैट टुकड़ी का कारनामा माना जा रहा था। लेकिन सेना ने इसे घुसपैठ करार दिया है।

### किश्तवाड़, कुलगाम में आतंकियों की तलाश जारी

पूर्व में सुरक्षाबलों को किश्तवाड़ में आतंकवादियों के छिपे हुए होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। आतंकियों ने सैन्य बलों पर फायरिंग की थी। लगभग 10 अगस्त का ये पूरा मामला है। इससे पहले मौजूदा महीने की शुरुआत में कुलगाम के जंगलों में भी आतंकियों की धरपकड़ के लिए चलाया गया एक तलाशी अभियान जारी है।

### 15 अगस्त से पहले हुई घुसपैठ की कोशिश

यहां बता दें कि बीते करीब 13 दिनों में आतंकवादियों के साथ हुई सेना की ये तीसरी मुठभेड़ है। एलओसी पर घुसपैठ की यह घटना ऐसे वक्त में सामने आई है। जब भारत में 15 अगस्त को मनाए जाने वाले 79 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां अपने चरम पर हैं। लालकिले पर भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। उनका लालकिले की प्राचीर से देश के नाम संबोधन भी होगा। इस वर्ष समारोह का विषय नया भारत रखा गया है।

### 28 जुलाई को पहलगाम के गुनहगारों को मारा

गौरतलब है कि गृह मंत्री अमित शाह ने बीते दिनों संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में बताया था कि सेना व अन्य सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के जरिए 28 जुलाई को पहलगाम आतंकी हमले के तीन मुख्य गुनहगारों को मार गिराया था। इसमें हमले का मास्टरमाइंड आतंकी सुलेमान और उसके साथी आतंकवादी अफगान और जिब्रान शामिल थे। तीनों लश्कर के छद्म संगठन टीआरएफ से जुड़े थे।

**आरकेबी डिविजन का खात्मा**

## बंडा पहाड़ में मुठभेड़, मारे गए नक्सलियों के दो टॉप लीडर

एजेंसी ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर बस्तर कांकेर की सीमा से सटे मानपुर मोहला जिला के बंडा पहाड़ में मानपुर पुलिस और नक्सलियों के बीच 13 अगस्त को मुठभेड़ हुई। इस टीम की मदद के लिए आईटीबीपी के जवान और कांकेर से भी सपोर्टिंग टीम भी पहुंची थी। भीषण मुठभेड़ में आरकेबी डिविजन के प्रमुख एवं एसजेडसी सदस्य विजय रेड्डी और आरकेबी डिविजन कमांडर लोकेश सलामे के ढेर होने की पुष्टि मानपुर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने की है। दोनों नक्सली अपने साथ एके 47 हथियार रखते थे।

आरकेबी यानी राजनांदगांव कांकेर बार्डर के नाम से नक्सलियों के संगठन का प्रमुख विजय रेड्डी और कोतरी एरिया कमेटी का कमांडर लोकेश सलामे पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते पहले अबूझमाड़ के बार्डर चले गए थे, उस तरफ जब दबाव बढ़ा, तो यह दोनों कांकेर जिले की सीमा से लगे मानपुर जिले के बंडा पहाड़ पर शरण लिए हुए थे। मानपुर पुलिस को लोकेशन मिलने पर मानपुर की डीआरजी टीम बंडा पहाड़ गई थी और वहां हुई मुठभेड़ में मार डाला।

### मृतक नक्सली एसजेडसी एवं डीवीसी सदस्य

कांकेर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने घटनी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों नक्सली कांकेर जिले के कई इलाकों में लंबे समय से सक्रिय थे। मृतक विजय रेड्डी एसजेडसी सदस्य था और उस पर 25 लाख और लोकेश सलामे डीवीसी सदस्य था, जिस पर 8 लाख का इनाम घोषित है। दोनों नक्सलियों के खिलाफ कांकेर जिले में कई अपराध दर्ज हैं।



विजय रेड्डी

### दोनों नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि

मोहला मानपुर पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने पुष्टि की है कि दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई। जवानों को एसजेडसी विजय रेड्डी और कोतरी एरिया कमेटी का कमांडर लोकेश सलामे को मारने में सफलता मिल गई है। इलाके में भारी बारिश हो रही है, इसके बाद भी जवानों ने ऑपरेशन जारी रखा है। टीम वापस नहीं आई है, टीम के वापिस आने के बाद ही घटना की विस्तृत जानकारी मिली सकेगी।

### मानपुर में ली थी शरण

आरकेबी डिविजन का प्रमुख विजय रेड्डी था और उत्तर बस्तर में भी इसकी अच्छी पकड़ थी, यही कारण था कि ये कांकेर पुलिस की हिट लिस्ट में था। कई बार पुलिस ने इसके लिया घेराबंदी की, लेकिन यह बच निकल रहा था। कांकेर में पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण ही यह अपनी टीम के साथ मानपुर मोहला की ओर शरण लिए हुआ था, ऐसी संभावना जताई जा रही है। केंद्रीय कमेटी मेंबर विजय रेड्डी के संबंध में बताया गया कि तेलंगाना महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ के बस्तर तथा मोहला मानपुर अंबागढ चौकी जिले में उसका बड़ा नाम है। लोकेश सलामे मानपुर विकास खंड के ग्राम आमाकोडो निवासी है जो पिछले 20 वर्षों से नक्सली संगठन में डीवीसी रेंक मे बस्तर के माड तथा मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले मे सक्रिय था।

### ग्रोक ने ट्रंप को बताया सबसे कुख्यात अपराधी




**वॉशिंगटन।** एलन मस्क के एआई चैटबॉट 'ग्रोक' ने डोनाल्ड ट्रंप को वॉशिंगटन डीसी का 'सबसे कुख्यात अपराधी' बताया, यह कहते हुए कि ट्रंप 34 गंभीर अपराधों में दोषी ठहराए गए हैं। यह टिप्पणी तब आई जब एक्स प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने राजधानी में अपराध की स्थिति और वहां के सबसे कुख्यात अपराधी के बारे में पूछा। ग्रोक ने जवाब में कहा कि 2025 में वॉशिंगटन डीसी में हिंसक अपराध 26% घटे हैं और यह 30 साल का सबसे निचला स्तर है। उसने यह भी कहा कि ट्रंप को न्यूयॉर्क में 34 गंभीर अपराध के मामलों में दोषी ठहराया है।

**केदारनाथ जाने के लिए बेकाबू हुई भीड़**

## सोनप्रयाग में बैरिकेड तोड़े, पुलिस ने लाठियों से श्रद्धालुओं को खदेड़ा

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन की रोक के बावजूद, आगे बढ़ने का प्रयास कर रही भीड़ जब बुधवार को सोनप्रयाग के सीतापुर में बैरिकेड तोड़कर उग्र होने लगी तो पुलिसकर्मियों को लाठियां फटकार कर लोगों को हटाना पड़ा।

रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने भारी बारिश की चेतावनी की वजह से केदारनाथ यात्रा पर अस्थायी रोक लगा रखी है। भीड़ को रोकने के लिए जगह-जगह बैरियर लगाए गए हैं। इसकी वजह से सोनप्रयाग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हो गए हैं। बुधवार को यात्री सुबह से ही



आगे बढ़ने की इजाजत देने की मांग कर रहे थे। लेकिन प्रशासन यात्रा पर रोक का हवाला देकर आगे नहीं बढ़ने दे रहा था। घंटों के इंतजार में कई लोगों का धैर्य जवाब देने लगा। उन्होंने सोनप्रयाग में पुलिस द्वारा लगाया गया मुख्य बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ीं। बता दें, भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए केदारनाथ यात्रा पर 14 अगस्त तक रोक लगा रखी है।

**रूसी रक्षा मंत्रालय का बड़ा खुलासा**

## ट्रंप-पुतिन की कल होगी मुलाकात यूक्रेन 'हमले' की रच रहा साजिश

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद पहली बार डोनाल्ड ट्रंप रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने वाले हैं। इस मुलाकात से पहले रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर बड़ा आरोप लगाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि कीव 15 अगस्त को अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच होने वाली बैठक को बाधित करने के लिए योजना बना रहा है। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में, मंत्रालय ने कहा कि कई माध्यमों से मिली जानकारी से पता चला है कि यूक्रेन सरकार 15 अगस्त 2025 को होने वाली रूसी-अमेरिकी वार्ता को विफल करने के लिए तैयारी कर रही है।

**यूक्रेन घनी आबादी को बनाएगा निशाना**



### खारकीव में यूक्रेनी सेना हमला करेगी

मंत्रालय का दावा है कि इसी मकसद से यूक्रेन की सुरक्षा सेवा ने विदेशी पत्रकारों के एक समूह को खारकीव के चुगुएव भेजा है। यह इलाका यूक्रेन के कब्जे में है। पत्रकारों को वहां सीमावर्ती इलाके के निवासियों पर रिपोर्ट बनाने के बहाने भेजा गया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सेना शहर पर हमला करेगी और इसका जिम्मेदार रूस को ठहरा देगी।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 15 अगस्त को होने वाले शिखर सम्मेलन से ठीक पहले, यूक्रेन के सशस्त्र बल घनी आबादी वाले किसी आवासीय क्षेत्र या अस्पताल पर यूएवी और मिसाइलों की सहायता से हमले की योजना बना रहे हैं। विदेशी पश्चिमी पत्रकार तुरंत इसकी खबर देंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह रूस और यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को रुकवाने के लिए रूस और अमेरिकी सहयोग में बाधा डालने के लिए नेगेटिव रिपोर्टिंग की जाएगी।

**ऑपरेशन सिंदूर में एफ-16 को हुए नुकसान के सवाल पर भड़का अमेरिका**

# जवाब देने से किया इनकार, बोला- पाकिस्तान से जाकर पूछो

*एफ-16 विमानों का तकनीकी सहायता दल चौबीस घंटे इन विमानों पर रखता है नजर*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के एफ-16 विमानों को हुए नुकसान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। उसने कहा है कि इसके बारे में पाकिस्तान सरकार से पूछना चाहिए। दरअसल, भारत ने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को जवाब दिया था।

7 मई से 10 मई के बीच 88 घंटे तक चले इस भीषण संघर्ष में पाकिस्तान को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। हाल में ही भारतीय वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने खुलासा किया था कि इस दौरान पाकिस्तान को 5 लड़ाकू विमान खोने पड़े थे, जिनमें दो अमेरिकी एफ-16 थे।



### एफ-16 की जानकारी रखता है अमेरिका

भारतीय मीडिया ने अमेरिकी विदेश विभाग से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी वायुसेना के एफ-16 लड़ाकू विमानों को हुए नुकसान से संबंधित प्रश्न पूछा था। इसके जवाब में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि हम आपको पाकिस्तान सरकार से उसके एफ-16 विमानों के बारे में चर्चा करने के लिए कहते हैं। बता दें, अमेरिका पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों की स्थिति की पूरी जानकारी अमेरिकी कॉन्ट्रैक्टरों के माध्यम से रखता है। इन्हें तकनीकी सहायता दल के रूप में जाना जाता है। अमेरिका के ये कॉन्ट्रैक्टर पाकिस्तान में अमेरिका में निर्मित एफ-16 विमानों के उपयोग की निगरानी के लिए चौबीसों घंटे तैनात रहते हैं।

### कॉन्ट्रैक्टर डील के तहत रखरखाव किया जाता

ये कॉन्ट्रैक्टर पाकिस्तान और अमेरिका के बीच हस्ताक्षरित विस्तृत अंतिम-उपयोग समझौतों के अनुसार काम करते हैं। ये समझौते उन शर्तों को परिभाषित करते हैं जिनके तहत पाकिस्तान के एफ-16 विमानों का युद्ध में इस्तेमाल किया जा सकता है और यही वह आधार है जिसके आधार पर इस्लामाबाद को अपने एफ-16 बेड़े के रखरखाव और उसे बनाए रखने के लिए अमेरिकी सहायता मिलती है। इसलिए, ये तकनीकी सहायता दल या कॉन्ट्रैक्टर डील के तहत पाकिस्तान के सभी एफ-16 विमानों की स्थिति के बारे में हर समय पूरी जानकारी रखने के लिए बाध्य हैं।

**पाकिस्तान फिर नाकाम**

### आईएमएफ की शर्तें नहीं कर सका पूरी

*पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के 7 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज की दूसरी समीक्षा में पांच में से तीन लक्ष्यों को हासिल करने में विफल रहा। इससे भारत का यह रुख सही साबित हुआ कि पाकिस्तान का कर्ज लेने और आईएमएफ की शर्तों को लागू करने का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। संघीय राजस्व बोर्ड (एफबीआर) 12.3 लाख करोड़ रुपए के कुल राजस्व संग्रह लक्ष्य और 'ताजिर दोस्त योजना' के तहत 50 अरब रुपए जुटाने में नाकाम रहा। यह योजना असंगठित अर्थव्यवस्था पर असर डालने में पूरी तरह विफल साबित हुई। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी वित्तीय संचालन सारांश में यह भी सामने आया है कि प्रांतीय सरकारें भी 1.2 लाख करोड़ रुपए की बचत के लक्ष्य से चूक गईं, क्योंकि खर्च में भारी वृद्धि हुई।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109